राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 09
लखनऊ, शनिवार 24 अगस्त 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



ग्राम चौपालों को बनाएं और अधिक प्रभावी : केशव प्रसाद मौर्य 03

फूड प्रोसेसिंग में बिहार का टैलेंट अद्भुत : शिवराज सिंह चौहान 12

## मार्स्यांगडी नदी में गिरी बस, 27 की मौत

### गोरखपुर से 40 लोगों को लेकर नेपाल जा रही थी बस, 16 घायल लोगों को बचाकर अस्पताल में कराया गया भर्ती

**नेपाली सेना ने मेडिकल टीम के साथ एमआई-17 हेलीकॉप्टर घटनास्थल पर भेजा**

एजेंसी



**काठमांडू।** गोरखपुर से नेपाल जा रही एक बस शुक्रवार को तनहूं के ऐनापहारा नामक स्थान से मार्स्यांगडी नदी में गिर गई। मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने 27 बस यात्रियों के शव बरामद किये हैं। हालांकि, नेपाल पुलिस ने बस में सवार सभी 40 यात्रियों, चालक और सहचालक की सूची जारी कर दी है लेकिन 14 मृतकों के नाम की शिनाख्त नहीं हो सकी है। घटनास्थल से 16 घायल लोगों को बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नेपाली सेना का एक हेलीकॉप्टर मेडिकल टीम के साथ दुर्घटनास्थल पर रवाना किया गया है।

कास्की पुलिस के प्रवक्ता और डीएसपी शैलेन्द्र थापा ने बताया कि भारत के गोरखपुर से 40 यात्री दो दिन पहले ही बस (यूपी-53 एफटी 7623) से पोखरा आये थे। यह सभी लोग पोखरा के माझेरी रिसॉर्ट में रुके थे। वे बुधवार और गुरुवार को रिसॉर्ट में रुके और शुक्रवार सुबह काठमांडू जाने के लिए बस से रवाना हुए थे। शुक्रवार सुबह पोखरा से काठमांडू जा रही यह बस तनहूं के ऐनापहारा नामक स्थान से मार्स्यांगडी नदी में गिर गई। हादसा होने की खबर मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और नदी के किनारे फंसी बस से यात्रियों को निकालना शुरू किया। कास्की पुलिस प्रमुख एसपी मोहन थापा ने बताया कि दोपहर एक बजे तक 14 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। 17 घायल लोगों को बचाकर अस्पताल भेजा गया है। तनहूं के डीएसपी दीपक कुमार राय ने कहा कि बचाव कार्य जारी रहने से मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ सकती है। उनके मुताबिक बस में ड्राइवर और सह चालक समेत 43 लोग सवार थे। इनमें अनंत ओंकार इंगले (58), सीमा अनंत इंगले (45), सुहास राणे (49), सरला सुहास राणे (40), चंदना सुहास राणे (17),सुनील जगन्नाथ धांडे (62), नीलिमा सुनील धांडे (52), तुलसीराम तायड़े (64), सरला तुलसीराम तायड़े (58), आशा समाधान बविस्कर (52), रेखा प्रकाश सुखाड़े (40), प्रकाश नत्थू सुखाड़े (52), मंगला विलास राणे (53), सुधाकर कठीराम जावले (56), रोहिणी सुधाकर जावले (48),विजया करु जावले (59), भारती प्रकाश जावले (52), संदीप राजाराम सरोदे (52), पल्लवी संदीप सरोदे (42), गोकर्णी संदीप सरोदे (23), हेमराज राजाराम सरोदे (56), रूपाली हेमराज सरोदे (50), अनूप हेमराज सरोदे (25), गणेश पांडुरंग भारंबे (31), सुलभा पांडुरंग भारंबे (60) पाटील (55), अनिता अविनाश पाटिल (44) आदि हैं।

#### सीएम ने नेपाल बस हादसे का लिया संज्ञान, एसडीएम महाराजगंज को घटनास्थल पर भेजा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पड़ोसी देश नेपाल में हुए बस हादसे का संज्ञान लिया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने एसडीएम महराजगंज को घटना स्थल पर भेजा है। इसके बाद राहत आयुक्त जीएस नवीन ने नेपाल सरकार के अधिकारियों से वार्ता की। राहत आयुक्त ने बताया कि विदेश मंत्रालय नेपाल डिवीजन के अनुसार शुक्रवार पूर्वाह्न 11.30 बजे यूपी परिवहन निगम की बस (यूपी 53 एफडी 7623) में चालक और एक सहायक सहित 41 यात्री सवार थे। यह बस नेपाल के तनहूं जिले के अम्बुखेरेनी क्षेत्र में मार्स्यांगडी नदी में लगभग 150 मीटर नीचे गिर गई। उप्र.सरकार ने एसडीएम महराजगंज को घटना स्थल पर भेजा है। उल्लेखनीय है कि गोरखपुर से नेपाल जा रही एक बस शुक्रवार को तनहूं के ऐनापहारा नामक स्थान से मार्स्यांगडी नदी में गिर गई।

#### बस दुर्घटना के सभी यात्रियों की हुई पहचान, महाराष्ट्र के जलगांव से गए थे नेपाल

**काठमांडू।** तनहूं के ऐनापहारा नामक स्थान से मार्स्यांगडी नदी में गिरी बस में सवार सभी यात्रियों की पहचान हो गई है। महाराष्ट्र के जलगांव निवासी सभी यात्री नेपाल यात्रा पर निकले थे। सभी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर होते हुए नेपाल पहुंचे थे और आज सुबह बस पोखरा से काठमांडू जा रहे थे। कास्की पुलिस के प्रवक्ता और डीएसपी शैलेन्द्र थापा ने बताया कि भारत के गोरखपुर से 43 यात्री दो दिन पहले ही बस (यूपी-53 एफटी 7623) से पोखरा आये थे। यह सभी लोग पोखरा के माझेरी रिसॉर्ट में रुके थे। वे बुधवार और गुरुवार को रिसॉर्ट में रुके और शुक्रवार सुबह काठमांडू जाने के लिए बस से रवाना हुए थे।शुक्रवार सुबह पोखरा से काठमांडू जा रही यह बस तनहूं के ऐनापहारा नामक स्थान से मार्स्यांगडी नदी में गिर गई। भारत की केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने अपने एक्स पर लिखा, वो लगातार काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में है और घायल यात्रियों के इलाज में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

## श्रवण साहू मर्डर केस में कोर्ट ने आठ लोगों को दी उम्रकैद की सजा

**सीबीआई कोर्ट ने सभी पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के व्यापारी श्रवण साहू मर्डर केस में सीबीआई कोर्ट ने 8 दोषियों उम्रकैद की सजा सुनाई है। मामले में हिस्ट्रीशीटर अकील अंसारी, सत्यम पटेल, अमन सिंह, विवेक वर्मा, बाबू खान, फैसल, अजय पटेल, रोहित मिश्रा को उम्रकैद की सजा मिली है। कोर्ट ने सभी पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

सआदतगंज में रहने वाले व्यापारी श्रवण साहू की हत्या 1 फरवरी 2017 को उनके घर के सामने गोली मारकर कर दी गई थी। वह अपने बेटे के हत्यारों के खिलाफ अदालत में केस लड़ रहे थे। श्रवण के बेटे आयुष साहू की हत्या साल 2013 में कर दी गई थी, जिसके वह इकलौते गवाह थे। कोर्ट के फैसले पर श्रवण साहू की पत्नी निर्मला और बड़े बेटे सुनीत साहू ने कहा कि अकील और सत्यम को फांसी दी जाए इनके लिए उम्रकैद की सजा सही नहीं है। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ से भी मांग करते हुए कहा कि परिवार की मदद करें और अकील अंसारी और सत्यम को फांसी की सजा दिलवाएं। पिता और भाई की हत्या के बाद अभी भी हम लोगों में खौफरहता है। अकील अंसारी को प्रदेश के बाहर जेल में शिफ्ट किया जाए और हम लोग को जो सुरक्षा दी गई है वह बरकरार रखी जाए। अकील जेल से अपना गिरोह अभी भी चला रहा है। एक फरवरी 2017 की रात करीब 8 बजे सआदतगंज के बड़े चौराहे पर तेल कारोबारी श्रवण कुमार साहू अपनी दुकान पर हिसाब किताब कर रहे थे, तभी एक बाइक से दो शूटर पहुंचे और श्रवण साहू को ताबड़तोड़ पांच गोलियां मारी। जिसमें एक गोली श्रवण साहू के सिर में लगी। घटना को अंजाम देकर दोनों उसी बाइक से फरार हो गए। श्रवण साहू को आनन-फानन में ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। श्रवण साहू के छोटे बेटे आयुष साहू की हत्या 16 अक्टूबर 2013 को कैंपवेल रोड पर एक बीयर शॉप में हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

**एनआईए ने माओवादी समर्थकों व कार्यकर्ताओं के घर मारे छापे**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच ब्यूरो (एनआईए) ने झारखंड में सीपीआई (माओवादी) समर्थकों और कार्यकर्ताओं के घर पर गुरुवार को छापेमारी की। एनआईए ने शुक्रवार को भी चाईबासा में संदिग्धों के घरों की तलाशी ली। एनआईए के मुताबिक यह छापेमारी जुलाई 2022 में चाईबासा जिले के आनंदपुर इलाके में सीपीआई (माओवादी) के शीर्ष नेताओं को संबोधित आपत्तिजनक पत्रों की बरामदगी से संबंधित है। एनआईए ने स्थानीय पुलिस से जांच अपने हाथ में लेने के साथ अगस्त 2023 में नौ आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एनआईए के मुताबिक, नक्सली गतिविधियों को अंजाम देने में प्रतिबंधित संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व की सहायता कर रहे संदिग्धों की तलाश में झारखंड के चाईबासा में तीन जगहों पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत एनआईए की टीम ने पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधर पुलिस स्टेशन के गांव पुसलाता, गुआ पुलिस स्टेशन के गांव लिपुंगा और जेटेया पुलिस स्टेशन के गांव बुरु रेंगरा में स्थित संदिग्धों के घरों की सघन तलाशी ली।

**नौ अतिरिक्त जजों ने ली स्थायी न्यायाधीश पद की शपथ**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के नौ अतिरिक्त न्यायमूर्तियों ने शुक्रवार को स्थायी न्यायाधीश पद की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने अपने न्याय कक्ष में आयोजित सादे समारोह में शपथ दिलाई। शपथ समारोह में सभी न्यायमूर्तिगण, न्यायिक अधिकारीगण व भारी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए। स्थायी जज की शपथ लेने वालों में न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी, न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम, न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता, न्यायमूर्ति नंदप्रभा शुक्ला, न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र, न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार, न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ल एवं न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल शामिल हैं।

**बैलेंस का झंझट खत्म, टोल प्लाजा पर नहीं रुकेगी गाड़ी**

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमों में बदलाव करके फास्टैग में बैलेंस कम होने के झंझट को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। आरबीआई के इस नए नियम की वजह से अब बैलेंस कम होने के कारण टोल प्लाजा पर गाड़ियों के रुकने की आशंका खत्म हो जाएगी और गाड़ियां फर्राटे से टोल प्लाजा को पार कर जाएंगी। आरबीआई की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक केंद्रीय बैंक ने फास्टैग और नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड को ई-मैंडेट फ्रेमवर्क में शामिल कर लिया है। ऐसा हो जाने से इन दोनों पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स में निर्धारित लिमिट से पैसा कम होते ही ग्राहक के बैंक अकाउंट से जरूरत के मुताबिक पैसा खुद इन पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स में आ जाएगा?। इसका एक फायदा ये भी होगा कि अब ग्राहकों को बार-बार अपने फास्टैग को रिचार्ज नहीं करना पड़ेगा।

## यूपी : चल अचल संपत्ति घोषित नहीं की तो 13 लाख सरकारी कर्मियों की सैलरी पर संकट

**यूपी में हैं 17.88 लाख सरकारी कर्मचारी, 4.64 लाख ने ही दिया पोर्टल पर अपना विवरण**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों की अगस्त महीने की सैलरी पर तलवार लटक रही है। राज्य के 17.58 लाख सरकारी कर्मचारियों में से सिर्फ 4.64 लाख कर्मचारियों को ही अगस्त महीने की सैलरी मिल सकती है।

यानी राज्य के 13.23 लाख सरकारी कर्मचारी अगस्त महीने की सैलरी से वंचित हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों की सैलरी पर ये संकट राज्य सरकार द्वारा पिछले साल अगस्त में जारी आदेश की वजह से आया है। इस आदेश के मुताबिक सभी कर्मचारियों को अपनी चल-अचल संपत्ति की जानकारी सरकारी पोर्टल पर देने का नियम बनाया गया था। इस आदेश के तहत 31 दिसंबर 2023 तक सारी जानकारी सरकारी पोर्टल मानव संपदा पर अपलोड की जानी थी। हालांकि इस समय सीमा का पालन नहीं होने पर राज्य सरकार ने चल अचल संपत्ति की जानकारी देने की समय सीमा को और 6 महीने बढ़ते हुए 30 जून तक कर दिया। इसके बाद ये समय सीमा बढ़ा कर 31 जुलाई की गई। अंत में राज्य सरकार ने संपत्ति डिक्लेअर करने की अंतिम डेडलाइन 31 अगस्त तय कर दी। उत्तर प्रदेश में मौजूदा समय में 17.88 लाख सरकारी कर्मचारी हैं। इनमें से अभी तक सिर्फ 4.64 लाख सरकारी कर्मचारियों ने ही अपनी चल अचल संपत्ति की जानकारी सरकारी पोर्टल पर दी है, जबकि 13 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारीयों ने कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है।

## राजधानी में डॉक्टरों की हड़ताल वापस, आज से काम पर लौटेंगे

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में केजीएमयू और लोहिया संस्थान के रेजीडेंट डॉक्टरों ने हड़ताल वापस ले लिया है। 10 दिन से चल रहा धरना गुरुवार की शाम को खत्म कर दिया। बांह पर काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। कोलकता की घटना को लेकर ये डॉक्टर प्रदर्शन कर रहे थे।

डॉक्टरों के प्रदर्शन के बाद रोजाना बड़ी संख्या में मरीजों को बिना इलाज वापस लौटना पड़ रहा था। हड़ताल का सबसे ज्यादा असर एसजीपीजीआई और लोहिया संस्थान के मरीजों पर पड़ा था। यहां ओपीडी में नए मरीजों का इलाज पूरी तरह से ठप रहा। यहां ऐसे मरीजों की बड़ी संख्या थी, जो दूर दराज से इलाज के लिए पहुंच रहे थे। आज यानि गुरुवार को भी केजीएमयू, पीजीआई और लोहिया संस्थान में प्रदर्शन का असर देखने को मिला था। जबकि, जिला अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टरों ने अपने उच्च अधिकारी को लिखित ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद गुरुवार से आधे से अधिक डॉक्टर ड्यूटी पर वापस आ गए थे। उधर सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा था कि अगर कोई डॉक्टर अस्पताल में नहीं आ रहा है तो उसे गैर हाजिर माना जाएगा। हड़ताल से सबसे ज्यादा लोहिया संस्थान के मरीज प्रभावित रहे। यहां 300 के करीब रेजिडेंट डॉक्टर हैं।

### सीएम योगी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से की भेंट



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दिल्ली में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। उप राष्ट्रपति के आवास पर पहुंचकर सीएम योगी ने उनका हालचाल जाना। उप राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के विकास मॉडल की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने के लिए आपका हार्दिक आभार।

## एसटीएफ ने महिला पुलिसकर्मी समेत चार को हिरासत में लिया

**सिपाही भर्ती परीक्षा पर फिर संकट के बादल**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में पेपर लीक के कारण एक बार रद्द हो चुकी सिपाही भर्ती परीक्षा पर फिर से संकट के बादल मंडरा रहे हैं। 23 अगस्त से शुरू हुई परीक्षा से ठीक पहले यूपी पुलिस की एसटीएफ ने एक महिला पुलिसकर्मी समेत 4 लोगों को हिरासत में लिया है। इनपर परीक्षा में या किसी अन्य तरीके से पेपर सॉल्वर को शामिल करने का आरोप है।

यूपी पुलिस के अधिकारियों ने अभी इस बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन सूत्रों का दावा है कि चारों से पूछताछ की जा रही है, जिसमें कुछ अहम जानकारियां मिली हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक एसटीएफ ने एक महिला सिपाही को गोरखपुर जिले के बांसगांव स्थित उसके घर से हिरासत में लिया है। महिला सिपाही की तैनाती श्रावस्ती में है।

महिला कांस्टेबल के मोबाइल में 5 एडमिट कार्ड मिले हैं, जिसके बारे में उससे पूछताछ की जा रही है। एसटीएफ ने यह नहीं बताया है कि पांचों प्रवेश पत्र किस परीक्षा केंद्र के हैं और पूछताछ में अब तक क्या जानकारी मिली है। एसटीएफ की हिरासत में मौजूद महिला सिपाही का नाम पिंकी सोनकर है। श्रावस्ती जिले के कोतवाली भिनगा में तैनात पिंकी सोनकर का तीन अगस्त को सिविल कोर्ट के पास एक्सीडेंट हो गया था। हादसे में उनका हाथ और पैर टूट गया। प्राथमिक उपचार के बाद वह अपने घर गोरखपुर चली गई।यूपी एसटीएफ ने महिला सिपाही के अलावा तीन लड़कों को भी हिरासत में लिया है। माना जा रहा है कि महिला कांस्टेबल से मिली जानकारी के आधार पर इन तीनों को हिरासत में लिया गया।

#### इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से नकल करते पकड़ा गया अभ्यर्थी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पुलिस भर्ती परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से नकल कर रहे अभ्यर्थी को पकड़ा गया है। पुलिस ने हिरासत में लेकर युवक से पूछताछ शुरू कर दी है। रायबरेली नहर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस भर्ती परीक्षा आचार्य द्विवेदी इंटर कॉलेज में चल रही थी। परीक्षा केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ एक अभ्यर्थी परीक्षा दे रहा था। इसी बीच केंद्र के अंदर मौजूद कर्मचारियों की नजर परीक्षार्थी पर पड़ी तो उन्हें शक हुआ और ध्यान दिया गया तो पता चला कि अभ्यर्थी किसी डिवाइस का इस्तेमाल परीक्षा में कर रहा है। पुख्ता जानकारी होने पर कक्ष निरीक्षक ने प्रभारी को जानकारी दी,जिससे केंद्र में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस अभ्यर्थी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पकड़ा गया अभ्यर्थी औरैया जनपद का है।

### सुप्रीम कोर्ट के आग्रह के बावजूद बंगाल के डॉक्टर नहीं खत्म करेंगे हड़ताल

**कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट के अनुरोध के बाद पश्चिम बंगाल को छोड़कर देशभर के अस्पतालों में डॉक्टरों ने हड़ताल खत्म करने के संकेत दिए हैं। कयास लगाए जा रहे थे कि शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के भी अस्पतालों में आंदोलन कर रहे डॉक्टर काम पर वापस लौटेंगे लेकिन ऐसा हुआ नहीं। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि हड़ताल जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने आर.जी. कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल मामले की सुनवाई के बाद पूरे देश के हड़ताली डॉक्टरों से काम पर लौटने की अपील की थी। पश्चिम बंगाल में हड़ताल अब भी जारी है। हड़ताली डॉक्टरों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक सभी आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होती, हड़ताल खत्म नहीं की जाएगी।

## सीबीआई मामले में केजरीवाल को राहत नहीं, पांच सितंबर को सुनवाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली और इसी मुकदमे में जमानत की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई पांच सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी है।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उनकी याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई पांच सितंबर को करेगी, ताकि जवाबी हलफनामा दाखिल किया जा सके। सुनवाई के दौरान पीठ के समक्ष सीबीआई ने श्री केजरीवाल की याचिकाओं का यह कहते हुए जोरदार विरोध किया कि अगर उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाता है, तो वह सबूतों से छेड़छाड़ कर जांच को बाधित कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने 14 अगस्त को सीबीआई को (दोनों याचिकाओं पर) अपना पक्ष रखने का निर्देश देते हुए कहा था कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 23 अगस्त को करेगी। श्री केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से पांच अगस्त को अपनी याचिका ठुकरा दिए जाने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

## भारत व अमेरिका मिलकर सुनिश्चित कर सकते हैं वैश्विक शांति व समृद्धि

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत-अमेरिका संयुक्त रूप से दुर्जेय शक्ति हैं और ये दोनों मिलकर वैश्विक शांति और समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं। अमेरिका की यात्रा पर गये श्री सिंह ने भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि मोदी सरकार मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध भारत बनाना चाहती है।

रक्षा मंत्री ने भारत व अमेरिका को स्वाभाविक सहयोगी बताते हुए कहा कि मजबूत भागीदारी नियति है और इस दिशा में सहयोग लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में वैश्विक मंच पर भारत का कद बढ़ा है। उन्होंने कहा, इससे पहले अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की बातों पर ध्यान नहीं दिया जाता था। श्री सिंह ने कहा कि 2014 से पहले, भारत 'कमजोर पांच' देशों में से एक था, जैसा कि निवेश फर्म मॉर्गन स्टेनली ने कहा है लेकिन आज यह दुनिया की 'शानदार पांच' अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने कंपनी की हालिया रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के प्रति सरकार की नीतियों ने यह सुनिश्चित किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था अन्य देशों की तुलना में ज्यादा प्रभावित नहीं हुई।

**द्विपक्षीय सहयोग** | प्रधानमंत्री मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच हुई वार्ता

## सहयोग के लिए भारत व यूक्रेन के बीच हुए चार समझौते

**कृषि, चिकित्सा, संस्कृति व मानवीय सहायता से जुड़े हैं चारों समझौते**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच शुक्रवार को कीव में व्यक्तिगत और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच बातचीत का ज्यादातर हिस्सा द्विपक्षीय संबंधों पर केन्द्रित रहा। दोनों देशों के बीच कृषि, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता से जुड़े चार समझौते भी हुए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कीव में उनके आधिकारिक आवास मरिंस्की पैलेस में वार्ता हुई। प्रधानमंत्री मोदी विशेष ट्रेन से यात्रा कर आज पौलेंड से यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे थे। दोनों नेताओं की द्विपक्षीय वार्ता के बाद विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं के बीच करीब 3 घंटे वार्ता हुई। इसमें चर्चा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा द्विपक्षीय संबंधों को समर्पित रहा। इसमें व्यापार, आर्थिक विषय, रक्षा, फार्मास्यूटिकल्स, कृषि और शिक्षा के बारे में चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भारत यूक्रेन को मानवीय सहायता प्रदान कर रहा है। अब तक 17 खेप, जिसमें से ज्यादातर चिकित्सा सामग्री है, यूक्रेन भेजी गई हैं। भारत ने आज यूक्रेन को चिकित्सा सहायता से जुड़ा भीष्म क्यूब सौंपा। उल्लेखनीय है कि भीष्म (भारत हेल्थ इनिशिएटिव फॉर सहयोग, हित एंड मैत्री) क्यूब को त्वरित प्रतिक्रिया और समग्र देखभाल पर बल देते हुए 200 हताहतों तक के उपचार के लिये तैयार किया गया है। यह एड क्यूब आपात स्थितियों के दौरान आपदा प्रतिक्रिया और चिकित्सा सहायता हेतु निर्मित कई नवोन्?मेषी उपकरणों से युक्त है। रूस-यूक्रेन युद्ध पर प्रधानमंत्री मोदी के संदेश पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत का विचार है कि समाधान खोजने के लिए दोनों पक्षों को एक-दूसरे के साथ जुड़ने की जरूरत है। यूक्रेनी पक्ष वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन में भारत की निरंतर भागीदारी चाहता है। मोदी-ज़ेलेंस्की की बातचीत कुछ हद तक सैन्य स्थिति और शांति के संभावित रास्तों पर केंद्रित रही है। विदेश मंत्री ने बताया कि वार्ता में दोनों नेताओं ने विशेष रूप से व्यापार और आर्थिक संबंधों के पुनर्निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने का काम अंतर-सरकारी आयोग को सौंपा है। इस वर्ष के अंत तक निश्चित रूप से आयोग की बैठक होगी। दोनों देशों के बीच आज कृषि एवं खाद्य उद्योग पर सहयोग, उच्च प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए भारतीय मानवीय अनुदान सहायता, वर्ष 2024-28 के लिए दोनों देशों के संस्कृति मंत्रालय के बीच सांस्कृतिक सहयोग और चिकित्सा उत्पाद विनियमन के क्षेत्र पर करार हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। 1992 में राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का यूक्रेन का यह पहला दौरा है।

# पलिया भीरा रोड पर पानी कम होने पर वाहनों का संचालन शुरू

▸ सीओ ने की चालकों से अपील, पूरी सुरक्षा के साथ बाइक का करें प्रयोग





**पलियाकलां-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बनबसा बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद पलिया भीरा रोड पर तेज बहाव के साथ नदी की बाढ़ का पानी चलने लगा था। पानी का बहाव तेज होने के चलते बुधवार की रात से प्रशासन ने वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी थी। गुरुवार को भी रोड पर वाहनों का संचालन बंद रखा गया। शुक्रवार दोपहर को पानी का बहाव कुछ कम हुआ तो प्रशासन ने रोड पर छोटे वाहनों का संचालन शुरू कर दिया। संभावना जताई जा रही है कि शनिवार से एक बार फिर रोड पर बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

आठ जुलाई को शारदा नदी से आए बाढ़ के पानी ने पलिया शहर सहित दर्जनों गांवों में अपनी दस्तक दी थी। बाढ़ के पानी ने रेलवे लाइन और अतरिया के पास निर्माणाधीन पुलिया को काट दिया था जिसके बाद करीब एक सप्ताह तक इस रोड पर छोटे बड़े सभी वाहनों का संचालन बंद हो गया था। बाढ़ का पानी कम होने के बाद महंगापुर गुरुद्वारे की संगत ने प्रशासन के साथ मिलकर पुलिया की मरम्मत का कार्य किया था जिसके बाद रोड पर छोटे वाहनों का संचालन शुरू कर दिया गया था। खास बात तो यह थी कि इसके बावजूद एक माह तक बसों का संचालन नहीं हो सका था। बस संचालन के न होने से हो रहे नुकसान व आ रही दिक्कतों पर आक्रोशित बस एसोसिएशन के पदाधिकारी ने पुलिया पर प्रदर्शन किया जिसके बाद कोतवाली में बैठक आयोजित हुई और फिर बसों का संचालन शुरू हो सका था। लेकिन अभी भी शारदा नदी से कटी रेल लाइन जस की तस पड़ी हुई है जिसके चलते बनबसा बैराज से अगर पानी छोड़ा जाता है तो वह सीधे पलिया भीरा रोड पर आ जाता है। बुधवार को एक बार फिर बनबसा बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद शारदा नदी की बाढ़ का पानी तेज बहाव के साथ पलिया भीरा रोड पर आ पहुंचा जिसके चलते प्रशासन को इस रोड पर वाहनों का संचालन बंद करना पड़ा। गुरुवार को भीरा रोड पर शारदा नदी की बाढ़ का पानी तेज बहाव से चलने के चलते पुलिस प्रशासन ने रोड पर वाहनों का संचालन पूरी तरह बंद रखा। शुक्रवार दोपहर को पानी का बहाव कुछ कम हुआ तो प्रशासन ने रोड पर छोटे वाहनों का संचालन शुरू कर दिया। संभावना जताई जा रही है कि शनिवार से एक बार फिर रोड पर बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। सीओ यादवेन्द्र यादव ने बताया कि रोड पर बाढ़ के पानी का बहाव कम होने के बाद छोटे वाहनों का संचालन शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बाइक चालकों से अपील की है कि वह पूरी सुरक्षा के साथ बाइक का प्रयोग करें क्योंकि अभी भी पानी का बहाव है।

# शारदा नदी ने तेज किया कटान, रैनी गांव के निकट चपेट में आया तटबंध, कटान जारी



**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील धौरहरा क्षेत्र के रैनी गांव के निकट भले ही बाढ़ खंड द्वारा भारी भरकम बजट वाली परियोजना के तहत जियो बैग लगाकर तटबन्ध मरम्मत का कार्य करवाया गया हो, लेकिन शारदा नदी की तेज थपेड़ों में बाढ़ खण्ड की परियोजना बहती हुई नजर आ रही है। ग्रामीणों के मुताबिक बाढ़ खण्ड द्वारा करवाये गए कार्य मे भ्रष्टाचार के दीमक ने योजना के कार्य को खोखला कर दिया, जिसके चलते वर्तमान समय मे नदी की तेज धार ने तीन स्थानों पर तटबन्ध का कटान शुरू कर दिया है।

आरोप है कि जियो बैग लगाने में कर्मचारियों द्वारा नीचे बालू भरकर सिर्फ ऊपर से बोरियां लगवाई गयी, जिसके चलते तटबन्ध कमजोर रहा और नदी बहाने में सफल हो रही है।

तटबन्ध का कटान शुरू होने से जहां बाढ़ खण्ड के अधिकारियों में हड़कम्प है, वहीं करीब आधा दर्जन गांवों का कवच बनकर बाढ़ से बचाव करने वाले तटबन्ध के कटान शुरू होने से ग्रामीण बेहद भयभीत है।

# मायके आई नवविवाहिता का फांसी पर लटका मिला शव

▸ पिता ने तीन पर दुष्कर्म के बाद हत्या करने का लगाया आरोप

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना ईसानगर क्षेत्र के एक गांव मे सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। रक्षाबंधन में अपने मायके आई बीस वर्षीय नव विवाहिता का घर के अंदर छप्पर से लटकता हुआ शव पाया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं मृतका के पिता ने गांव के ही तीन लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है।

मृतका के पिता का आरोप है कि उनकी 20 वर्षीय विवाहित पुत्री रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने मायके आई हुई थी। गुरुवार को उस का शव छप्पर में दुपट्टे से लटकता हुआ पाया गया। मृतका के पिता का आरोप है कि गांव के ही विनोद, लाला, श्री केशन पुत्रगण बृजमोहन ने सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या कर शव को छप्पर से लटका दिया और फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ईसानगर देवेंद्र गंगवार और सीओ धौरहरा पीपी सिंह मौके पर पहुंच गए तथा जांच पड़ताल करते हुए शव को जिला मुख्यालय भेज दिया। एसओ देवेन्द्र गंगवार ने बताया कि घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मौका ए वारदात की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सभी पहलुओं से जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बस व बाइक में भिड़ंत, युवक की मौके पर मौत

**मदारपुर निवासी जीतू की नाजुक हालत देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया था**

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मैंगलगंज थाना क्षेत्र के फत्तेपुर चौकी क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव के पास प्राइवेट बस व बाइक में हुई भिड़ंत से एक युवक की मौके पर मौत हो गई थी जबकि दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए थे गुरुवार को दूसरे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई ,तीसरे का इलाज जारी है।

रक्षाबन्धन के दिन लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर हिम्मतपुर गांव के पास तेज़ रफ़्तार बाइक व बस में आमने सामने भिड़ंत में मैगलगंज थाना क्षेत्र के गांव ठाकुरगंज का रहने वाला 22 वर्षीय प्रांशु पुत्र राधेश्याम मितौली थाना क्षेत्र के लल्हौआ गांव से मौसेरे भाई मोहित, व ममेरे भाई जीतू निवासी मुरादपुर को लेकर वापस अपने घर को जा रहा था तभी मैगलगंज की तरफ से आ रही सवारियों भरी बस से टक्कर हो गई थी जिसमें तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए थे मौके पर मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को मितौली सीएचसी पहुंचाया गया था जहां डॉक्टरों ने प्रांशु को मृत घोषित कर दिया था वहीं घायल दोनों युवकों को जिला अस्पताल रेफर किया गया था ,मदारपुर निवासी जीतू की नाजुक हालत देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया था जहां गत दिवस इलाज के दौरान मौत हो गई ,वही तीसरे युवक का इलाज जारी है।

# खीरी मीडिया क्लब के अध्यक्ष बने मनोज, प्रतीक को बनाया महामंत्री

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को लखीमपुर में पत्रकारों के जिलास्तरीय संगठन खीरी मीडिया क्लब का गठन शहर के कम्फर्ट इन मे हुआ। संगठन में मनोज शर्मा अध्यक्ष, प्रतीक श्रीवास्तव को महामंत्री व मयंक त्रिवेदी को जिला कोषाध्यक्ष चुना गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर शारिक खान, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक शुक्ला चुने गए। जिला मंत्री पद की जिम्मेदारी सैयद फैजल खान, रमेश मिश्रा (खमरिया) को मिली।

संयुक्त मंत्री के पद पर सर्वेश कटियार (मितौली) व अब्दुल सलीम खान (बिजुआ) का चयन हुआ। संगठन मंत्री के पद पर रितेश भसीन मन्त्री, मीडिया प्रभारी के पद पर आनन्द तिवारी, अजय मिश्रा व विधि प्रकोष्ठ संयोजक के पद पर एड सूरज सिंह चौहान को चुना गया। इसके अलावा जिला कार्यकारिणी सदस्यों में अनिल वर्मा, गोपाल गिरी, देवेश पांडे, शिवम बाजपेयी, मो साजिद खान, शादाब रज़ा, शिवम राठौर (मोहम्मदी), महबूब अली (मितौली) , राजन गुप्ता (संसारपुर), विवेक सिंह (कस्ता), प्रभाकर शर्मा, पवन तिवारी, धर्मेंद्र राजपूत व अफ़ज़ल सिद्दीकी चुने गए। पूरी कार्यकारणी का सर्वसम्मति से चयन हुआ। वरिष्ठ पत्रकार प्रशांत पांडे व देवकांत पांडे ने कार्यकारणी को शपथ दिलाई। संगठन के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि पत्रकारों का यह संगठन सकारात्मक कार्य करेगा और पत्रकारिता के मूल्यों को और उच्च स्तरीय मानदंडों पर ले जाने का कार्य करेगा।

## ग्राम पंचायतों में सचिवों की तैनाती न होने से ब्लाक के चक्कर काट रहे ग्रामीण

**निघासन खीरी।** लगभग एक माह पहले निघासन विकास खंड में कार्यरत पंचायत सचिवों का तबादला किया गया था। उनकी जगह पर नए पंचायत सचिव आ भी गए हैं। लेकिन फिर भी उन्हें किसी कारण वश अब तक कोई भी ग्राम पंचायतें आवंटित नहीं की गई है इससे विकास कार्य तो बाधित है ही साथ ही ग्रामीणों को भी बड़ी दिक्कत आ रही है। जैसे कि परिवार रजिस्टर नकल मृत्यु प्रमाण पत्र जन्म प्रमाण पत्र आदि जो भी जरूत की बहुत सारी योजनाओं से भी उनको वंचित रहना पड़ रहा है। पंचायत सचिवों के तबादले से खाली हुई पंचायतों में अब तक सचिवों की तैनाती नहीं हो सकी है। इससे प्रधान मुश्किल में हैं। गांवों में विकास कार्य बाधित होने से प्रधानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# इंडो-नेपाल बार्डर पर मोहाना नदी का जलस्तर बढ़ने से दर्जनों गांव जलमग्न

**तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

इंडो-नेपाल बार्डर पर मोहाना नदी का जलस्तर बढ़ने से दर्जनों गावँ जलमग्न हो गए हैं लोगो के आने जाने के रास्ते बंद।



पहाड़ो पर व इलाके में हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से बार्डर किनारे बह रही मोहाना नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया जिसकी वजह से बेलापरसुवा, गोलबोझी, गदनिया, रामनगर,रघुनगर,फरेंदा, एसएसबीकैम्प रघुनगर,रामनगर व डांगा सहित बार्डर के इलाके पानी से डूब गए इस दौरान बेलापरसुवा, रघुनगर, गंगानगर व फरेंदा गावँ का आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है वही हजारो एकड़ फसल पानी में डूब गई है जिससे किसानों की चिंताएं बढ़ी हुई है।

क्योंकि जुलाई में किसानों ने अपनी धान की फसलों की रोपाई की थी कि अचानक बाढ़ आने की वजह से फसले खराब हो गई थी उस समय तो किसानों ने किसी तरह धान की दुबारा रोपाई करवा कर फसल को तैयार किया था लेकिन इस समय आई बाढ़ की वजह फसले पूरी तरह से खराब हो जाएगी पानी यदि रुक गया तो धान की फसल गल जाएगी वही बन्द रास्तो पर आने जाने के लिए लोग ट्रैक्टर का सहारा ले रहे है जिसका मनमाना किराया लिया जा रहा है।

# गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि पर अवैध बसी बनगवां मंडी के पट्टे निरस्त करने की मांग

▸ शिकायतकर्ता सुलोचना गुप्ता पत्नी शिवकुमार ने डीएम को प्रार्थना पत्र सौंपकर पट्टे निरस्त करने की करी मांग

**गौरीफंटा/लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**



> लेखपाल बनगवां नितेश कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि बनगवां मंडी में गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि पर बसी 193 दुकानों का सर्वे किया जा चुका है और धारा 3 के अंतर्गत पट्टा निरस्तीकरण की कार्रवाई तहसील प्रशासन द्वारा प्रकिया में है।
>
> **नितेश कुमार,लेखपाल बनगवां खीरी।**

जनपद के पलिया तहसील क्षेत्र के अंतर्गत इंडो नेपाल बॉर्डर पर गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि पर अवैध बसी बनगवां मंडी एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गई है।

आपको बता दें कि सरकार द्वारा थारू जनजाति के लोगों को गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि कृषि कार्य कर जीवकोपार्जन हेतु भरण पोषण के लिए आवंटित की गई थी लेकिन आलम यह है कि पिछले लगभग दस वर्षों में गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि पर लगभग दो सौ अवैध दुकानों का आंकड़ा पार कर चुकी है, थारूओं ने धन के लालच में सरकारी जमीन को व्यापार का जरिया बना लिया है तथा स्टांप पेपर पर फर्जी लिखा पढ़ी कर दो दो लाख रुपये एडवांस पगड़ी लेकर दस हजार से पंद्रह हजार रु प्रति दुकान से किराया वसूल किया जाता है,सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील प्रशासन की मिली भगत से बनगवां मंडी में अवैध अतिक्रमण तथा गैर कानूनी कार्यों को बखूबी अंजाम दिया जा रहा है, यही कारण है कि शिकायतकर्ता द्वारा कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, आपको बता दे कि प्रार्थिनी सुलोचना गुप्ता पत्नी शिवकुमार गुप्ता निवासी मोहल्ला बाजार प्रथम पलिया कलां खीरी ने जिलाधिकारी खीरी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर पट्टे निरस्त कर कार्यवाही करने की मांग की है, सुलोचना गुप्ता द्वारा प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि प्रेम किशोर, नंदकिशोर, सुनील कुमार पुत्रगण शंकर जिनके पूर्वजों को भूमि खाता संख्या 0006 गाटा सं 160,164 आदि 123 किता आदि 9.499 हे0 स्थित ग्राम बनगवां कृषि कार्य करने के लिए जीवकोपार्जन हेतु गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट के तहत भूमि पट्टे पर आवंटित की गई थी लेकिन उक्त लोग उपरोक्त भूमि को दो दो लाख रु प्रति व्यक्ति लेकर राजीव गुप्ता, शरद गुप्ता, वरुण गुप्ता, अचल सक्सेना, संजय गुप्ता, लालू गुप्ता, विपिन गुप्ता, संजीव गुप्ता,विवेक गुप्ता, नागेश गुप्ता, बाटू गुप्ता, किशन गुप्ता, सूरज गुप्ता, सपना गुप्ता,रवि गुप्ता आदि लोगों को विक्रय कर दिया गया है तथा दो-दो लाख रुपए प्रति व्यक्ति लेकर कब्जा दिलवा दिया गया है।

जिसमें उक्त लोग टीन सेट डालकर व फड़ लगाकर अपना-अपना व्यवसाय कर रहे हैं जबकि उक्त गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि कृषि कार्य के लिए दी गई थी जोकि गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट के प्रावधान के विपरीत है जिस कारण उक्त भूमि के पट्टे निरस्त करके राज्य सरकार में भूमि समाहित किया जाना आवश्यक है।

# पुलिस को अमानत में खयानत करने का मामला दर्ज करने का आदेश

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

अदालत ने सिंगाही पुलिस को पलिया निवासी सुनीता पाण्डे के खिलाफ अमानत में खयानत करने का मामला दर्ज करने के आदेश दिए हैं। सिंगाही पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिंगाही के व्यापारी ऋषभ जैन की जान पहचान पलिया के राकेश मिश्रा के साथ थी। राकेश मिश्रा के माध्यम से सुनीता पाण्डे पत्नी सुनित पाण्डे से हुई। आरोप है कि ऋषभ जैन से सुनीता पाण्डे ने अपने पति की बीमारी का बताकर पैसे मांगे। ऋषभ ने ऑनलाइन व नगद पैसे दिए ऋषभ ने जब पैसे मांगे तो सुनीता पाण्डे टालमटोल करने लगी। बाद में सुनीता ने उससे अपना प्लाट बेचने की बात कही। ऋषभ जैन के सुनीता पाण्डे पर कुल 13 लाख 83 हजार 890 रुपये पहुंच गए। आरोप है कि जब ऋषभ जैन ने प्लाट नाम कराने के लिए कहा तो सुनीता पाण्डे गाली गलौज कर झूठे मुकदमे में फ़साने की धमकी दे दाली लिहाजा उन्होंने न्यायालय की शरण ली।

थानाध्यक्ष अमित कुमार भदौरिया ने बताया कि मामले में न्यायालय के आदेश पर सुनीता पाण्डे के खिलाफ अमानत में खयानत व गाली गलौज का मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सीएचसी ने आयोजित किया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

▸ 53 मरीजों के परीक्षण में एक मिला मलेरिया पॉजीटिव

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



> सीएचसी अधीक्षक डॉ देवेंद्र सिंह ने बताया कि टीम बी दानपुर में स्वास्थ शिविर कैंप में 170 मरीज़ और 60 मलेरिया जांच करके दवाएं वितरित की गई, जिसमें 3 लोग मलेरिया जांच में पॉजिटिव निकले, चिकित्सा अधिकारी डॉ केके भार्गव, लैब टेक्नीशियन अमित कुमार, फार्मासिस्ट नरेंद्र सिंह, स्टाफ नर्स सरिता मिश्रा, ऑप्टो अभिषेक मिश्र द्वारा कैंप लगाया गया।

बुखार के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीमे गांव-गांव शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने शुक्रवार को ग्राम नरदवल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण कर मरीजों का हाल जाना। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान द्वारा शुक्रवार को नरदवल गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों की जांच की गई और निःशुल्क दवा वितरित की गई?। साथ ही गांव में संक्रामक रोगों से बचाव के लिए एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया गया। सीएचसी अधीक्षक डा अमित बाजपेई ने लोगों को मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों और उनसे बचाव के उपाय बताए। सीएचसी अधीक्षक डा अमित बाजपेई ने लोगों से अपील किया कि घरों में और आस-पास साफ-सफाई रखें और जल भराव न होने दें। जो मच्छर डेंगू फैलाता है उसकी मादा साफ पानी में अंडे देती है, इस लिए कहीं भी साफ पानी कई दिनों तक इकट्ठा न होने दें। गमले, पुराने बर्तन टायरों में पानी न जमा होने दें। कूलर की हर हफ्ते सफाई करें।

इस मौके पर ग्राम प्रधान नरदवल राम सरन, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शरद, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक विनीत अवस्थी, लैब असिस्टेंट सौरभ सिंह, फार्मासिस्ट नरेंद्र मोहन, स्टाफ नर्स अंकित सिंह और आशा संगिनी सहित काफी लोग मौजूद रहे। सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने बताया सीएचसी क्षेत्र के नरदवल गांव में मरीजों को दवा दी गई। जिसमें 52 लोगों की जांच में एक मरीज मलेरिया पॉजिटिव मिला है वायरल फीवर को देखते हुए गांवों में स्वास्थ्य कैंपों का आयोजन किया जा रहा है इसके लिए टीमें बनाई गई है। जो अलग अलग गांवों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करा रहीं हैं। लोगों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाएं भी दी जा रहीं।




## डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या मामले में हिन्दू रक्षा समिति ने निकाली पदयात्रा

**लखीमपुर खीरी।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या मामले में हिन्दू रक्षा समिति ने शहर के मुख्य मार्गों पर पदयात्रा निकाली। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुये अत्याचार और कोलकाता में महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या का मामला दिन पर दिन गरमाता जा रहा है जहां लखीमपुर शहर में भी आक्रोश व्याप्त है लखीमपुर शहर के विभिन्न मार्गों पर शुक्रवार को हिंदू रक्षा समिति के द्वारा पद यात्रा निकाली गई है। पदयात्रा में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे पद यात्रा के दौरान सदर विधायक योगेश वर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर ईरा भी शामिल हुई हैं। सदर विधायक योगेश वर्मा ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचार को लेकर कहा है कि हिंदुओं को संरक्षण देना चाहिए। बांग्लादेश में जिस तरह से हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है वह भारत के हिंदू बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# डीएम ने व्यू कटर थ्री-डी माडल से समझी मेडिकल कॉलेज की संरचना

▸ निर्माण में सुस्ती पर डीएम खफा, निर्माण एजेंसी को लगाई कड़ी फटकार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल ब्लाक और ट्रांजिट हास्टल भवन का निर्माण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति जानी और संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज निर्माण की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए फटकार लगाई। सर्वप्रथम डीएम ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल ब्लाक परिसर का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंची, जहां उन्होंने मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य व गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। निर्देशित किया कि मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य समयबद्ध व गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

डीएम के पूछने पर कार्यदाई संस्था पीडब्लूडी निर्माण खंड प्रथम लखनऊ के ईई ने बताया कि हॉस्पिटल ब्लाक में 58.98 प्रतिशत काम हुआ है। युद्धस्तर पर काम जारी रखते हुए पूरा कर लिया जाएगा। निर्माण की धीमी प्रगति पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जाहिर कर फटकार लगाई। कहा कि गत डेढ़ वर्ष में हॉस्पिटल ब्लॉक का निर्माण 58.98 फीसदी हुआ, तो नवंबर तक कार्य को कैसे पूरा कराएंगे ? इस संबंध में उन्होंने विशेष प्रयास कर निर्माण कार्य मिशन मोड में तय समय में हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिए।

निर्देश दिए कि पीडब्ल्यूडी निरंतर मेडिकल कॉलेज निर्माण का अनुश्रवण, पर्यवेक्षण करें। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, सीएमएस डॉ ज्योतिमल्होत्रा, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड प्रथम पीडब्लूडी लखनऊ के ईई अशोककुमार, प्रोजेक्ट इंजीनियर डीडीएफ अनिरुद्ध मौर्य, प्रोजेक्ट मैनेजर एनकेजी इंफ्रा पवन पांडे, ईई अनिल कुमार यादव, डीएसटीओ अरविंद कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीएम ने निर्माणाधीन ट्रांजिट हास्टल भवन का भरवाया सैंपल

इसके बाद डीएम ने ट्रांजिट हास्टल भवन का निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने जांच के लिए उपयोग में लाई गई सीमेंट, ईट आदि निर्माण सामग्री का सैंपल भरवाया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पाया कि 16 आवासों (तृतीय तल) के स्लैब का कार्य पूर्ण हैं, चिनाई, प्लास्टर, खिड़की एवं फर्श का कार्य प्रगति पर है। सभी तलों के स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण है। भवन के सभी तलों के आन्तरिक सतहों के प्लास्टर का कार्य पूर्ण एवं बाहरी साइड की प्लास्टर का कार्य प्रगति में मिला। भूतल की फर्श का कार्य पूर्ण है तथा शेष तलों में फर्श का कार्य प्रगति में है। भवन के तलों पर वाल पुट्टी का कार्य, दरवाजे, खिड़कियों का कार्य प्रगति में है। वही कार्य पूर्ण करने में विलम्ब करने हेतु ठेकेदार के अनुबन्ध पर रू. 03 लाख की एलडी के रूप में पेनाल्टी लगायी गयी है। डीएम ने बारीकी से पूरे परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। सारे निर्माण कार्य को पूर्ण करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था को 15 अक्टूबर तक परियोजना के समस्त कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करते हुए हैंडओवर करने के निर्देश दिया। डीएम के पूछने पर पीडब्लूडी के ईई केके झा ने बताया कि निर्माणाधीन ट्रांजिट हॉस्टल परियोजना की कुल स्वीकृत लागत रु. दो करोड़ चौतीस लाख रुपए है। परियोजना की शुरुआत 27 अगस्त 2021 में हुई थी। इस ट्रांसिट हॉस्टल भवन में जी+3 कुल 16 आवास स्वीकृत है। निरीक्षण के दौरान थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन के लिए पीडब्लूडी निर्माण खंड तृतीय के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार यादव, डीएसटीओ अरविंद कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## तलाश गस्ती



**गुमशुदा का नाम-** रानी देवी
**पति का नाम-** श्री बिन्दादीन प्रजापति
**पता-** ग्राम ईंटकुटी
**थाना-** हरचन्दपुर जनपद, रायबरेली
**मु.अ.सं.-** सी 364/23
**धारा-** 366/504/506 भा.द.वि.
**गुमशुदा होने का दिनांक-** 15.06.23 समय अ.त.
**उम्र-** लगभग 40 वर्ष
**हुलिया-** रंग-गेहुंआ,चेहरा,-गोल, सामान्य शरीर, आँख, नाक, कान, औसत लम्बाई, लगभग 05 फुट 05 इंट
**पहनावा-** साड़ी पहनी है।
**विवरण-** श्री बिन्दादीन प्रजापति पुत्र श्री रामेश्वर प्रजापति निवासी ग्राम ईंटकुटी थाना हरचन्दपुर जिला रायबरेली मो.नं. 7518637142

अतः अनुरोध है कि गुमशुदा के सम्बन्ध में कोई सूचना मिलने पर थाना स्थानीय को एवं निम्नलिखित नं. पर सूचित करने का कष्ट करें।

**सम्पर्क सूचना-**

1. श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय महराजगंज रायबरेली- 9454401515
2. थानाध्यक्ष थाना हरचन्दपुर जनपद रायबरेली- 9454404132
3. जांचकर्ता उ.नि. श्री उपेन्द्र सिंह भदौरिया थाना हरचन्दपुर जनपद रायबरेली - मो.नं. 9415503376

# संजय कुमार सिंह ने संभाला एलडीए में नजूल अधिकारी का पदभार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने हाल ही में एलडीए में नजूल अधिकारी के महत्वपूर्ण पद पर उपजिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की नियुक्ति की है। यह नियुक्ति उत्तर प्रदेश शासन के नियुक्ति अनुभाग तीन द्वारा की गई है। संजय कुमार सिंह ने अपने नए पद का कार्यभार संभाल लिया है और अब से वह नजूल अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

इस नई जिम्मेदारी के तहत संजय कुमार को एलडीए में नजूल संबंधी मामलों की देखरेख करनी होगी, जिसमें सरकारी भूमि और उससे संबंधित विभिन्न मुद्दों का प्रबंधन शामिल है।

संजय कुमार सिंह इससे पहले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में विशेष कार्याधिकारी ओएसडी के रूप में तैनात थे। वहां उन्होंने महत्वपूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारियों को निभाया और निर्वाचन से जुड़े कार्यों का सफलतापूर्वक संचालन किया। एलडीए के कर्मचारियों और अधिकारियों ने भी उनका स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## पूर्व विधायक के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता राज्य सभा एवं आराधना मिश्रा मोना, नेता, कांग्रेस विधान मण्डल दल, उ.प्र. ने पूर्व विधायक स्व. भोला पाण्डेय के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की है और उनके परिजनों, समर्थकों एवं शुभ चिन्तकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। श्री तिवारी ने कहा है कि स्व. भोला पाण्डेय जी कांग्रेस के प्रति पूरी तरह से समर्पित सिपाही थे, और आजीवन कांग्रेस पार्टी में बने रहे। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इन्दिरा गॉंधी जी की गिरफ्तारी के विरोध में उन्होंने शांति पूर्वक अहिंसात्मक ढंग से प्रदर्शन किया था। एक विधायक के रूप में वे मेरे साथ थे और वे संसदीय ज्ञान के धनी थे।

# नियमों को दरकिनार करते हुए एरा मेडिकल कॉलेज में अवैध निर्माण जारी

▶ मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति एलडीए अधिकारी पर बेअसर

समृद्धि न्यूज




एरा मेडिकल कॉलेज में 9 अवैध रूप से व्यावसायिक विशाल बहुमंजिला इमारतें तैयार की गई है। जिसमें से 7 इमारतों के धवस्तीकरण के आदेश है। वही एलडीए विभाग द्वारा एक बहूमंजिल इमारत पर सीलिंग की कार्रवाई 2020 में की गई थी। जो वर्तमान समय में अध्यासित है। इसके बाद भी एरा मेडिकल कॉलेज में बिना नक्शे के एक और बहुमंजिला इमारत तैयार की जा रही है।

**लखनऊ।** योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति एलडीए विभाग पर बेअसर साबित हो रही है। प्रभावशील निर्माणकर्ता के आगे एलडीए प्रवर्तन जोन-7 के अधिकारी नत मस्तक हैं। ऊपर से लेकर नीचे तक अधिकारी अपनी कार्यप्रणाली में तनिक भी बदलाव करते नहीं दिख रहें हैं।

मंडलायुक्त और उपाध्यक्ष लगातार अवैध निर्माण के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के अधिकारी को आदेश दे रहे हैं। लेकिन सभी नियमों को दरकिनार करते हुए एरा मेडिकल कॉलेज में अवैध निर्माण बदस्तूर जारी है। यही कारण है कि एलडीए प्रवर्तन जोन-7 के अधिकारियों की मनमानी से पुराने शहर में अवैध निर्माण बढ़ता जा रहा है। यहां संकरी गलियों में व्यावसायिक बहुमंजिला इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। विदित हुआ की एरा मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य में अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप है। जानकारी के अनुसार एरा मेडिकल कॉलेज में 9 अवैध रूप से व्यावसायिक विशाल बहुमंजिला इमारतें तैयार की गई है। जिसमें से 7 इमारतों के धवस्तीकरण के आदेश है। वही एलडीए विभाग द्वारा एक बहूमंजिल इमारत पर सीलिंग की कार्रवाई 2020 में की गई थी। जो वर्तमान समय में अध्यासित है। इसके बाद भी एरा मेडिकल कॉलेज में बिना नक्शे के एक और बहुमंजिला इमारत तैयार की जा रही है। निर्माणकर्ता द्वारा सभी नियम-कानून को अनदेखा किया जा रहा है। जो मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति के बावजूद, अधिकारी पर कोई असर नहीं हो रहा है। हालांकि एलडीए अधिकारी एरा हॉस्पिटल में चल रहे अवैध निर्माण पर चुप्पी साध ली है। एलडीए अधिकारियों ने अवैध निर्माण के खिलाफ की गई आईजीआरएस शिकायत का फर्जी निस्तारण कर दिया, शिकायत एरा मेडिकल कॉलेज के अवैध निर्माण की गई थी, लेकिन एलडीए अधिकारियों ने आख्या सज्जाद बिल्डर के अवैध निर्माण की दी, एलडीए लालबाग विहित प्राधिकारी कार्यालय से एरा मेडिकल कॉलेज में हो रहे अवैध निर्माण की फाइल ही गायब हो गई, पूर्व विहित प्राधिकारी अधिकारी रितु सुहास द्वारा एरा मेडिकल कॉलेज के सील किये गये अवैध निर्माण की आईजीआरएस पोर्टल पर की गयी शिकायत पर एई-जेई से लेकर जोनल व विहित प्राधिकारी के पास जवाब मौजूद नहीं है। तथा निर्माण का मुकदमा किस न्यायालय में विचाराधीन है मंण्डलायुक्त न्यायालय में या शासन में इसकी भी किसी अधिकारी को कोई जानकारी नहीं, सभी संबंधित अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं।

## खबरें एक नजर में

### दिव्यांग विद्यार्थी समय से करें आवेदन : नरेंद्र कश्यप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने बताया कि केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को उनकी शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। पात्र दिव्यांग विद्यार्थियों से अपील की है कि वे समय पर आवेदन करें संयुक्त निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग रणजीत सिंह ने बताया कि दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए संचालित केन्द्र पोषित प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक और टॉप क्लास छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल और इसके मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से किए जा सकते हैं। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त है, जबकि पोस्ट-मैट्रिक और उच्च श्रेणी शिक्षा छात्रवृत्ति के लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। योजना संबंधी विवरण, दिशा-निर्देश और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी छात्रवृत्ति संबंधी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों को पुलिस ने ईको गार्डन पहुंचाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में 69000 हजार शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों के प्रदर्शन का आज चौथा दिन है। पुलिस ने दिन में करीब 12 बजे अभ्यर्थियों गाड़ी में भरकर शिक्षा निदेशालय से ईको गार्डन छोड़ा। पुलिस भर्ती परीक्षा की वजह से यहां प्रदर्शन के कारण पुलिस ने यहां प्रदर्शन पर रोक लगा दी। अभ्यर्थियों ने कहा कि पुलिस उनके साथ अन्याय कर रही है। जिन लोगों ने भर्ती में घोटाला किया उनके खिलाफकार्रवाई नहीं हो रही। लेकिन हमारी आवाज को दबाया जा रहा है। इससे पहले गुरुवार को सामान्य वर्ग के चयनितों ने प्रदर्शन किया था। डीजी स्कूल कंचन वर्मा से मुलाकात के बाद चयनित लौट गए थे। वहीं 69000 हजार शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों का कहना है कि जब तक नई लिस्ट जारी नहीं की जाएगी। उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। बुधवार को इन अभ्यर्थियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में एक कैविएट भी दाखिल की गई थी। पिछले तीन दिन से शिक्षा निदेशालय के कैंपस में जहां अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे थे।

### वार्ड नौ के तहत सलेमपुर पटोरा में घर-घर हो रहा कूड़ा कलेक्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** स्मार्ट सिटी को लेकर महापौर सुषमा खर्कवाल के द्वारा लखनऊ स्वच्छ अभियान चलाया जा रहा है और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के दिशा निर्देश पर काम कर रहें है नगर निगम जोन 6 के जोनल इंचार्ज मनोज यादव सलेमपुर पटोरा में कूड़ा कलेक्शन जोनल इंचार्ज अतुल पांडे, यूनिट इंचार्ज उत्तम मिश्रा, वार्ड मैनेजर नबील, सुपरवाइजर पुष्पेंद्र बाजपेई बुद्धेश्वर मोहन रोड तथा क्षेत्रीय पार्षद आशा रावत पत्नी सनी रावत के साथ समाजसेवी व पत्रकार अमित श्रीवास्तव के प्रयासों से कल्याण सिंह वार्ड 09 के अंतर्गत सलेमपुर पटोरा में घर-घर कूड़ा कलेक्शन किया जा रहा है।

### सरोजनीनगर में रोडवेज बस और कार की भिड़ंत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के सरोजनी नगर में पुलिस भर्ती अभ्यर्थियों को लेकर जा रही रोडवेज बस डिवाइडर से टकरा गई। घटना कानपुर-लखनऊ रोड का है। हादसा सरोजनी नगर थाने के सामने हुआ है। अभ्यर्थियों को 10.00 बजे से परीक्षा देनी थी। समय से नहीं पहुंचने को लेकर वह काफी परेशान हैं। बस और कार में भिड़ंत होने से कार सवार लोगों ने बस को रोक लिया। मामले की जानकारी 112 पीआरबी को दी गई। मौके पर पहुंची 112 पीआरबी और सूरज नगर थाना पुलिस ने अभ्यर्थियों को निजी वाहनों से एग्जाम सेंटर पहुंचने की व्यवस्था की।

### कई इलाकों में तेज बारिश, शहर की सभी सड़कों पर भरा पानी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में दोपहर बाद कई इलाकों में तेज बारिश हो रही है। बादल गरज-चमक रहे हैं। हजरतगंज, चौक, गोमतीनगर, चारबाग समेत शहर के सभी इलाकों में बारिश में लोग बचते दिख रहे हैं। कई जगहों पर जलभराव भी हुआ है। करीब 3 बजकर 20 मिनट पर शुरू हुई बरसात 4 बजे के बाद भी जोरदार रही। 40 मिनट की बारिश में ही पुराने लखनऊ के घंटाघर और इमामबाड़ा क्षेत्र में हुआ जल भराव हो गया है। घंटाघर में दुकानों के सामने जलभराव से दुकानदार और ग्राहक परेशान दिखे। मौसम विभाग ने आज तेज बारिश का अनुमान जताया था। आज सुबह से ही तेज धूम और गर्मी थी। बारिश के बाद मौसम में सुहाना हो गया है।

### बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री आज आयेंगे लखनऊ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जनता दल यूनाइटेड लीडर और बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड के संगठन प्रभारी श्रवण कुमार कल 24 अगस्त को लखनऊ आयेंगे। मंत्री पार्टी के प्रदेश कार्यालय 38 डी मेजर बैंक्स रोड, विधानसभा गेट नंबर 6 के सामने लखनऊ में पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल करेंगे। मंत्री पार्टी के प्रदेश संगठन की समीक्षा के साथ प्रदेश में संगठन को मजबूत करने हेतु पार्टी कार्यकर्ताओं को बहुमूल्य सुझाव तथा दिशा निर्देश देंगे। बैठक सांगठनिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### कैंप में 50 से ज्यादा शिकायत पहुंची, तीन गुना कम हुआ बिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जीआईएस कैंप में शुक्रवार को 50 से ज्यादा शिकायतें पहुंची। इस दौरान जोन 7 से सबसे ज्यादा 13 शिकायतें आई। जीआईएस सर्वे में बढ़े हाउस टैक्स को सही करने के लिए नगर निगम की तरफसे हर शुक्रवार को यह कैंप लगता है। नगर निगम मुख्यालय में यह कैंप लगता है। आचार्य नरेन्द्र देव वार्ड से आए प्रदीप कुमार ने बताया कि उनका हाउस टैक्स पहले 350 रुपए आता था। उसको बढ़ाकर 2000 रुपए कर दिया गया है। उससे अलावा हाउस टैक्स में पता ही पूरा बदल गया है। उसकी शिकायत पहले भी कर चुके थे, लेकिन समस्या का समाधान नही हुआ। कैंप के आने के बाद टैक्स कम होकर 1050 रुपए हो गया। हालांकि अभी पता भी पुराना वाला ही है। आश्वासन मिला है कि उसको भी जल्द बदल दिया जाएगा। मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह कैंप में नजर नहीं आए। यहां तक की नगर निगम में पांच अपर नगर आयुक्त हैं, लेकिन उसमें से एक भी अपर कैंप में नजर नहीं आया। मुख्य कर अधिकारी अम्बी बिष्ट के नेतृत्व में समस्याओं का समाधान किया गया। अब तक 15 कैंप नगर निगम में लगाया चुका है। इसमें 3000 से ज्यादा लोगों का हाउस टैक्स कम हुआ है। हालांकि उसके बाद भी लगातार शिकायतें आ रही है। सभी 8 जोन के जोनल अधिकारी और टैक्स इंस्पेक्टर इस कैंप में मौजूद रहे।

### राग विराग बने लेखा व लेखा परीक्षा सेवा एसो. के प्रांतीय उपाध्यक्ष

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन का राग विराग त्रिपाठी को प्रान्तीय उपाध्यक्ष चुना गया है। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश मिश्रा एवं महामन्त्री संजय कुमार ने राग विराग त्रिपाठी को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उम्मीद जताई कि इनके नेतृत्व में संघ को मजबूती मिलेंगी। इस अवसर पर राग विराग ने सभी प्रान्तीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं अपनी पूरी क्षमता से संघ एवं साथियों के संवर्धन हेतु कार्य करूँगा तथा सभी की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करूँगा।

### पर्यटन मंत्री आज करेंगे सभागार का शिलान्यास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कल 24 अगस्त को एक दिवसीय भ्रमण पर रायबरेली में रहेंगे। पर्यटन मंत्री इंदिरा गांधी सभागार फिरोजगांधी डिग्री कालेज में राना बेनी माधव बक्श सिंह की 220वीं जयंती पर आयोजित समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। अपराह्न 01 बजे पं मोतीलाल नेहरू स्टेडियम के बगल में स्थित उपेन्द्र बहादुर सिंह के आवास पर जायेंगे। राना बेनी माधव सभागार, फेज-2 रायबरेली में राना बेनी माधव बख्श फेज-2 सभागार का भूमि पूजन, शिलान्यास करेंगे।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा

# ग्राम चौपालों को बनाएं और अधिक प्रभावी

▶ सीएम डैश बोर्ड में निर्धारित बिंदुओं पर अपडेट रहे रिपोर्ट

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अमृत सरोवरों की देखरेख व सौन्दर्यीकरण पर विशेष फोकस किया जाय। ग्राम चौपालों को और अधिक प्रबल व प्रभावी रूप से सफल बनाया जाय । पीएमजीएसवाई की सड़कों को शत् प्रतिशत एफडीआर तकनीक पर ही बनाने की कार्यवाही की जाय।ग्राम्य विकास विभाग की सोशल मीडिया की मजबूत विंग तैयार की जाय।

ग्राम्य विकास विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विभाग की उपलब्धियों को निरन्तर अपलोड किया जाय। निर्देश दिए कि पीएमजीएसवाई की सड़कों के अन्य सड़कों के मिलान स्थल को जन्कशन इम्प्रूवमेंट के रूप में विकसित किया जाय। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ग्राम्य विकास विभाग के बजट का समय से सदुपयोग किया जाना सुनिश्चित किया जाए। लगातार समीक्षा व अनुश्रवण किया जाए। विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण किये जांय और प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कहा कि विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से नजर आने चाहिए। ग्राम्य विकास विभाग की उपलब्धियों व लाभार्थियों के फोटो व वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर हाइलाइट किया जाए। श्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को अपने कैम्प कार्यालय 7- कालिदास मार्ग पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ग्राम्य विकास विभाग की उपलब्धियों को हाइलाइट किया जाए। सीएम डैस बोर्ड में विभाग के निर्धारित बिन्दुओं पर रिपोर्ट अपडेट रखी जाय। समूहों के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने, उनकी बिक्री कराने के लिए उचित प्लेटफार्म दिलाने के प्रभावी प्रयास किये जांय तथा उनके समूहों के उत्पादों के सर्टिफिकेशन का भी प्रयास किया जाए।उन्हे सोशल मीडिया पर अपलोड करें। अपनी कहानी -अपनी जुबानी ,सक्सेज स्टोरी बनायी जांय। ग्रामीण आजीविका मिशन के भी अच्छे कार्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर परिलक्षित होने चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, स्टेट से लेकर विकास खण्डों तक डेवलप किया जाय और इसमें सभी एकाउंट वेरीफाई होने चाहिए। आजीविका मिशन का भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म राज्य से लेकर उपायुक्त एनआरएलएम तक डेवलप किया जाय। आवास योजना के दिव्यांग लाभार्थियों व जन जाति के लाभार्थियों को सोशल मीडिया पर विशेष रूप से हाईलाइट किया जाय।

### एफडीआर तकनीक पर ही बनाई जाएं पीएम ग्रामीण सड़कें

कार्यों की प्रगति रिपोर्ट समय से उपलब्ध करायी जाय, इसके लिए जिम्मेदारी फिक्स की जाय। सीएम डैस बोर्ड में विभाग केनिर्धारित बिन्दुओं पर रिपोर्ट अपडेट रखी जाय। मनरेगा के भुगतान समय से किये जाने की कार्यवाही की जाय। मनरेगा के श्रमिकों को समय से भुगतान होना ही चाहिए। मनरेगा श्रमिकों व समूहों की दीदियों को नियमानुसार विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाने की कार्यवाही की जाय। विभाग में भर्ती में आरक्षण के नियमों का अक्षरशः पालन किया जाए। पदों की सूची उपलब्ध करायी जाय। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिए कि पीएमजीएसवाई प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़कों को शत-प्रतिशत एफडीआर तकनीक पर ही बनाया जाय। एफडीआर तकनीक से बनाई गयी सड़कों से बचत की गयी धनराशि का हवाला देते हुए भारत सरकार से धनराशि उपलब्ध कराने हेतु पत्राचार किया जाय। पीएमजीएसवाई की सड़कों की नियमित चेकिंग की जाय। एफ्डीआर तकनीक से काम करने वाले कान्ट्रेक्टर्स की बैठक बुलाई जाय। एफ्डीआर तकनीक अपनाने से जिस पैसे की बचत हो रही है, उससे सड़कों के सौन्दर्यीकरण आदि पर व्यय किया जा सकता है,जैसे कहीं पर सड़क किनारे जहां उचित हो राहगीरों, यात्रियों आदि के बैठने के लिए सीटें यूरेनल, जन्कशन इम्प्रूवमेंट, वृक्षारोपण, ट्री गार्ड आदि, कार्य करा सकते हैं, इसका प्लान बनायें। उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रान्तों के कान्ट्रेक्टर्स व विशेषज्ञों को भी बुलायें, विस्तार से चर्चा की जाए।

# अकबरनगर विस्थापितों के सवालों पर एलडीए से मिला प्रतिनिधि मंडल

▶ समिति ने उठाई मानवाधिकारों की रक्षा की मांग

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** अकबरनगर से विस्थापित होकर बसंत कुंज कॉलोनी में रह रहे लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए आज लखनऊ बचाओ संघर्ष समिति का प्रतिनिधि मंडल एलडीए वीसी से मिला और उनके निर्देश के बाद एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव से विस्तारित बातचीत हुई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर और लखनऊ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक मंडल सदस्य व अकबरनगर के नेता इमरान राजा ने किया।

प्रतिनिधि मंडल ने अपने पत्रक द्वारा अवगत कराया की एलडीए वीसी ने खुद जाकर बसंत कुंज में बने मकानों की दुर्दशा को देखा था और कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया था कि वह दस दिन में इसकी मरम्मत कराए लेकिन अभी तक वहां कार्य शुरू नहीं किया गया। इस पर एलडीए सचिव ने बताया कि मरम्मत का कार्य हो रहा है और इसके लिए एलडीए की तरफ से मानिटरिंग कमेटी भी बनाई गई है। फिर भी मकानों में टूट-फूट की शिकायत है तो उसकी सूची बनाकर देंगे तो एक हफ्ते में वहां निर्माण कार्य करा दिया जाएगा। सचिव ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि प्रदूषित पानी की समस्या का तत्काल समाधान होगा और आवासों में बनी हुई टंकियां को साफ करा ब्लीचिंग पाउडर डालकर उनको ढक्कन से बंद किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल द्वारा उठाई गई राशन की दुकान और परिवहन के लिए अतिरिक्त बसों की मांग पर प्रशासन द्वारा कहा गया कि राशन की दुकान वाले को वसंत कुंज योजना में एक मकान अलॉट कर दिया गया है और अब वहीं से राशन का वितरण करेगा। साथ ही बसों की संख्या भी बढ़ाए जाने का आदेश हो चुका है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि संयुक्त परिवारों के लोगों के मकान दूर-दूर है जिन्हें व्यवस्थित किया जाना चाहिए। इस पर प्रशासन ने कहा कि इस पर कार्य हो रहा है और शीघ्र व्यवस्थित करने की कार्रवाई भी की जाएगी। बसंत कुंज योजना में बच्चों के शिक्षा से वंचित होने के सवाल को उठाने पर कहा कि विद्यालय के संबंध में भी कार्रवाई को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# भाजपा ने एससी-एसटी विरोधी रुख अपनाया : मायावती

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आरक्षण में उप-वर्गीकरण मामले को लेकर शुक्रवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विरोधी रुख अपनाने का आरोप लगाया, वहीं, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) समेत विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया पर भी निशाना साधा है।

मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स्स पर अपने एक पोस्ट में कहा ''एससी, एसटी आरक्षण में वर्गीकरण व क्रीमीलेयर का नया नियम लागू करने के उच्चतम न्यायालय के एक अगस्त 2024 के निर्णय के विरुद्ध जन अपेक्षा के अनुसार पुरानी व्यवस्था बहाल रखने के लिए केन्द्र द्वारा अभी तक भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। बसपा प्रमुख ने अपने सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि इसको लेकर 21 अगस्त के भारत बंद के बावजूद अगर केंद्र इसमें जरूरी सुधार के लिए गंभीर नहीं तो यह सोचने वाली बात है।

पहले न्यायालय में लचर पैरवी और अब उसको लेकर संविधान संशोधन बिल नहीं लाने से साबित है कि भाजपा का एससीध्एसटी आरक्षण विरोधी रवैया पूर्व की तीव्रता के साथ बरकरार है। विपक्षी दलों खासतौर से कांग्रेस और सपा पर आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ''इस मामले में कांग्रेस, सपा व 'इंडिया गठबंधन की भी चुप्पी उतनी ही घातक है और इससे यह फिर से साबित है कि एससी,एसटी वर्गों के सही हित, कल्याण व उत्थान के मामले में दोनों ही पार्टियां व इनके गठबंधन एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं तथा इन वर्गों का हित आम्बेडकरवादी बसपा में ही सुरक्षित है।

## आईटीआई प्रवेश का द्वितीय चरण व प्रथम चरण का चयन परिणाम घोषित

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, अलीगंज, लखनऊ ने सत्र 2024-25 एक वर्षीय और सत्र 2024-26 दो वर्षीय के द्वितीय चरण और प्रथम चरण के आवंटन के पश्चात उच्चीकरण का चयन परिणाम घोषित कर दिया गया है। द्वितीय चरण के प्रवेश की तिथियां 23 अगस्त से 28 अगस्त तक निर्धारित की गई हैं, जिसमें छुट्टियां भी शामिल हैं। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से आग्रह किया गया है कि वे समय पर अपने दस्तावेजों के साथ चयनित संस्थान में पहुंचकर प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण करें। विशेष सचिव व अधिशासी निदेशक व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग अभिषेक सिंह ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को उनके चयन की जानकारी एसएमएस के माध्यम से भी भेजी जा रही है। जिनका चयन नहीं हुआ है, उनकी रैंक की जानकारी भी वेबसाइट पर प्रदर्शित होगी। चयनित अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र के साथ अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों, अंक पत्रों की प्रमाणित प्रतियां और दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर संबंधित संस्थान के प्रधानाचार्य से सम्पर्क करना होगा।



**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से राजभवन में उत्तर प्रदेश प्रांतीय सिविल सेवा-2022 के 31 प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की।**

# जीआईएस कैंप में आईं 50 से ज्यादा शिकायतें

▶ 3000 से ज्यादा लोगों का हाउस टैक्स कम हुआ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जीआईएस कैंप में शुक्रवार को 50 से ज्यादा शिकायतें पहुंची। इस दौरान जोन 7 से सबसे ज्यादा 13 शिकायतें आई। जीआईएस सर्वे में बढ़े हाउस टैक्स को सही करने के लिए नगर निगम की तरफ से हर शुक्रवार को यह कैंप लगता है। नगर निगम मुख्यालय में यह कैंप लगता है।

आचार्य नरेन्द्र देव वार्ड से आए प्रदीप कुमार ने बताया कि उनका हाउस टैक्स पहले 350 रुपए आता था। उसको बढ़ाकर 2000 रुपए कर दिया गया है। उससे अलावा हाउस टैक्स में पता ही पूरा बदल गया है। उसकी शिकायत पहले भी कर चुके थे, लेकिन समस्या का समाधान नही हुआ। कैंप के आने के बाद टैक्स कम होकर 1050 रुपए हो गया। हालांकि अभी पता भी पुराना वाला ही है।

आश्वासन मिला है कि उसको भी जल्द बदल दिया जाएगा। मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह कैंप में नजर नहीं आए।

यहां तक की नगर निगम में पांच अपर नगर आयुक्त हैं, लेकिन उसमें से एक भी अपर कैंप में नजर नहीं आया। मुख्य कर अधिकारी अम्बी बिष्ट के नेतृत्व में समस्याओं का समाधान किया गया। अब तक 15 कैंप नगर निगम में लगाया चुका है। इसमें 3000 से ज्यादा लोगों का हाउस टैक्स कम हुआ है। हालांकि उसके बाद भी लगातार शिकायतें आ रही है। सभी 8 जोन के जोनल अधिकारी और टैक्स इंस्पेक्टर इस कैंप में मौजूद रहे।

## संशोधन से वक्फ की संपत्ति का पिछड़े मुसलमानों को लाभ मिलेगा : मोहसिन रजा

**लखनऊ ।** जेपीसी (ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी) वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम 2024 को लेकर मंथन कर रही है। इस संबंध में लखनऊ में उत्तर प्रदेश हज कमेटी के चेयरमैन मोहसिन रजा ने बयान देते हुए कहा कि जेपीसी की ये पहली बैठक है और हम उम्मीद करते हैं कि देश के सभी सांसद इस बैठक में दबे और पिछड़े मुसलमानों का उत्थान करेंगे। मोहसिन रजा ने कहा कि 2013 के संशोधन में कांग्रेस की गलतियों के चलते जो मुसलमानों की संपत्ति वक्फ बोर्ड में दर्ज हो गई है उसका सुधार होना चाहिए। वक्फ बोर्ड से कभी एक भी व्यक्ति का कल्याण नहीं हुआ है। कांग्रेस ने कभी किसी मुसलमान की चिंता नहीं किया। अब सभी सांसद बैठकर चर्चा करेंगे की दबे और पिछड़े मुसलमानों के उत्थान के लिए संपत्ति चौरिटी की गई थी ना कि किसी को परेशान करने के लिए।

अभियान — नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसारअवैध कब्जेदारों पर कार्रवाई जारी

# दो अभियान में 69 करोड़ की भूमि हुई कब्जा मुक्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसार नगर में अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही एवं सरकारी भूमियों, संपत्तियों को कब्जा मुक्त करवाये जाने हेतु लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं। अभी तक करोड़ो रुपयों की विभिन्न सरकारी भूमि,संपत्ति, जो विगत लंबे समय से कब्जे में थीं, उन्हें खाली करवाया जा चुका है।

आज नगर निगम की टी ने दो जगहों पर सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया इसमें बिजनौर क्षेत्र में लगभग 40 करोड़ की जमीन और बरावकला में अभियान के दौरान 73.331 वर्गफीट जमीन को नग निगम की टीम ने अवैध कब्जे से मुक्त कराया। उक्त अवैध कब्जें से मुक्त कराई गई भूमि की बाजारू कीमत लगभग 29 करोड़ होगी। यानि आज निगम टीम 69 करोड़ की जमीन को कब्जा मुक्त कराने में सफल रही।

मण्डलायुक्त, लखनऊ मण्डल लखनऊ के आदेशों पर इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त व पंकज श्रीवास्तव अपर नगर आयुक्त के निर्देशानुसार संजय यादव प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति एवं तहसीलदार अरविन्द कुमार पाण्डेय के निर्देश के क्रम में ग्राम-बिजनौर, तहसील सरोजनी नगर व जिला-लखनऊ की खसरा संख्या-69, 372, 542, 545, 600, 603, 604, 608, 614, 634, 635, 2447 व 2450 क्षेत्रफल 3.045 हेक्टयर राजस्व अभिलेखों में क्रमशः बंजर, ऊसर, नवीन परती व पुरानी परती के रूप में दर्ज नगर निगम, लखनऊ में निहित भूमि पर कतिपय भू-माफिआओं एवं प्रापर्टी डीलरों द्वारा निजी भूमियों से बैनामा करके नगर निगम की उपरोक्त शासकीय भूमियों पर अवैध रूप से कब्जा कर विकसित किये गये आवासीय प्लाट को नायब तहसीलदार व राजस्व निरीक्षकके नेतृत्व में लेखपाल व तहसील सरोजनी नगर के क्षेत्रीय लेखपाल जितेन्द्र प्रकाश की उपस्थिति में थानाध्यक्ष थाना-बिजनौर द्वारा उपलब्ध करायी गयी पर्याप्त पुलिस बल व नगर निगम की ईटीएफटीम की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से 327642.00 वर्गफुट भूमि से कब्जा हटवा दिया गया। उक्त अवैध कब्जों से मुक्त कराई गई भूमि की बाजारू कीमत लगभग रू0 40 करोड़ होगी।

### इन्दिरानगर में चला अतिक्रमण के खिलाफअभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर आयुक्त शहर में अतिक्रमण को लेकर काफी गंभीर है। लगातार हर जोन में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। आज जोन साथ में नगर आयुक्त के निर्देश पर जोनल अधिकारी जोन सात आकाश कुमार द्वारा बनाई गई टीम ने जोरदार तरीके से अतिक्रमण के खिलाफअभियान चलाया। इस दौरान समान जब्त करने के साथ जुर्माना भी वसूला गया। सूत्रों की माने तो अगले माह से नगर आयुक्त अतिक्रमण हटाओ अभियान की साप्ताहिक समीक्षा कर सकते है। ऐसा किया गया तो दूसरी और तीसरी बार अतिक्रमण करने वालों पर अधिकाधिक जुर्माना तथा इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्य के प्रति लापरवाही के चलते विभागीय कार्यवाही की जा सकती है।नगर आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में एवं थानाध्यक्ष इन्दिरा नगर के पत्र जिसमें खुर्रमनगर चौराहे से अबरार नगर मछली मण्डी तक तथा पिकनिक स्पाट गेट से विमल कुज तिराहा तक रोड के किनारे फल सब्जी व फास्ट फूड के लगने वाले ठेलों से हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। जोनल अधिकारी सात के निर्देशन में एसएचओ इन्दिरा नगर, रंजीत सिंह, चौकी प्रभारी खुर्रम नगर की उपस्थिति में संयुक्त अभियान बृहस्पतिवार को सड़क, डिवाइडर, नाला, नाली पर किये गये अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध वृहद अभियान चलाया गया।

# एसपी-डीएम की सतर्कता से साफ-सुथरे ढंग से संपन्न हुई परीक्षा

**पुलिस भर्ती परीक्षा**

- प्रथम पाली में 5232 में से कुल 3668 एवं द्वितीय पाली में 5232 में से कुल 3796 अभ्यर्थी उपस्थित

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**




शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा-2023 की प्रथम पाली (पूर्वान्ह 10:00 बजे से 12:00 बजे) की लिखित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्ष, सी0सी0टी0वी0 व सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया। परीक्षा केन्द्रों पर लगे सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक व पुलिस के अधिकारी कर्मचारीगणों से वार्ता कर पुलिस भर्ती की प्रथम पाली की परीक्षा को सुचितापूर्ण, निर्विवाद एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराया गया। पुलिस भर्ती परीक्षा जनपद में 23 से 31 अगस्त तक जनपद के 13 परीक्षा केन्द्रों में हो रही है। प्रथम पाली की परीक्षा के दृष्टिगत कार्यकारी संस्था द्वारा प्रश्नपत्र, उत्तर पुस्तिका व गोपनीय सामग्री सेक्टर मजिस्ट्रेटों को सुपुर्द किया गया। सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा प्रश्नपत्र, उत्तर पुस्तिका व गोपनीय सामग्री को सम्बन्धित स्कूलों तक पहुँचाया गया तथा उसकी रिसीविंग कार्यकारी संस्था को दी गयी। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करायी गयी। ड्यूटी पर कार्यरत सभी अधि0/कर्मचारीगणों द्वारा सतर्क दृष्टि रखते हुए ड्यूटी का निर्वहन किया गया तथा कंट्रोल रूम द्वारा लगातार सीसीटीवी कैमरों की मदद से हर तरह की गतिविधियों पर नजर रखी गयी। प्रभारी यातायात द्वारा पुलिस बल के साथ भ्रमणशील रहकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखा गया। पुलिस सोशल मीडिया सेल द्वारा भी लगातार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म, ट्विटर, फेसबुक व व्हाट्सएप सहित अन्य सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर निरंतर निगरानी की जा रही है।

पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रथम पाली में कुल अभ्यर्थियों की संख्या- 5232 में से कुल 3668 अभ्यर्थी उपस्थित, तथा 1564 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पुलिस भर्ती परीक्षा के द्वितीय पाली में कुल अभ्यर्थियों की संख्या- 5232 में से कुल 3796 अभ्यर्थी उपस्थित, तथा 1436 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# गंदगी के बीच बनाई जा रही गोण्डा रेलवे स्टेशन पर बेची जाने वाली खाद्य सामग्री

- ऐसी खाद्य सामग्री खाकर बीमार हो सकते हैं रेलवे के सम्मानित यात्री

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



रेलवे स्टेशन पर बेची जाने वाली खाद्य सामग्री गंदगी के बीच तैयार की जा रही है जिसे कोरोना अलर्ट के बाद कुछ हद तक सुधार कर लिया गया था लेकिन गोंडा रेलवे स्टेशन के बाहर सहकारी गैस एजेंसी गोदाम के सामने बने बेस किचन में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गंदगी के बीच रेल यात्रियों का खाना तैयार किया जा रहा है।गोण्डा रेलवे स्टेशन पर बिकने वाले पूरी सब्जी,छोले भटूरे और समोसे के कारखाने में गंदगी अम्बार लगा हुआ है।बता दें कि रेलवे स्टेशन के पास एक पुराने से घर में छोले भटूरे, पूरी सब्जी और समोसे बनाने का कारखाना चलाया जा रहा है जहां गंदी सी कढ़ाई में समोसे के अंदर भरे जाने वाले आलू की सब्जी बनाई जा रही है ऐसी ही गंदगी में समोसा को बनाया जा रहा है।खुले में छोले भटूरे रखे हुए हैं।

मक्खियां बन बन रही हैं। वहीं जिस तेल में समोसा, पूरी,भटूरा बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है वह पुराना और काला दिख रहा था जिसमें लगातार समोसे बनाए जा रहे थे सफाई एवं खाद्य सामानों की गुणवत्ता से खिलवाड़स कारखाने में सफाई का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा जा रहा था जगह-जगह मक्खियां भिनभिना रही थीं।यही कारण है कि उसके खाने से बीमार होने का खतरा रहता है।

रेलवे स्टेशन पर अक्सर अधिकारी निरीक्षण के दौरान इसी बात को लेकर फटकार लगाते हैं कि जिस जगह पर खाने-पीने का सामान तैयार किया जा रहा हो वहां पर सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।बेस किचन में खुलेआम गंदगी के बीच खाद्य सामग्री तैयार की जाती है।और यात्री भूख मिटाने के लिए उस मक्खिया भन -भना रही थीं और उसे खाने को यात्री मजबूर होकर खाते हैं जिससे न केवल वह फूड पाइजनिंग का शिकार हो सकते हैं,बल्कि उन्हें अन्य बीमारियां भी हो सकती है।

**नहीं ढंकी खाद्य सामग्री**

स्टेशन पर बिकने वाली अधिकांश सामग्री ढंक कर नहीं बेची जाती है क्योंकि वेंडर उसे लोगों को दिखाकर बेचते है जिसमें दाल-चावल,इडली सहित अन्य खुली सामग्री बेची जा रही है जो खाद्य सुरक्षा अधिनियम के विरुद्ध है। इसमें हमेशा ही मक्खियां भिनभिनाती रहती हैं जो कई बीमारियों का कारण बनती हैं।

**गंदगी वाले स्थान के पास में है किचन शेड**

रेलवे स्टेशन पर लंबे समय से स्टेशन परिसर के बाहर सहकारी भारत गैस एजेंसी के सामने किचन शेड में खाने-पीने की सामग्री बनाई जाती है।जहां से हमेशा बदबू आती रहती है।और धूल कचरा उड़ता रहता है।यहीं से बैध और अवैध वेंडरों का संचालन होता है।यहां से अवैध वेंडर खुले आम ट्रेन में खाने को लेकर स्टेशन के बाहर से ट्रेन के आने के समय रेल स्टेशन पर ट्रेनों के अंदर खाना बेचते नजर आते है।वहीं खुले में गंदगी में बन रहे खाने की जानकारी एरिया मैनेजर से लेने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल फोन नहीं उठा और घंटी बजती रही।

# काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे हैं पूर्ति अधिकारी व कर्मचारी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



यूपी फूड एंड सिविल सप्लाईज इंस्पेक्टर एंड ऑफिसर्स एसोसिएशन के निर्देश पर जिले के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक व लिपिक काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे हैं। कर्मचारियों द्वारा 10 सूत्रीय मांग सरकार के समक्ष रखी गई है, लेकिन सरकार द्वारा मांग नहीं माने जाने पर काली पट्टी बांधकर लोग कार्य कर रहे हैं। 15 अगस्त के चलते विरोध प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया था, लेकिन एक बार फिर कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस क्रम में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक काली पट्टी बांधकर अपने कार्यालय में कार्य को संपादित कर रहे हैं। अधिकारियों व कर्मचारी की मांग है कि हरदोई में दर्ज पूर्ति निरीक्षक पर मुकदमे को वापस लिया जाए। जब तक प्रशासन मांगों को पूरा नहीं करता वह लोग काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। कर्मचारियों का कहना है कि तहसील स्तर के कार्यालय पर ऑपरेटर के साथ-साथ डाटा पैक भी उपलब्ध कराया जाए। जांच के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं है, उसकी भी व्यवस्था की जाय। आंदोलित कर्मचारियों का यह भी कहना है कि हरदोई की घटना की सही तरीके से जांच हो। जो मुकदमा लिखाया गया है उसको वापस कर लिया जाए।

क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुए कार्य कर रहे हैं। इसमें शिव प्रकाश त्रिपाठी, बालेश्वर मणि त्रिपाठी, हरिवंश यादव, अनुज, दिनेश वर्मा, रवि कश्यप आदि शामिल रहे।

# गाजर घास मानव व पशुओं दोनों के लिए अत्यन्त खतरनाक

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**




आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा द्वारा गाजर घास जागरूकता सप्ताह में गाजर घास को मानव एवं पशुओं के लिए अत्यंत खतरनाक बताया। डॉ.एस.के.वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र ने गाजर घास को पर्यावरण के लिए अत्यंत खतरनाक बताया । उन्होंने बताया कि गाजर घास में पार्थेनिन नामक रसायन पाया जाता है जो मानव एवं पशुओं के लिए अत्यंत घातक है। गाजर घास को सामूहिक जागरूकता अभियान चलाकर समूल नष्ट करने की जरूरत है। डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने गाजर घास एक वर्षीय शाकीय खरपतवार है। इसकी एक वर्ष में तीन-तीन पीढ़ियां पाई जाती हैं । इसके रासायनिक नियंत्रण के लिए 2,4-ष्ठ सोडियम साल्ट या मेटसल्फ्यूरान मिथाइल का छिड़काव किया जा सकता है। जिन क्षेत्रों में गाजर घास की अधिकता है, वहां पर चकोड़ा के बीज को वर्षा ऋतु के प्रारम्भ में बुवाई कर देने से गाजर घास की बढवार को दबाया जा सकता है । डॉ. डीके श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक पशुपालन ने गाजर घास को फूल आने से पूर्व कम्पोस्ट खाद बनाकर प्रयोग करने की सलाह दी। डॉ. अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा ने बताया कि खेतों में लगातार कर्षण क्रियाएं करने से गाजर घास के प्रकोप को कम किया जा सकता है। डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने बताया कि बागों में सह-फसली खेती करें। डा. हनुमान प्रसाद पांडेय मृदा वैज्ञानिक ने बताया कि पार्कों एवं आवासीय परिसर में उगी गाजर घास को सामूहिक अभियान चलाकर खत्म किया जा सकता है। डॉ. दिनेश कुमार पांडेय ने गाजर घास उन्मूलन के लिए जाइकोग्रामा बीटिल द्वारा जैविक नियंत्रण को अत्यंत कारगर बताया। प्रशिक्षण में रामसागर वर्मा, राजेश कुमार वर्मा, विनोद कुमार तिवारी आदि प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग कर गाजर घास के उन्मूलन की जानकारी प्राप्त की।

## खबरें एक नजर में

### कच्ची दीवार गिरने से एक बकरी की मौत, दूसरी घायल



**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय तहसील व विकास खण्ड कर्नलगंज क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में मिट्टी से बनी कच्ची दीवाल एकाएक भरभरा कर गिर गई जिसके नीचे दबकर एक बकरी की मौत हो गई जबकि दूसरी बकरी चोटिल हो गई। वहीं बाहर भागते वक्त एक बच्चा भी चोटिल हो गया। घटना कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम कचनापुर के मजरा गुलबी पुरवा से जुड़ी है। जहां रामराजी पत्नी स्व.शिवराम का कच्ची मिट्टी दीवाल से निर्मित पुराना छोटा सा आशियाना था,जो बरसात में भीगकर कमजोर हो गया और गुरुवार को अचानक भरभरा का गिर गया। जिसके नीचे दबकर एक बकरी की मौत हो गई जबकि दूसरी चोटिल हो गई और आशियाने से बाहर निकलते वक्त एक बच्चा भी हल्का चोटिल हो गया। आपको बता दें कि कुछ दिनों पूर्व शिवराम की आसामायिक मौत हो गई है,उसकी पत्नी रामराजी पन्नी वगैरह तानकर किसी तरह अपने दो छोटे- छोटे बच्चों को लेकर मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि रामराजी दिमागी रूप से कुछ कमजोर है । जिसके चलते वह लगातार मजदूरी भी नहीं कर पाती है। इस संबंध में जानकारी करने के लिए तहसीलदार के सीयूजी नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

### बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोशिएशन के पदाधिकारियों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोशिएशन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार को वेतन विसंगति के संदर्भ में ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार कश्यप ने बताया कि वर्ष 2011 के पूर्व नियुक्त बेसिक हेल्थ वर्कर्स पुरुष/महिला को 2800 पे ग्रेड दिया जा रहा है जबकि 2011 के बाद नियुक्त बेसिक हेल्थ वर्कर्स पुरुष/महिला को 2000 पे ग्रेड दिया जा रहा है। जिसके संबंध में कर्मचारी संघ व सरकार के मध्य उच्च न्यायालय प्रयागराज के खंड पीठ लखनऊ में मुकदमा चल रहा था जिसमें चार जुलाई 2023 को न्यायालय द्वारा कर्मचारियों की बातो को सही ठहराते हुए मानी गई तथा उनको नियुक्ति के दिनांक से उपरोक्त पे ग्रेड देने के लिए सरकार को आदेशित किया गया परंतु सरकार ने न्यायालय में पुनर्विचार दायर किया जिसमें एक अगस्त 2024 को सरकार के पुनर्विचार याचिका रद्द कि गई तथा आदेश दिनांक चार जुलाई 2023 को बहाल किया गया। तथा सरकार को आदेशित किया गया कि बेसिक हेल्थ वर्कर्स को उनके नियुक्ति के तिथि से उपरोक्त पे ग्रेड देने के लिए निर्देशित किया गया। इस संबंध जनपद के संघ के पदाधिकारियों ने सीएमओ डॉ संजय कुमार को ज्ञापन दिया है। इस मौके पर उपाध्यक्ष गिरजेश कुमार,जिला महामंत्री मनोज जायसवाल, अमरेन्द्र प्रताप सिंह,दीपक चौरसिया,अनूप कुमार चौधरी,शरद मिश्र,मनीष द्विवेदी, सुरेश कुमार कनौजिया आदि मौजूद रहे।

# योगी व मोदी की तारीफ करने पर पत्नी को दिया तीन तलाक

- एसपी के निर्देश पर पति समेत आठ पर केस दर्ज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के जरवल कस्बा निवासी एक महिला ने अयोध्या के विकास को देखकर योगी और मोदी की तारीफ कर दी। महिला जब अयोध्या ससुराल पहुंची तो पति ने प्रताड़ना करते हुए तीन तलाक दे दिया। गुरुवार को एसपी के निर्देश पर पुलिस ने पति समेत आठ के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जरवल रोड थाना क्षेत्र के जरवल कस्बा के मोहल्ला सराय निवासी मोहम्मद शरीफ ने अपनी पुत्री मरियम की शादी 13 दिसंबर 2023 को अयोध्या के कोतवाली नगर के मोहल्ला दिल्ली दरवाजा निवासी अरशद के साथ किया था।

पिता ने बताया कि बेटी एक सप्ताह पूर्व अयोध्या घूमने निकली तो उसने अयोध्या की खूबसूरती देखकर योगी और मोदी की तारीफ कर दी। जिस पर उसका पति आग बबूला हो गया और उसे मायके भेज दिया। दोबारा जब महिला अपने ससुराल गई तो पति ने तीन तलाक दे दिया। महिला का आरोप है कि पति ने गला दबा दिया, जिससे वह बेहोश हो गई।सास के कहने पर उसके पति अरशद ने रसोई से गैस चूल्हे पर रखी गर्म दाल लाकर उसके चेहरे पर फेंक दी। जिससे वह झुलस गई और मारपीट कर महिला को घर से निकाल दिया। पीड़ित मरियम ने थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। जिस पर महिला ने एसपी को शिकायती पत्र दिया। एसपी वृंदा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति अरशद , सास ,ससुर, ननद , देवर, देवरानी सहित आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष ब्रज प्रसाद ने बताया कि जांच के बाद गिरफ्तारी की जायेगी।

# भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, कई गंभीर

- पोल तोड़कर मंदिर में घुसा ट्रक
- घायलों को बाहर निकालकर पुलिस ने भेजा अस्पताल

**जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज।**




गोंडा जा रहा तेज रफ्तार ट्रेलर ट्रक अचानक तूफानी चौराहा पर अनियंत्रित होकर बाजार में घुस कर मंदिर से जा टकराया । जिससे चौराहे पर मौजूद एक व्यक्ति व एक बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई।

सूचना पर पहुंची जरवल रोड पुलिस ने तत्काल सभी घायलों को निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया गया है ।यहां से दो लोगों की हालत अत्यंत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ तथा दो लोगों को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया गया है। शुक्रवार दोपहर करीब 2:00 लखनऊ से गोंडा जा रहा एक ट्रेलर ट्रक जरवल रोड थाना क्षेत्र में तूफानी चौराहा पर अनियंत्रित होकर गल्ला मंडी बाजार में विद्युत पोल तोड़कर व चौराहे के पटरी दुकानदारों को रौंदते हुए काली मंदिर मे जा टकराया। जिससे जरवल रोड बाजार आए 28 वर्षीय मस्तराम पुत्र मोतीराम निवासी अईमा नथ्थनपुर थाना कैसरगंज जिला बहराइच तथा 10 वर्षीय अदिति पुत्र हीरालाल निवासी कोनहटा थाना करनैलगंज जिला गोंडा की तत्काल मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है। जबकि 43 वर्षीय अशोक कुमार पुत्र धर्मदत्त मिश्रा निवासी पचमरी जिला गोंडा, 40 वर्षीय नंगू पुत्र लल्लन निवासी परसा थाना जरवल रोड जिला बहराइच, 14 वर्षीय सुनील उर्फ जितेन पुत्र रामखेलावन निवासी बढइन पुरवा अलीपुर थाना जरवल रोड जिला बहराइच 35 वर्षीय बेबी पत्नी हीरालाल निवासी कोनहटा थाना करनैलगंज जनपद गोंडा, 38 वर्षीय पप्पू गुप्ता पुत्र सुंदर लाल निवासी अलीनगर थाना जरवल रोड, 7 वर्षीय शहजादी पुत्री अजमेरी निवासी परसा थाना जरवल रोड जिला बहराइच घायल हो गए। सूचना पर पहुंची जरवल रोड पुलिस ने सभी घायलों को निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया गया जहां से अशोक कुमार व नंगू की हालत अत्यंत नाजुक होने पर ट्रॉमा सेंटर लखनऊ भेजा गया जबकि सुनील उर्फ जितेन व बेबी पत्नी हीरालाल की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया गया है तथा पप्पू व शहजादी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में जारी है।

घटना के दौरान भारी मात्रा में भीड़ ने वाहन को घेर लिया सूचना पर पहुंची जरवल रोड पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल भेजा तथा भीड़ को काबू में करते हुए ट्रक में फंसे चालक को सुरक्षित निकालकर हिरासत में ले लिया तथा कड़ी मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को वहां से निकाला जा सका। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज अनिल कुमार सिंह ने भी घटनास्थल का जायजा लिया है व सभी बिंदुओं पर थाना प्रभारी से जानकारी ली है। जरवल रोड थाना प्रभारी बृजराज प्रसाद ने बताया कि मृतक केशव को पीएम के लिए बहराइच भेजा जा रहा है वह अन्य घायलों का इलाज करवाया जा रहा है तहरीर प्राप्त होते ही तत्काल मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

# गड्ढे में मिला युवक का शव, हड़कंप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- दो दिन पूर्व दिल्ली के लिए निकला था मृतक

जिले के लखनऊ-गोंडा मार्ग जरवल रोड बस स्टॉप तिराहे के निकट घूरनपुर मोड़ पर 30 वर्षीय युवक की सड़क किनारे गड्ढे में लाश बरामद हुई। सूचना पर जरवल रोड थानाध्यक्ष ने पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जरवल रोड थाना अंतर्गत जरवल रोड बस स्टॉप तिराहे पर दिल्ली के उद्देश्य से घर निकले राजू पुत्र अवध राम ग्राम पंचायत गुड़हिया नंबर 3 थाना कैसरगंज से जरवल रोड बस स्टॉप आए थे। यही से प्राइवेट बस के द्वारा दिल्ली कमाने के लिए युवक को दो दिन पूर्व जाना था। अज्ञात कारण से बस स्टॉप घूरनपुर मोड़ पर सड़क किनारे जल भराव के गड्ढे में उसका शव पड़ा मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के पास मिले कार्ड से उसकी पहचान की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। पुलिस पानी में डूबकर मौत की आशंका जता रही है। मालूम हो कि जरवल रोड बस स्टॉप तिराहे से दर्जनों प्राइवेट बस प्रतिदिन दिल्ली, पंजाब हरियाणा के विभिन्न प्रांत के जनपदों को जाती है। प्रतिदिन शाम को चार बजे के बाद बस स्टॉप पर कम से कम 500 सौ यात्री यही से अपने गंतव्य को प्राइवेट बस से जाते हैं।

# महिला मेट ने मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**मनरेगा में महिला मेट की अनिवार्यता करें लागू**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत में तैनात महिला मेट ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। महिला मेट की अध्यक्ष नंदिनी देवी की अगुवाई में सभी कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची। सभी ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के सभी कार्यों में महिला मेट की अनिवार्यता लागू कीजाए, 20 श्रमिकों की बाध्यता समाप्त कर न्यूनतम किया जाए, बकाया भुगतान दिलाने, अन्य योजना सहकर्मियों की तरह महिला मेट के लिए मानदेय निर्धारित करने, खाली जगह पर महिला मेट की भर्ती करने समेत आदि मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित जिलाधिकारी मोनिका रानी को दिया। इस दौरान श्रीदेवी, मीना, फखरपुर मीरा अवस्थी, विमला, सीमा मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

# विद्यालय व ग्राम स्तरीय समिति समुदाय की समन्वयक बैठक आयोजित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



- ग्राम प्रधान ने अपने व अपने आसपास के बच्चों को स्कूल भेजने का किया आह्वान

विकास खंड रिसिया के ग्राम पंचायत बागलाचक सविलियन विद्यालय जहांन चक मे प्रथम संस्था के तत्वाधान मे विद्यालय प्रबंध समिति, बाल संसद, किशोर /किशोरी, माता समूह, विजलेंस ग्रुप व आशा, आशा संगानी, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, स्कूल अध्यापक के साथ समन्वयक बैठक आयोजित हुई। उपरोक्त कार्यक्रम का संचालन संस्था के रिसिया ब्लॉक समन्वयक शिवनाथ मिश्रा ने किया। कार्यक्रम मे आये सभी लोगों का स्वागत किया व अपने बच्चों के हित मे संस्था व विद्यालय के साथ कदम से कदम मिलाते हुए सहयोग करने का आवाहन किया।

संस्था के समन्वयक राकेश चौबे द्वारा एसएमसी बाल संसद, किशोर /किशोरी व माता समूह के कार्य व कर्तव्य पर प्रकाश डालते हुए विधिवत चर्चा किया। तथा समन्वयक पर गंभीरता पूर्वक चिंतन कर सहयोग पर बल दिया। बच्चों की सीखने की क्षमता, अभिभावक कर्तव्य व ग्राम पंचायत मे सभी पदाधिकारी के कर्तव्य पर चर्चा कर बच्चों के हित मे आगे आकर संस्था के साथ घर घर जाकर जागरूकता करने पर सहमति बनायीं गयी। संस्था के जिला समन्वयक अश्विनी सिंह ने बाल अधिकार, टोल फ्री नंबर व बच्चों के हित मे संस्थागत व सरकारी योजनाओं का विस्तार पूर्वक चर्चा किया व पात्र दिलाने का आश्वासन दिया।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कुमार सिंह ने संस्था के कार्यों मे सभी को बढ़ चढ़ कर भाग लेने व सहयोग करने तथा अपने व अपने आसपास के बच्चों को स्कूल भेजने का आवाहन किया। सविलियन विद्यालय की प्रधानाचार्य सबीहा खातून ने विद्यालय मे बच्चों की सुविधा एसएमसी कार्य व कर्तव्य तथा सभी अभिभावक से बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने का निवेदन किया व संस्था को सहयोग के लिए व अच्छे कार्य के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम मे आशा, आशा संगनी, प्रधान, अध्यापक,बच्चे व तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

# बच्चों के स्वास्थ्य-सुरक्षा के लिए टीकाकरण महत्वपूर्ण : सीएमओ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- न केवल बच्चों, बल्कि पूरे समाज को बीमारियों से सुरक्षित रखता है टीकाकरण



टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने का एक महत्वपूर्ण और सुरक्षित तरीका है। यह न केवल बच्चों, बल्कि पूरे समाज को बीमारियों से सुरक्षित रखता है। टीकाकरण न होने पर हम उन बीमारियों के पुनः पनपने का जोखिम उठाते हैं, जो पहले से नियंत्रित हैं। जनपद में हर वर्ष 1.25 लाख से अधिक बच्चों का टीकाकरण किया जाता है। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय संस्था गावी ने प्रदेश के 60 जिलों को चिन्हित किया है, जिसमें अपना बहराइच भी शामिल है, ताकि एक वर्ष तक के बच्चों का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित हो सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया, ÷टीकाकरण ने लाखों बच्चों की जान बचाई है और उन्हें विभिन्न संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखा है। यह प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित है और हर बच्चे के स्वास्थ्य और विकास के लिए आवश्यक है।÷ उन्होंने अभिभावकों को टीकाकरण से संबंधित भ्रांतियों से बचने और सही समय पर बच्चों का टीकाकरण कराने की सलाह दी।

***सुरक्षित और प्रभावी टीके :-*** सीएमओ ने बताया कि वैक्सीन की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए उन्हें विशेष फ्रीजर में रखा जाता है। तापमान की निगरानी के लिए जिला और राज्य कंट्रोल रूम में अलार्म सिस्टम होता है। वैक्सीन को क्षेत्र में ले जाने के लिए आइस पैक युक्त बॉक्स का उपयोग किया जाता है। वैक्सीन की गुणवत्ता की जांच के लिए वैक्सीन वायल मॉनिटर का उपयोग किया जाता है जो गुणवत्ता कम होने पर अपना रंग बदल देता है। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ डब्ल्यूएचओ, यूएनडीपी, यूपी- टीएसयू और यूनिसेफ जैसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भी करती हैं।

**12 प्रकार की बीमारियों से सुरक्षा**

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डॉ. एस.के. सिंह ने बताया कि टीकाकरण 12 गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। ये टीके बच्चों को पांच साल में सात बार एक निश्चित आयु पर दिए जाते हैं, जिसमें जन्म के समय, डेढ़ माह, ढाई माह, साढ़े तीन माह, नौ माह, डेढ़ साल, और पांच साल की आयु शामिल है। इसके अलावा, गर्भवती महिलाओं को भी टीडी के टीके दिए जाते हैं, ताकि माँ और शिशु दोनों सुरक्षित रहें।

**टीके के बाद बुखार**

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि टीके के बाद बुखार आना सामान्य है और यह संकेत है कि टीका प्रभावी है। अधिक तापमान होने पर बुखार की दवा दी जाती है। इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि बच्चे को स्तनपान कराएं और दवाओं का सेवन कराएं।

**एक साथ कई टीके**

कुछ अभिभावकों की शिकायत होती है कि एक साथ कई टीके क्यों लगाए जाते हैं। इस बारे में डब्ल्यूएचओ के सर्विलान्स मेडिकल ऑफिसर डॉ विपिन लिखोरे ने बताया कि डेढ़ महीने की आयु पर एक साथ तीन इंजेक्शन लगाए जाते हैं, जो पोलियो, काली खांसी, गलाघोंटू, टिटनेस, हेपेटाइटिस-बी, हिब संक्रमण और निमोनिया से बचाते हैं। इसके साथ ही रोटा और पोलियो की खुराक भी दी जाती है।

# पुलिस पर लगा मुकदमा न लिखने का आरोप

**मुकदमा न लिखे जाने से नाराज एमसीएफ कर्मचारियों ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार**



लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रेल कोच कारखाना के आवासीय परिसर में लगातार हो रही चोरियों व पुलिस के द्वारा मुकदमा दर्ज न करने से नाराज लोगों ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रेल कोच कारखाने का है जहां बीते 18 अगस्त को एक साथ 15 घरों में बेखौफ चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात व नगदी समेत लगभग 50 लाख रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया था, पुलिस अभी इस घटना की जांच कर ही रही थी कि बेखौफ चोरों ने 21 अगस्त को एक बार फशु0 घरों को निशाना बनाते हुए अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात और नगदी समेत लगभग 40 लाख रुपए से अधिक के माल पर हाथ साफ कर दिया, लगातार हो रही चोरियों से आवासीय परिसर में रहने वाले कर्मचारी दहशत में है उन्होंने पुलिस पर एप्लीकेशन देने के बाद भी मुकदमा दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से अधीक्षक से शिकायत की है कि अगर जल्द चोरियों का खुलासा नहीं किया गया तो हम लोग अपना आवास छोड़ने को मजबूर हो जाएंगे।

## भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा एक सितम्बर तक लागू : डीएम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जनपद में 25 अगस्त को चेहल्लुम 26 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 23, 24, 25 व 30, 31 अगस्त 2024 को उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा सम्पन्न होगी। इसके अतिरिक्त संचारी रोगों के प्रभावी रूप से रोकथाम के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देश का क्रियान्वयन किया जाना है। उक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत वर्तमान में समयाभाव के कारण पक्षों को सुनने के उपरान्त आदेश पारित किया जाना सम्भव नहीं है।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए एकपक्षीय रूप से 22 अगस्त से 01 सितम्बर 2024 तक निषेधाज्ञा जारी किया है।

# राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति ने अस्पताल व वृद्धा आश्रम में किया फल वितरण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति के संयोजन में जिला अस्पताल महिला जिला अस्पताल एवं वृद्धा आश्रम में फल का वितरण किया गया पूर्व जिला अध्यक्ष एवं संरक्षक इंद्रेश विक्रम सिंह के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने करीब 600 मरीजों को फल का वितरण किया।

इस अवसर पर संरक्षक इंद्रेश विक्रम सिंह ने कहा कि राना बेनी माधव बक्स सिंह की जयंती के अवसर पर मरीजों को फल का वितरण कराया गया। श्री सिंह ने कहा कि मरीजों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। अमर सेनानी राणा बेनी माधव बक्स सिंह सिंह ने देश की सेवा के लिए अपना सर्वोच्च न्योछावर कर दिया था। 18 महीने तक अवध क्षेत्र को आजाद रखने वाले अमर सपूत राणा ने कभी भी हर नहीं मानी थी अंग्रेजों के दांत खट्टे कर उन्होंने देश की सेवा की थी। डा शशिकांत शर्मा ने कहा कि समिति हर वर्ष निस्वार्थ भाव से मरीजों को फल वितरित कर रही है। राकेश सिंह भदौरिया ने कहा कि समिति की ओर से हर वर्ष सेवा भाव से मरीजों व गरीबों की सेवा की जाती है। फल वितरण कार्यक्रम प्रभारी राजेंद्र बहादुर सिंह कछवाह राजन ने कहा कि निश्चल भाव से की गई सेवा ही सच्ची सेवा है समिति निश्चल भाव से ही सामाजिक कार्य कर रही है। विजय रस्तोगी ने कहा कि समिति के सार्थक प्रयास से ही आज मुख्यमंत्री जी के आशीर्वाद से रायबरेली में राणा बेनी माधव सभागार का निर्माण हो रहा है। इस अवसर पर रवींद्र सिंह, सीएमएस डा प्रदीप अग्रवाल, डा जेके लाल, राम बली सिंह, एसपी सिंह, आरबी सिंह, धनंजय सिंह, संतोष सिंह, शिवम सिंह, डा रवि प्रताप सिंह, महेंद्र अग्रवाल, अमित सिंह, गोविंद सिंह, कमलेंद्र सिंह भदौरिया, सुनील भदौरिया, सिबिल रावत, मोहित यादव, संजय मंत्री, लाली सिंह, अंकुश यादव, दिलीप, प्रिंस क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी आदि उपस्थित रहे।

## बाइक-पिकअप की टक्कर में तीन गंभीर रूप से घायल

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




पिकअप की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे ठकुराइन मजरे नरसवा गांव के आकाश पुत्र अमरनाथ उम्र लगभग 18 वर्ष, शिवम पुत्र रामप्रताप उम्र लगभग 20 वर्ष व महेश पुत्र राममिलन उम्र लगभग 35 वर्ष जो घर से राही जा रहे थे तभी बहेरिया त्रिपुला के पास तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर लगने के बाद बाइक पर बैठे तीनों युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पीआरवी 1763 के जवान भूपेंद्र सिंह, अनुराग वर्मा एवं राहगीरों की मदद से डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार हेतु लाया गया। जहां पर तीनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक प्रदीप कुमार गुप्ता ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। डलमऊ कोतवाल पवन कुमार सोनकर ने कहा कि घायलों का उपचार कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला क्रीडाधिकारी धीरेंद्र कुमार पुरुषोत्तम ने बताया है कि भारत सरकार एवं मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के अनुपालन में राष्ट्रीय खेल दिवस 2024 के उपलक्ष्य में 26 से 31 अगस्त 2024 तक खेल सप्ताह दिवस मनाये जाने का आदेश प्राप्त हुआ है। आदेशों के अनुपालन में 26 से 31 अगस्त 2024 तक जिला खेल कार्यालय, रायबरेली में स्थानीय लोकप्रिय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जायेगा, जिसका उदघाटन 26 अगस्त को तथा समापन/पुरस्कार वितरण 31 अगस्त 2024 को किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि प्रतियोगिता जूनियर बालक/बालिका वर्गों में कराई जायेगी। फुटबाल बालक जूनियर वर्ग प्रतियोगिता 27 अगस्त को आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 28 से 29 अगस्त को क्रिकेट, टेनिस बाल बालक जूनियर वर्ग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 30 अगस्त को खो-खो बालक जूनियर वर्ग, 31 अगस्त को खो-खो बालिका जूनियर वर्ग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला क्रीडाधिकारी ने बताया है कि प्रतियोगिता के विजेताओं को आर्कषक पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बालक/बालिकाओं की प्रविष्टी नि:शुल्क है, एवं भाग लेने वाले खिलाड़ी अपनी प्रविष्टी जिला खेल कार्यालय रायबरेली में दर्ज करा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, रायबरेली में सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

### ब्रह्मा बाबा के स्थान पर लगवाया गया वाटर कूलर पिछले कई दिनों से खराब

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला द्वारा ब्रह्मा बाबा के स्थान, मोहल्ला गांधी नगर पुलिस चौकी के सामने लगवाए गए वाटर कूलर के खराब होने से मोहल्ले के निवासियों को बीते तीन दिनों से शुद्ध पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से लगाए गए इस वाटर कूलर से लंबे समय तक क्षेत्रवासियों को शीतल और शुद्ध पेयजल प्रदान नहीं हो सका। जब से यह वाटर कूलर लगा है तब से लेकर आज तक शायद कोई भी हफ्ता ऐसा बचा हो जिस हफ्ते में यह वाटर कूलर खराब न हुआ हो। कोई न कोई तकनीकी खराबी इस वाटर कूलर में हर हफ्ते विद्यमान रहती है जिससे सरकार के स्वस्थ जल मिशन को पलीता लग रहा है। कूलर के कंडेंसर में आई तकनीकी खराबी के चलते यह सुविधा एक बार फिर अस्थायी रूप से बंद हो गई है। इस समस्या के बारे में सभासद राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कंडेंसर में आई खराबी के कारण वाटर कूलर ने काम करना बंद कर दिया है। उन्होंने बताया है कि संबंधित तकनीकी टीम को सूचना दी जा चुकी है और कंडेंसर की मरम्मत का कार्य कल तक पूरा होने की उम्मीद है। इस असुविधा के चलते मोहल्ला गांधी नगर के वासी, पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। जहां एक ओर नगर पालिका के प्रयासों की सराहना की जाती है, वहीं दूसरी ओर इस प्रकार की तकनीकी समस्याएं जनता की परेशानी का कारण बन रही हैं। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका से जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान की अपील की है ताकि उन्हें फिर से शुद्ध और शीतल पेयजल की सुविधा मिल सके।

### प्रशिक्षण के लिए 50 कृषक सेवरही रवाना

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** गन्ना विकास परिषद, उतरौला, बलरामपुर द्वारा 50 गन्ना कृषकों के दल को गेंदा सिंह गन्ना प्रजनन एवं शोध संस्थान, सेवरही के लिए रवाना किया गया। तड़के सुबह से ही विभिन्न ग्रामों से आए हुए कृषक परिषद के प्रांगण में इकट्ठा होने लगे। समिति क्षेत्र के गन्ना कृषकों का स्वागत अतुल कुमार सिंह, प्रचार प्रसार प्रभारी द्वारा किया गया। कृषकों को समिति प्रांगण में खड़ी बस में बैठने के पश्चात नरेंद्र सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, उतरौला द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। परिषद द्वारा भेजे गए कृषक वहां कृषि वैज्ञानिकों से गन्ने की उत्पादन लागत घटाने, उत्पादन बढ़ाने एवं कृषकों की आमदनी दोगुना किए जाने हेतु तकनीकी प्रशिक्षण एवं आधुनिक तकनीक की जानकारी प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर कृषकों को शोध केंद्र के फील्ड विजिट के माध्यम से भी तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगी, जिससे गन्ने में हो रहे नवाचार को वे अंगीकार कर सकें। नरेंद्र सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षा के द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण स्थल पर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने, कृषकों को फील्ड विजिट, विषय विशेषज्ञों से वार्ता, प्रशिक्षण सामग्री, जलपान एवं भोजन आदि की व्यवस्था संस्थान के द्वारा की जाएगी। इससे पूर्व भी 27 फरवरी 2024 को 50 कृषकों ने सेवरही शोध केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त किया था। यह प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा इच्छुक एवं जिज्ञासु किसान अगली बार प्रशिक्षण हेतु सेवरही शोध केंद्र जा सकते हैं। इस अवसर पर अखिलेश कुमार, अमित कुमार शाह, सनोज कुमार रावत, एवं प्रशिक्षण हेतु आए हुए कृषक मौजूद रहे।

### छेका बांध को हटवाए जाने की मांग

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** सुवांव नाले पर अवैध छेका बांध लगाकर पानी के बहाव को बाधित करने के विरोध में क्षेत्र वासियों ने एक शिकायती पत्र उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार को सौंपा। क्षेत्रवासी संजय चौहान,राजीव कुमार,शकील अहमद,गोबरे,जनक राम मौर्या,रक्षाराम, अयोध्या प्रसाद,बलिराम, मुस्तफा,राम मनोरथ आदि ने कहा है कि ग्राम नियामत जोत व राजा जोत के बीच में सुवांव नाले पर कुछ लोगों द्वारा मत्स्य आखेट करने के उद्देश्य से अवैध छेका बांध लगा दिए हैं जिससे पानी का बहाव नही हो पाता है।जिसके चलते क?ई गांवों के सैकड़ो बीघा धान की फसल जलमग्न हो गया है।यदि कुछ दिनों तक पानी में डूबा रहा तो धान की फसल नष्ट हो जाएगी और गेहूं की बोआई भी बाधित होने की प्रबल आशंका है। ग्रामीणों ने सुवांव नाले पर अवैध तरीके से लगाए गए छेका बांध को हटवाए जाने की मांग की है। जिससे फसलों को बचाया जा सके।



### प्रदेश स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह में लालगंज व्यापार मंडल ने की सहभागिता

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह में लालगंज के व्यापार मंडल ने भी जिला प्रभारी विवेक शर्मा के नेतृत्व में सहभागिता की है। वही लालगंज नगर के मृत्युंजय बाजपेई ने प्रदेश संगठन मंत्री के पद की शपथ ग्रहण की है। लालगंज नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल की अगुवाई में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ही एक ऐसा व्यापार मंडल है जो राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर व्यापारियों के हित में सदैव अग्रसर भूमिका निभाता है। इसके अलावा जिला अध्यक्ष रोहित सोनी नगर महामंत्री शिवम गुप्ता ,जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, शीलू त्रिवेदी ,कौशलेंद्र कंचन अनिल सिंह दुर्गा सिंह राठौर ओमप्रकाश शुक्ला हरी शंकर गुप्ता अफसर खान सुरेश सोनकर विनोद गुप्ता कैलास गुप्ता हंसराज विश्वकर्मा पुतान विश्वकर्मा गंगासागर विश्वकर्मा अमित विश्वकर्मा बासु गुप्ता आशुतोष शुक्ला शीलू त्रिवेदी अभिषेक मिश्रा आदि व्यापारियों ने भी सहभागिता की है।

# और जब अंग्रेजों के थाने पर कर लिया था राणा ने कब्जा : प्रभात साहू

## महराजगंज की धरती से जुड़ा है राणा बेनी माधव बक्श सिंह का इतिहास

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रायबरेली जिले की आन बान और शान जिनके नाम में ही वीरता झलकती हो एक ऐसे महापुरुष जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन अपनी मातृभूमि की रक्षा करने के लिए समर्पित कर दिया और अंग्रेजों से लगातार लोहा लेते रहे हमारे महाराजगंज क्षेत्र में प्रसिद्ध हनुमान जी के मंदिर की स्थापना की गई आज जब भी हम कहीं जाते हैं तो इस वीर की चर्चा हर जगह होती रहती है देश भक्ति क्या होती है मातृभूमि से कोई इतना प्यार कैसे करता है की मातृभूमि के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर देता है इसके जीते जागते उदाहरण थे राणा बेनी माधव बक्श सिंह यह उद्गार चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू नगर पंचायत में राणा बेनी माधव का जन्मदिवस मनाते हुए व्यक्त कर रहे थे।

श्री साहू ने कहा आज जहां हम लोग आजादी के साथ घूम रहे हैं रायबरेली जिले के एक वीर सपूत ने ऐसा कार्य किया कि आज हम सभी को राणा बेनी माधव बक्श सिंह के नाम पर गर्व होता है अंग्रेजों से लोहा लेते हुए कई वर्षों तक संघर्ष किया ।लोगों द्वारा इस महापुरुष के बारे में एक कहानी और प्रचलित है कि अंग्रेजों से लोहा लेते हुए एक बार राणा बेनी माधव ने महराजगंज थाने पर कब्जा कर लिया था।

उस समय महराजगंज थाना अंग्रेजों के द्वारा बनवाया गया था और अंग्रेज ही थाने को चलाते थे लेकिन इस स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ने अंग्रेजों को उनकी औकात बताते हुए थाने पर कब्जा करते हुए अपना झंडा गाड़ दिया था।

# प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए सीएमपीएस के दो विद्यार्थियों का चयन

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



बृहस्पतिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम हरदोई में मंडलीय विद्यालयी बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक हरदोई बालमुकुंद प्रसाद, जिला क्रीड़ा सचिव हरदोई हंसराज कुशवाहा के द्वारा किया गया प्रतियोगिता में मंडल के कई जनपदों के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज लालगंज के छात्र प्रखर शुक्ला का चयन अंडर-19 बालक वर्ग में तथा विद्यालय के छात्र अक्षत बाजपेई का चयन अंडर 17 बालक वर्ग में प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए किया गया।

प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने दोनों छात्रों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया व माला पहनाकर,प्रतीक चिन्ह देकर उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा की निश्चित रूप में यदि बच्चे मन से चाह ले तो कुछ भी कर सकते हैं इन बच्चों से विद्यालय के अन्य बच्चों को प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरे मन से प्रयास करना चाहिए।

विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपनी खुशी व्यक्त की।

# अनियंत्रित स्कॉर्पियो नाले से टकराकर सड़क पर पलटी, पिता-पुत्र समेत चालक घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर पहुंरावा गांव के पास एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो हाईवे किनारे बने नाले से टकराकर पलट गई। गनीमत रही कि स्कार्पियो सवार लोगों को मामूली चोटे आई । जिनका सूचना पर पहुंची एनएचएआई की एंबुलेंस से पहुंचे स्वास्थ्य कर्मियों ने इलाज किया है।

गिरिडीह झारखंड राज्य के रहने वाले अमित कुमार पांडे उम्र लगभग 40 वर्ष अपने पिता जयप्रकाश पांडे उम्र लगभग 63 वर्ष के इलाज के लिए चालक मनोज राणा पुत्र रामलाल के साथ-साथ स्कॉर्पियो से झारखंड प्रदेश से लखनऊ पीजीआई जा रहे थे। शुक्रवार सुबह लगभग दस बजे लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर पहुरावां गांव के पास स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे बने नाले से टकरा गई। तेज टक्कर के चलते वाहन के बायीं तरफ का अगला पहिया टूट कर वाहन से अलग हो गया। और टायर के चिथड़े उड़ गए । जिससे स्कॉर्पियो पलट गई। गनीमत रही कि हादसे में चालक समेत पिता पुत्र को मामूली चोटे आई। जिनका एंबुलेंस से पहुंचे स्वास्थ्य कर्मियों ने इलाज किया है। घायलो ने बताया कि नींद के चलते झपकी आने से वाहन अनियंत्रित होकर नाले से टकरा गया है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। स्कार्पियो सवार लोग सुरक्षित है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# श्री रामतीर्थ चौधरी ग्रुप ऑफ कॉलेज का वार्षिक बैठक सम्पन्न

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**




शुक्रवार को श्री रामतीर्थ चौधरी ग्रुप ऑफ कॉलेज उतरौला बलरामपुर की सत्र-2024-25 की वार्षिक शैक्षणिक योजना बैठक डीएलएड संस्थान शिवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन इमिलिया बनघुसरा के मान्यवर श्यामलाल वर्मा सभागार में आयोजित हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रुप के निदेशक शुभम वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व शिक्षा के भागीरथी एवं श्री रामतीर्थ चौधरी ग्रुप आफ कॉलेज के संस्थापक पूर्व विधायक मान्यवर श्यामलाल वर्मा के चित्र पर माल्यार्पण करके किया।

आयोजक संस्था शिवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ पवन कुमार नन्दा ने योजना बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न बिंदुओं को प्रस्तावित किया जिसका सभी संस्था प्रमुखों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ रमाकांत वर्मा ने कहा कि सभी संस्थाओं को एक साथ मिलकर सहयोग करते हुए आगे बढ़ना है उन्होंने कहा कि अनुशासन, संसाधन व पठन पाठन को बेहतर बनाए रखना ही मुख्य लक्ष्य है।

खेल प्रशिक्षक कु.अंशु वर्मा ने ग्रुप के स्कूल कॉलेज को प्रदेश स्तर स्थान दिलाने का भरोसा दिलाया। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री राम तीर्थ चौधरी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ हवलदार वर्मा ने कहा कि हम सभी को टीम की तरह काम करना है और अनुशासन व पाठयक्रम पर विशेष ध्यान देते हुए संस्थापक मान्यवर श्याम लाल वर्मा जी के सपनों को साकार करना है। योजना बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार मान्यवर श्यामलाल वर्मा प्रतिभा खोज परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी कन्या इन्टर कालेज इमलिया बनघुसरा की होगी। जबकि स्थापना दिवस समारोह का दायित्व श्री राम तीर्थ चौधरी डिग्री कॉलेज एवं शिवा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन को दिया गया। ग्रुप ऑफ कॉलेज की वार्षिक पत्रिका संस्कार के प्रकाशन का दायित्व महाविद्यालय ने लिया। योजना बैठक में श्री रामतीर्थ कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती लक्ष्मी वर्मा,पब्लिक स्कूल इंग्लिश मीडियम की प्रिंसिपल कु.पूजा वर्मा, कन्या इंटर कॉलेज गौर गुमडी के प्रधानाचार्य सुशील श्रीवास्तव, लोकहित इंटर कॉलेज दुधरा गैंडास बुजुर्ग के प्रधानाचार्य जीतेन्द्र सिंह राठौड़, एमपीडी महिला छात्रावास की वार्डन आशुतोष साहनी, पुस्कालयाध्यक्ष रामकुमार जायसवाल, बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. रामसरन सिंह, बच्छराज वर्मा, राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय एवं एनआईओएस अध्ययन केंद्र के सहायक समन्वयक विकास शर्मा, राहुल वर्मा , माधवी सिंह,सुमन पांडे, कार्यालय अधीक्षक मंशाराम यादव ,आफताब आलम,राम जानकी गुप्ता, शगुन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# राप्ती के उफान से सैकड़ों घरों में घुसा पानी, आवागमन बंद



**महुआ बाजार (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है बल्की बढ़ती ही जा रही है। लगातार तीन बार बाढ़ आ जाने से फसलें नष्ट होने के कगार पर पहुंच गई है। अधिकतर गांवो मे धान की फ़सल पूरी तरह नष्ट हो चुका है उपर से बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

बाढ़ प्रभावित गांवो की स्थित गंभीर है किंतु कोई पुरसाहाल नही है। चारो तरफ से पानी से घिरे हुए गांव जहां पशुओ के लिए हरा चारा नही मिल पा रहा है। ग्राम पंचायत तिलखी बढ़या, बभनी बुजुर्ग,मटियारिया कर्मा, मोहनजोत, बघाजोत सर्वाधिक समस्या से जूझ रहे हैं। क्योंकि राप्ती नदी पर बना तटबंध का गैप यही खुला हुआ है जिससे सारा पानी इकट्ठा इन्ही गांवो के लिए काल बना हुआ हैं। ग्रामीण धर्म प्रकाश बभनी बुजुर्ग ने बताया कि बीते वृहस्पतिवार को शोभाराम के धर्म पत्नी की मृत्यु हो गई लेकीन बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के नाते कही अंतिम संस्कार करने की जगह नही है। ग्रामीणों ने जन प्रतिनिधियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि हर चुनाव में प्रचार में आए हुए नेताओ से सिर्फ तटबंध की मांग हम लोगों ने किया, और हर बार आश्वासन मिलता रहा किंतु आज तक सांसद राजा भैया हम लोगों के दु:ख दर्द को नही समझे और न ही तटबंध बनवाने का पहल किया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र वासियों ने बताया कि बाढ़ का पानी निकल जाने के बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा और धरना प्रदर्शन किया जाएगा क्योंकि तीसरी बार सांसद बनाया गया और अब इंतजार नही कर सकते।

याचना नही अब रण होगा।

गोपाल चौधरी, देवेन्द्र कुमार मिश्र, दुर्गा यादव, शिव सागर यादव, भागवत प्रसाद मिश्र, दिलीप कुमार मिश्रा, राजू गुप्ता, विनोद उपाध्याय, माधव शरन श्रीवास्तव, आदि ने तटबंध बनवाने की मांग की है।

# सीएमओ ने किया चौबे भितवरिया गांव का भ्रमण

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने डायरिया प्रभावित ग्राम चौबे भितवरिया का भ्रमण कर डायरिया प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल लिया। सीएमओ ने ग्रामवासियों से कहा कि पीने का पानी साफ और उबाल कर पिए , दस्त होने पर ओआरएस का घोल बना कर पिएं , साथ में जिंक की गोली का सेवन लगातार चौदह दिन तक अवश्य करें। पीने के पानी में क्लोरीन का टेबलेट डाल कर इस्तेमाल करें।सीएमओ ने बताया कि दस्त के दौरान बच्चों का विशेष ध्यान रखें। दस्त के दौरान बच्चों को ओआरएस घोल और जिंक की खुराक अवश्य दें। दस्त ठीक होने के बाद भी 14 दिनों तक बच्चों को जिंक की खुराक देते रहें। दस्त के दौरान मां का दूध तरल एवं खाद्य पदार्थ बच्चों को देते रहें। बच्चों को कुछ भी खिलाने से पहले साबुन से हाथ अवश्य धोएं और बच्चों की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। सीएमओ ने बताया कि जनपद स्तरीय रैपिड रिस्पांस टीम के द्वारा संक्रामक रोग से प्रभावित चौबे भितवरिया के प्रत्येक गृह का भ्रमण किया गया है । भ्रमण के दौरान सभी घरों में क्लोरीन की टेबलेट, ओआरएस पैकेट और मेडिसिन किट का वितरण किया गया है। साथ ही साथ निरोधात्मक कार्यवाही के अंतर्गत एंटी लारवा का छिड़काव और फॉगिंग का कार्य एवम् ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव छिड़काव कराया गया।

टीम के द्वारा 34 व्यक्तियों का रक्त परीक्षण किया गया।जिसका परिणाम ऋणात्मक रहा। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ श्याम जी श्रीवास्तव, डॉ प्रणव पाण्डेय, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, डीएमओ राजेश पाण्डेय, मलेरिया निरीक्षक हिमांशु वर्मा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवपुरा के स्टाफ उपस्थित रहे।

### हजरत अली असगर की याद में ताबूत बरामद

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** मरहूम आज़ादर हुसैन साहब की अजा खाने से हजरत अली असगर की याद में ताबूत बरामद किया गया जिसमें अंजुमन ने कमरे बनी हाशिम के नोहा खान शारीब रिजवी अली जाफरी, मोहसिन रिजवी, जकारिया रिजवी ने नौहा पढ़ा, जिससे लोगों की आंखें नम हो गई। जुलूस से पहले एक मजलिस का आयोजन किया गया जिसको मौलाना फिदा हुसैन साहब ने खिताब फरमाया और जुलूस के बाद मौलाना मोहम्मद अली साहब, मौलाना सिब्ते हैदर साहब की मौजूदगी में सभी नोहा खानों को इनाम से नवाजा गया। जुलूस में अनीसुल हसन एडवोकेट, अरशद, सलमान, समीर, जावेद, शब्बीर अली, डॉक. निहाल, आमिर कि साथ-साथ सभी हकीदत मंद शामिल रहे।

# महिला सुरक्षा का प्रश्न

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक की यौन हिंसा के बाद हुई हत्या ने एक बार फिर साबित किया है कि देश में कामकाजी महिलाओं के लिये कार्यस्थल पर परिस्थितियां कितनी असुरक्षित हैं। वह भी इतनी भयावह कि कार्यस्थल पर ही प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ यह सब वीभत्स घट जाता है। निश्चित रूप से कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न मानव अधिकारों का सरासर उल्लंघन ही है। कार्यस्थल पर महिलाओं के लिये सुरक्षा अनुकूल वातावरण बनाने के मद्देनजर विशाखा दिशा-निर्देश जारी करने के सत्ताईस साल बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को डॉक्टरों की सुरक्षा को संस्थागत बनाने के लिये तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। वहीं दूसरी ओर देश की सर्वोच्च अदालत के निर्देश के अनुपालन हेतु गठित एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स को चिकित्सा पेशवरों की सुरक्षा, महिला चिकित्सकों के लिये अनुकूल कामकाजी परिस्थितियां बनाने तथा उनके हितों की रक्षा के लिये प्रभावी सिफारिशें तैयार करने का काम सौंपा गया है। विश्वास किया जाना चाहिए कि ये सिफारिशें यदि जमीनी स्तर पर भी प्रभावी साबित हुई तो किसी भी पेशे में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा के लिये असरकारी साबित होंगी। लेकिन यह तभी संभव है जब सभी हितधारक एक स्तर पर एकजुट होकर इस दिशा में काम करेंगे। निस्संदेह, किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना होने के वक्त तमाम तरह के उपक्रम होते हैं, लेकिन कुछ समय बाद सब कुछ ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। यही वजह है कि नई कार्ययोजना बनाते समय इस बात का आकलन करने की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है कि महिला सुरक्षा को लेकर मौजूदा कानून और दिशा-निर्देश जमीनी स्तर पर बदलाव लाने में कितने सफल रहे हैं। सही मायनों में कानून बनाने और दिशा-निर्देश जारी करने से ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि उनका अनुपालन कितने पारदर्शी व संवेदनशील दृष्टि से किया जाता है। साथ ही विगत के अनुभवों से भी सबक लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि वर्ष 2012 के निर्भया कांड के बाद देश में कोलकाता कांड में भी उसी तरह की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसके बाद आवश्यकता महसूस की गई कि ऐसे क्रूर अपराधियों को सख्त से सख्त सजा देने वाले कानून लाये जाएं। कालांतर देश में यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम अस्तित्व में आया। दरअसल, महिलाओं के लिये सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ ही विशाखा दिशा-निर्देशों के विस्तार के रूप में इसे अधिनियमित किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले साल, देश की शीर्ष अदालत ने इस अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में गंभीर खामियों की ओर इशारा किया था।


# चंबा प्रकृति में समृद्ध, विकास में पिछड़ा

**कुलभूषण उपमन्यु**

हिमाचल प्रदेश का जिला चंबा आजादी से पहले उत्तर पश्चिमी हिमालय का एक मुख्य रजवाड़ा हुआ करता था. जो आजादी के बाद हिमाचल प्रदेश में 1948 में शामिल हुआ और जिला चंबा कहलाया। हालांकि लाहौल का भी कुछ क्षेत्र चंबा रजवाड़े का भाग हुआ करता था जिसे चंबा-लाहौल कहा जाता था। पंजाब-हिमाचल के पुनर्गठन के बाद कुल्लू लाहौल का मुख्य भाग भी जब हिमाचल में शामिल हो गया तब चंबा लाहौल वाला क्षेत्र जिला लाहौल-स्पिति में डाल दिया गया। चंबा रजवाड़ा शासन के अंतर्गत अन्य पहाड़ी रजवाड़ों से विकसित और प्रगतिशील माना जाता था। जहां 1870 से पहले राजा श्री सिंह के समय आधुनिक चिकित्सालय का निर्माण हो चुका था। राजा शाम सिंह के समय जिसे 40 बिस्तर का अस्पताल बनाया गया। राज्य के दूरदराज हिस्सों को सड़कों से जोड़ा गया। विद्यालय खोले गए। प्रतिभाशाली छात्रों को राज्य से बाहर पढ़ने के लिए छात्रवृत्ति देने की व्यवस्था हुई। 1881 में एशिया का पहला कुष्ठ रोग चिकित्सा केंद्र खोला गया। राज्य में डाक व्यवस्था से संपर्क व्यवस्था खड़ी की गई। 1908 में भूरी सिंह संग्रहालय की स्थापना हुई। 1910 में जल विद्युत पॉवर हाउस बनाया गया। जब चंबा में बिजली थी तब कांगड़ा और अन्य हिमाचली रजवाड़ों में कहीं भी बिजली नहीं थी।

आजादी के समय पहाड़ी क्षेत्रों को पंजाब के पहाड़ी क्षेत्र कह कर पंजाब में मिलाने की बात हो रही थी। उसके पीछे तर्क छोटे राज्य के लिए आर्थिक संसाधन जुटाना संभव नहीं था। उस समय हिमाचल के पूर्वी छोर पर तीन जिले मंडी, शिमला और सिरमौर ही हिमाचल में शामिल हो रहे थे। चंबा तो अलग-थलग पश्चिमी छोर पर था। किन्तु चंबा ने प्रजामंडल के माध्यम से अलग पहाड़ी प्रदेश की मुहिम में शामिल होकर हिमाचल के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और हिमाचल के गठन को संभव बनाया। बिलासपुर रजवाड़ा तो बाद में 1952 में हिमाचल में मिला। इसलिए चंबा के महत्व को उस समय के नेतृत्व ने समझा और समय के साथ चलने के लिए जरूरी विकास कार्य बखूबी हुए। बिजली को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने का कार्य 1955 के बाद ही आरंभ हो गया। उस समय हिमाचल सी. श्रेणी राज्य था जिसे पर्याप्त केन्द्रीय सहायता प्राप्त थी। चंबा की प्रमुख ग्रामीण सड़कों का निर्माण शुरू हुआ। प्रदेश का पहला सामुदायिक विकास ब्लाक भटियात (चंबा) में खोला गया।

स्कूलों के भवन, पटवारखाने आदि के भवन बनाए गए। दुर्भाग्य से राज्य पुनर्गठन के बाद चंबा का राजनैतिक कद छोटा होता गया। चंबा धीरे-धीरे पिछड़ता गया। आज देश के 112 सबसे पिछड़े जिलों में इसकी गणना हो रही है। हिमाचल प्रदेश में भी चंबा



**इसलिए चंबा के महत्व को उस समय के नेतृत्व ने समझा और समय के साथ चलने के लिए जरूरी विकास कार्य बखूबी हुए। बिजली को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने का कार्य 1955 के बाद ही आरंभ हो गया। उस समय हिमाचल सी. श्रेणी राज्य था जिसे पर्याप्त केन्द्रीय सहायता प्राप्त थी। चंबा की प्रमुख ग्रामीण सड़कों का निर्माण शुरू हुआ। प्रदेश का पहला सामुदायिक विकास ब्लाक भटियात (चंबा) में खोला गया। स्कूलों के भवन, पटवारखाने आदि के भवन बनाए गए। दुर्भाग्य से राज्य पुनर्गठन के बाद चंबा का राजनैतिक कद छोटा होता गया। चंबा धीरे-धीरे पिछड़ता गया। आज देश के 112 सबसे पिछड़े जिलों में इसकी गणना हो रही है। हिमाचल प्रदेश में भी चंबा अंतिम पायदान पर खड़ा है। हालांकि जिला के पास विकास के लिए प्राकृतिक संसाधन प्रचुरता से उपलब्ध हैं। जिला में 2952 मेगावाट जल विद्युत् की क्षमता है, जिसमें से 1500 मेगावाट क्षमता का दोहन वर्तमान में हो रहा है।**

अंतिम पायदान पर खड़ा है। हालांकि जिला के पास विकास के लिए प्राकृतिक संसाधन प्रचुरता से उपलब्ध हैं। जिला में 2952 मेगावाट जल विद्युत् की क्षमता है, जिसमें से 1500 मेगावाट क्षमता का दोहन वर्तमान में हो रहा है। जिला का भौगोलिक स्वरूप विविधता पूर्ण है। यहां 2000 फुट से 21000 फुट तक ऊंचाई के क्षेत्र विद्यमान हैं, जहां ऊष्णकटिबंधीय से ले कर शीत मरुस्थलीय जलवायु उपलब्ध है, जिसमें हर प्रकार की फसलों, जड़ी-बूटियों और वन उपजों का उत्पादन होता है। जिला का क्षेत्रफल 6,92,419 हेक्टेयर है। आबादी 5,19080 है, जिसमें 56.65त्न कर्मकार आबादी है। 4,52,933 हेक्टेयर वन भूमि है। कृषि क्षेत्र 70,563 हेक्टेयर है। साक्षरता दर 72.17 प्रतिशत है। वर्तमान में चंबा के पिछड़ेपन के प्रमुख तीन कारण हैं। आवागमन एवं संचार व्यवस्था में कठिनाइयां, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था का अभाव, स्वास्थ्य व्यवस्था का अभाव। इन तीन कमियों के कारण जो भी व्यक्ति समर्थवान हो जाते हैं वे यहां से दूसरी जगहों में बस जाते हैं। स्थायी प्रवास का आंकड़ा भी जिला में काफी होगा जिसका इशारा बढ़ते गैर आबाद गांव की संख्या से भी मिल जाता है। 2001 में गैर आबाद गांव 473 थे जो अब 481 हो गए हैं। यहां की प्रशासनिक व्यवस्था भी डांवाडोल ही रहती है। चंबा में पोस्टिंग को लोग सजा के तौर पर देखते हैं और यहां से बदली करवाने के चक्कर में रहते हैं। यही कारण है कि मेडिकल कॉलेज जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं में भी डाक्टरों की रिक्तियां भरी नहीं जा सकती। कृषि बागवानी आदि प्रमुख विभागों में भी ज्यादातर स्थान अमूमन खाली रहते हैं। यही कारण है कि चंबा के संसाधनों और क्षमताओं के समुचित दोहन की व्यवस्थाएं खड़ी नहीं की जा सकी हैं। अधिकांश क्षेत्र बागवानी और बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन के योग्य होने के बाबजूद भी सलूणी तहसील को छोड़ कर कोई क्षेत्र पहचान नहीं बना सका है। देखते-देखते शिमला, कुल्लू, सोलन कहां पहुंच गए और चंबा कछुआ चाल से ही चल रहा है। चंबा के पास छठी शताब्दी के मन्दिरों से लेकर सुंदर पर्यटन स्थलों की भरमार है किन्तु डलहौजी के अलावा कुछ भी विकसित नहीं कर सके।

चंबा शहर के मन्दिर एक हजार साल से ज्यादा पुराने हैं। संग्रहालय, पुराने महल, सुंदर चौगान, ज्म्मुहार, सूही, चामुंडा, छतराढी, भटालवा के मन्दिर अपनी क्षमता के अनुरूप पहचान को तरसते हैं। खजियार भी पूरी तरह विकसित नहीं हो सका है। भरमौर के मन्दिर छठवीं-सातवीं शताब्दी के है, जो शिव पंचायतन के रूप में स्थित हैं, जिसमें भगवान नृसिंह, सूर्य, चित्रगुप्त, के मन्दिर सामान्यत~ कम ही देखे जाते हैं। मणि महेश यात्रा के विकास पर भले ही ध्यान दिया गया है, किन्तु यह मौसमी गतिविधि है। भरमौर पर्यटन को वर्ष भर के लिए विकसित किया जा सकता है। भटियात के कुंजर महादेव, गणेश गढ़, तारा गढ़ को विकसित किया जा सकता है। जोत में तो स्वत~ स्फूर्त विकास हो रहा है, किन्तु ऐसे स्थलों पर जिम्मेदार पर्यटन के विचार पर भी कार्य होना चाहिए जिससे पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाया जा सके। कालाटॉप, गमगुल, कुगति वन्यप्राणी अभ्यारण्यों में पर्यटन को व्यवस्थित किया जा सकता है। चंबा जैसी स्वादिष्ट मक्की आपको कहीं नहीं मिलेगी। साहो, भरमौर के माश, भरमौर के पुराने श्री धान्य स्युह्,चिनै,फुल्लन, भरेस आदि के खाद्य व्यंजन पर्यटन की विशिष्टता बन सकते हैं। चंबा में कई हस्तशिल्प अभी तक भी जिन्दा हैं और वैश्विक पहचान बनाने की ताकत रखते हैं किन्तु आधे-अधूरे विकसित हो पाए हैं। चंबा चित्रकला, चंबा थाल, काष्ठ कला, मूर्तिकला, चंबा रुमाल, चंबा चप्पल को व्यवस्थित प्रशिक्षण स्कूल, वर्कशॉप और इम्पोरियम खोल कर उसे पर्यटन से जोड़ कर रोजगार के नए अवसर पैदा करने के साथ विशेष पहचान दिलाई जा सकती है।

## विचार

# पिछले दरवाजे से प्रवेश: जंग खाता आइरन फ्रेम

**राजेन्द्र शर्मा**



कहा जाता था कि भारत में ब्रिटिश हुकूमत को असली मजबूती, शीर्ष नौकरशाही के उसके आइरन फ्रेम मिलती थी। स्वतंत्र भारत को यह आइरन फ्रेम विरासत में मिला था और मामूली परिवर्तनों के साथ, इसने अपनी ताकत को बनाए रखा। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि यह आइरन फ्रेम तेजी से जंग खाता जा रहा है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आईएएस, आईएफएस, आईआरएस आदि शीर्ष पद संभालने वाले कॉडर पर टिकी इस व्यवस्था की सीमाओं को लेकर कई आलोचनाएं तो पहले भी होती रही थीं। लेकिन, पिछले ही दिनों सामने आए, आईएएस ट्रेनी पूजा खेडकर के फर्जीवाड़े से, इस आइरन फ्रेम में अंदर तक जंग लग जाने के गंभीर सवाल खड़े हो गए। इन सवालों को इसकी आशंकाओं ने और भी बढ़ा दिया था कि यह धोखाधड़ी पूजा खेडकर के मामले तक सीमित नहीं लगती है और जाति से लेकर विकलांगता तक के फर्जी दावों के बल पर, पूरी व्यवस्था को ठग कर चोरी से इस आइरन फ्रेम में घुसपैठ करने वालों की संख्या बीसियों में हो सकती है। बहरहाल, ठगी के इस धक्के से यह आइरन फ्रेम संभल भी नहीं पाया था कि पिछले दरवाजे से प्रवेश या लेटरल एंट्री का, इस पूरी व्यवस्था के ही पूरी तरह से झकझोर कर रख दिए जाने का प्रसंग सामने आ गया। यह अगर संयोग है तब भी बहुत कुछ कहने वाला संयोग है कि स्वतंत्रता दिवस के फौरन बाद, 17 अगस्त को मोदी सरकार ने पूरे 22 मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक तथा उप-सचिव जैसे उच्च पदों पर, पिछले दरवाजे से 45 नियुक्तियों के लिए विज्ञापन निकाला। ये नियुक्तियां हाथ के हाथ, 17 सितंबर तक हो जानी थीं। ये पद निजी क्षेत्र में सेवा का अनुभव रखने वालों के लिए सुरक्षित थे, जिनके लिए कोई सरकारी कर्मचारी एप्लाई नहीं कर सकता था। ये नियुक्तियां कांट्रैक्ट पर तीन साल के लिए होनी थीं, जिनका आगे दो साल विस्तार किया जा सकता था। हालांकि, सरकार की ओर से इन नियुक्तियों में पूरी पारदर्शिता का दावा करते हुए, इसकी दुहाई दी जा रही थी कि ये नियुक्तियां संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के जरिए ही की जाएंगी, जो कि शेष उच्च प्रशासनिक कॉडर की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार है, प्रशासनिक सेवा की सामान्य भर्ती प्रक्रिया से भिन्न, ये नियुक्तियां सिर्फ और सिर्फ साक्षात्कार के आधार पर की जा रही थीं।

**योग्यता के नाम पर सिर्फकथित काम का अनुभव पर सारा जोर रहने और सिर्फ साक्षात्कार पर आधारित चयन प्रक्रिया को देखते हुए, अगर व्यापक रूप से इसकी आशंकाएं जतायी जा रही थीं तो यह हैरानी की बात नहीं है कि यह सत्ताधारियों के पसंदीदा लोगों की पिछले दरवाजे से उच्च नौकरशाही में घुसपैठ का जरिया साबित होगा। वर्तमान शासन के संदर्भ में इसे सत्ताधारी पार्टी के मातृ संगठन, आरएसएस के लोगों के नौकरशाही में प्रवेश के चोर दरवाजा खोले जाने के रूप में देखा जा रहा है। स्वाभाविक रूप से इसे इस तथ्य से भी जोड़कर देखा जा रहा है कि नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के चंद रोज बाद ही।**


योग्यता के नाम पर सिर्फ कथित काम का अनुभव पर सारा जोर रहने और सिर्फ साक्षात्कार पर आधारित चयन प्रक्रिया को देखते हुए, अगर व्यापक रूप से इसकी आशंकाएं जतायी जा रही थीं तो यह हैरानी की बात नहीं है कि यह सत्ताधारियों के पसंदीदा लोगों की पिछले दरवाजे से उच्च नौकरशाही में घुसपैठ का जरिया साबित होगा। वर्तमान शासन के संदर्भ में इसे सत्ताधारी पार्टी के मातृ संगठन, आरएसएस के लोगों के नौकरशाही में प्रवेश के चोर दरवाजा खोले जाने के रूप में देखा जा रहा है। स्वाभाविक रूप से इसे इस तथ्य से भी जोड़कर देखा जा रहा है कि नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के चंद रोज बाद ही, सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी लगभग पांच दशक पुरानी पाबंदी को हटा लिया गया था। यानी इन दो कदमों का संयुक्त प्रभाव यह होना था कि शीर्ष नौकरशाही पर आरएसएस का शिकंजा और कस जाने वाला था। आरएसएस का शिकंजा कसना, सिर्फ नौकरशाही में एक संगठन का प्रभाव बढ़ने का ही मामला नहीं है। यह समूची जनतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ जाता है क्योंकि जनतांत्रिक व्यवस्था, सत्ताधारियों और शासन में एक भेद बने रहने का तकाजा करती है। जनतांत्रिक व्यवस्था में सत्ताधारी बदलते हैं, जबकि शासन से निरंतरता की अपेक्षा की जाती है और उससे सत्ताधारियों की मनमर्जी से नहीं बल्कि देश के कानून व संविधान से ही संचालित होने की उम्मीद की जाती है। हालांकि हमारे देश के आज के हालात के संदर्भ में यह बहुत दूर की कल्पना लगती है, फिर भी जनतंत्र उच्च नौकरशाही से इसकी अपेक्षा करता है कि देश के कानून तथा संविधान के तकाजों के आधार पर उसे, सत्ताधारियों के अवैध आदेशों का पालन करने से इंकार करने की स्थिति में होना चाहिए। उच्च नौकरशाही के माध्यम से शासन तंत्र पर आरएसएस का बढ़ता हुआ कब्जा, न सिर्फ उक्त अपेक्षाओं को नकारता है बल्कि जनतांत्रिक व्यवस्था में सत्ताधारियों के बदलने की स्थिति में, नयी राजनीतिक सत्ता के साथ शासन तंत्र के साथ अनुचित टकराव की स्थितियां भी पैदा कर सकता है। राजधानी-राज्य दिल्ली में निर्वाचित सरकार और नौकरशाही के बीच केंद्र सरकार द्वारा भड़काया गया अंतहीन द्वंद्व, इन खतरों की वास्तविकता को रेखांकित कर देता है। बहरहाल, यह तो आइरन फ्रेम के भीतर से जंग खाया बनाए जाने का एक खास राजनीतिक पहलू भर है। इतना ही महत्वपूर्ण है, इस तरह की पिछले दरवाजे से भर्ती के जरिए, शासन तंत्र में निजी क्षेत्र की बढ़ती घुसपैठ के जरिए, शासन तंत्र की भूमिका के चरित्र का ही बदला जाना। जनतंत्र में शासन तंत्र से, समाज में विभिन्न वर्गों तथा उनके दावों से ऊपर, एक पंच की भूमिका अदा करने की अपेक्षा की जाती है।

# प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन यात्रा और पश्चिमी मीडिया

**डॉ. रमेश ठाकुर**


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यूक्रेन दौरे को ग्लोबल मीडिया और विरोधी मुल्क हिकारत की नजरों से देख रहे हैं। विदेशी मीडिया ने यहां तक कह दिया है कि मोदी रूस का एजेंट बनकर यूक्रेन का भेद लेने पहुंचे हैं? यूकेन को सतर्क रहना चाहिए। कमोबेश तस्वीरें भी कुछ ऐसी ही दिखाई दे रही हैं। प्रधानमंत्री के दौरे को यूक्रेन गर्मजोशी से नहीं ले रहा, बल्कि शक की निगाहों से जरूर देख रहा है। प्रधानमंत्री भी उनके बदले नजरिए को भांपे हुए हैं। बेशक, वह कहें कुछ न, लेकिन असहज जरूर हो रहे हैं? उनके इस दौरे के बाद भारत कई देशों के निशाने पर भी आ गया है। खासकर उन मुल्कों के जो रूस के खिलाफ जारी युद्ध में खड़े हुए हैं। अमेरिका, चीन, पाकिस्तान जैसे देश मोदी के दौरे को रूस का एजेंट बताने में लग गए हैं। उनके स्थानीय मीडिया में यूक्रेन यात्रा की खुलेआम आलोचना हो रही है। प्रधानमंत्री भी सब कुछ जानकर भी इसलिए चुप हैं, अगर उन्होंने वास्तविक स्थिति पर कुछ कहा, तो वह भारत के विपक्षी दलों के निशाने पर भी आ जाएंगे। विपक्षी दल वैसे भी यूक्रेन के दौर के पक्ष में नहीं हैं?

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को भी मोदी का दौरा नहीं सुहा रहे। उन्होंने तब भी विरोध किया था जब पिछले महीने प्रधानमंत्री मोदी रूस यात्रा पर गए थे और पुतिन को सबके सामने गले लगाया था। तब, गले मिलने को पश्चिमी मीडिया ने जमकर आलोचना की थी। जेलेंस्की ने भी आपत्ति जताते हुए तब कहा था कि आज रूस के मिसाइल हमले में 37 लोग मारे गए जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। दरअसल जिस दिन मोदी रूस गए थे, उसी दिन रूस ने यूक्रेन के सबसे बड़े अस्पताल पर हमला किया था। तब जेलेंस्की ने गुस्से में कहा था कि एक ऐसे दिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता का दुनिया के सबसे खूनी अपराधी को गले लगाना शांति स्थापित करने की कोशिशों पर धक्के जैसा है। मोदी से गुस्सा होकर जेलेंस्की सभा से भी चले गए थे। तभी से



जेलेंस्की भारत से विशेषकर मोदी से भन्नाए हुए हैं। अब मोदी यूक्रेन पहुंचे हैं, तो पूरे माजरे को अच्छे से समझ सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन में भारतीयों से मिल रहे हैं, उनके स्वागत में ढोल-नगाड़े बज रहे हैं। इससे गुस्से की भड़की चिंगारियां को कुछ कम करने की कोशिशें जरूर हो रही हैं। लेकिन, ग्लोबल स्तर पर मोदी का मौजूदा यूक्रेन दौरा दुनिया के कई देशों को अखर रहा है। राजनीतिक पंडित मान रहे हैं कि मोदी का यूक्रेन दौरा उन देशों से रिश्ते खराब कर सकता है जिनसे हमारे मधुर संबंध हैं। हालांकि ये पहली मर्तबा है, जब कोई भारतीय प्रधानमंत्री यूक्रेन के दौरे पर है, लेकिन विकट परिस्थितियों में कई लोग मानते हैं कि मोदी का यूक्रेन दौरा रूस को असहज कर सकता है, लेकिन एक राय ये भी है कि राष्ट्रपति पुतिन के चीन दौरे से भी भारत बहुत सहज नहीं रहता है। दुनिया के कई देश दबी जुबान में मोदी के यूक्रेन जाने पर सवाल उठा रहे हैं कि वह ऐसे वक्त यूक्रेन क्यों गए जब वहां के हालात बिगड़े हुए हैं? यूक्रेन बीते कुछ दिनों से रूस की सीमा में घुसकर हमले कर रहा है। कुछ इलाकों को उसने अपने कब्जे में भी ले लिया है। आशंका ऐसी हैं कि रूस यूक्रेन पर जल्द बड़ा हमला कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो यूक्रेन के पक्ष में कई देश खड़े हो जाएंगे। फिर भारत क्या करेगा? रूस के साथ रहेगा या यूक्रेन के निश्चित रूप से प्रधानमंत्री के दौरे ने भारत के लिए 'करो या मरो' की स्थिति खड़ी कर दी है।



# राशिफल

**मेष:-** परिजनो व मित्रों का सनिध्य से मन प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में कोई अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार है। मांगलिक एव सास्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य ना करे।

**बृषभ:-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय बड़ा मूल्यवान है। अतः इसे व्यर्थ न गंवायें। किसी नए सम्वेदना का प्रभाव नए रिश्ते को जन्म देगा। अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन:-** परम्पराओ व संस्कारों कें प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव एवं कुछ साथ के प्रगतिशील व्यक्तियों से ईष्या भाव ठीक नही। अस्थिर मन लक्ष्य के प्रति केन्द्रित होने मे असमर्थ होगा।

**कर्क:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य वश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। आपका मिलनसारिता के कारण सम्बन्धो का बिस्तार होगा। कमजोर मनोबल के कारण लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**सिंह:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में थोड़ी कठिनाई का अभास होगा। संवेदनशील मन पूरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओत-प्रात होगा। परिवारिक दायित्वों को समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिन्तित होगा।

**कन्या:-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। परन्तु ईरीय आस्था हर परीस्थिती पर बिजय प्राप्त करेंगे। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

**तुला:-** घर-परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न को व्यवसायिक अवरोध के हल ढूंढने में मन केद्रित होगा। किसी पुराने मित्र की मध्यस्तता से बिगड़े हुए सम्बन्धो में सुधार होगा।

**वृश्चिक:-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाऐं आपके मकसद सफलता दिलाऐंगी। कार्य क्षेत्र में अपनें बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाऐंगे।

**धनु:-**मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी होगी। भौतिक चका-चौंद से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगा।

**मकर:-** कुछ नये सम्बन्द बनेगें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद सम्भव। कर्तव्य व जिम्मेदारियों से घिरा मन अपनी कल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। किसी नई दिशा में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:-** मन को खराब विचारो से दूर रखते हुए अच्छे कायरे में केन्द्रित करें। नई स्थितियाँ आप मे नई प्रतिभाओं का संचार करेगा। कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे।

**मीन:-** अपनी वाणी पर नियंतण्ररखते हुए सम्बन्धों को मधुर बनाने की चेष्टा करें। प्रतिभा व आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओ के प्रति आशान्वित करेगा। आर्थिक लाभ के आसार हैं।

# महिला सुरक्षा हो पहली प्राथमिकता

बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न के सबध में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने माना है कि अगर कोई लड़का नाबालिग लड़की से प्यार का इजहार करने के लिए लगातार उसका पीछा करता है, तो यह पॉक्सो कानून के तहत यौन उत्पीड़न के बराबर होगा। दरअसल अमरावती की एक अदालत ने 4 फरवरी 2021 को एक युवक नाबालिग लड़की का पीछा करने पर दोषी ठहराते हुए एक साल के कारावास की सजा सुनाई थी। इस सजा के खिलाफआरोपी ने हाई कोर्ट में अपील की थी। अपीलकर्ता ने दावा किया था कि उसे झूठे केस में फसाया गया है, क्योंकि पीड़िता किसी और लड़के के साथ संबंध में थी। लेकिन हाईकोर्ट की नागपुर बेंच में इस अपील पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सानप ने तथ्यों के मद्देनजर कहा कि पीड़िता के बयान से स्पष्ट है कि अपीलकर्ता की उस पर कोई रुचि नहीं थी। बावजूद इसके अपीलकर्ता बार-बार उसका पीछा कर रहा था। वह उससे बात कर प्रेम संबंध बनाना चाहता था। वह इस उम्मीद में बार-बार उसका पीछा कर रहा था कि एक दिन वह उसके प्रेम को स्वीकार कर लेगी, जबकि पीड़िता की अपीलकर्ता में कोई दिलचस्पी नहीं थी। करीब साढ़े तीन दशक पहले फिल्म आई थी डर, जिसका



बहुचर्चित गीत है तू हां कर या ना कर, तू है मेरी किरण। इस गीत में मधुरता के अलावा सब कुछ बेहद डरावना है, क्योंकि लड़की की मर्जी को यहां पुरुष के अहम तले कुचला जा रहा है। और लड़की जब नाबालिग हो तो यह मामला और संगीन हो जाता है। इस वक्त जब देश में यौन उत्पीड़न और महिला सुरक्षा को लेकर नए सिरे से बहस खड़ी हो चुकी है, उसमें नागपुर बेंच का यह फैसला काफी मायने रखता है। अमरावती की जिस घटना पर आरोपी को सजा सुनाई गई, वैसी घटनाएं इस देश में हर रोज हजारों बार घटती हैं। लाखों लड़कियां छेड़खानी को किसी भयावह श्राप की तरह सहती हैं और अक्सर इस पर शिकायत नहीं करती, क्योंकि इसमें भी या तो उन्हीं की गलती तलाशी जाती है या फिर उनके पढ़ाई और करियर पर रोक लगा दी जाती है। बहुत से मामले तो ऐसे भी हुए हैं, जब लड़की की

**छेड़खानी या यौन शोषण के मामले में लड़की अगर निचली जाति की हुई तब उसके लिए कानून के दरवाजे पर पहुंचना और कठिन हो जाता है। छेड़खानी के मामलों को नजरंदाज करना या उन पर किसी कड़ी सजा का प्रावधान न होना ही आगे जाकर बड़ी घटनाओं का रास्ता खोलता है। देश इस वक्त ऐसे कई मामलों पर फिर से समाज को उद्वेलित होता देख रहा है। कोलकाता मामले में तो अब सुप्रीम कोर्ट ही स्वतरू संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है। जिसमें सभी संबंधित पक्षों से कई तरह के सवाल हो रहे हैं। डॉक्टरों के सामने अपनी सुरक्षा का सवाल भी खड़ा हो गया है, जिस पर आज सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों से काम पर लौटने कहा है, साथ ही एक नेशनल टास्क फोर्स बनाने की बात कही है, जो डॉक्टरों, जूनियर डॉक्टरों, सहायकों, नर्सों समेत सभी हितधारकों की बात सुनेगा। कोलकाता मामले में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुल चुकी है। खुद मुख्य न्यायाधीश डी वाय चंद्रचूड़ ने कहा कि वे एक परिजन की बीमारी के दौरान सरकारी अस्पताल की फर्श पर सोए हैं और उन्होंने देखा है कि डॉक्टरों को 36-36 घंटे काम करना पड़ता है।**

शिकायत पर परिजन उसका साथ देने आगे आएं, तो उनके साथ हिंसक व्यवहार होता है। छेड़खानी या यौन शोषण के मामले में लड़की अगर निचली जाति की हुई तब उसके लिए कानून के दरवाजे पर पहुंचना और कठिन हो जाता है। छेड़खानी के मामलों को नजरंदाज करना या उन पर किसी कड़ी सजा का प्रावधान न होना ही आगे जाकर बड़ी घटनाओं का रास्ता खोलता है। देश इस वक्त ऐसे कई मामलों पर फिर से समाज को उद्वेलित होता देख रहा है। कोलकाता मामले में तो अब सुप्रीम कोर्ट ही स्वतरू संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है। जिसमें सभी संबंधित पक्षों से कई तरह के सवाल हो रहे हैं। डॉक्टरों के सामने अपनी सुरक्षा का सवाल भी खड़ा हो गया है, जिस पर आज सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों से काम पर लौटने कहा है, साथ ही एक नेशनल टास्क फोर्स बनाने की बात कही है, जो डॉक्टरों, जूनियर डॉक्टरों, सहायकों, नर्सों समेत सभी हितधारकों की बात सुनेगा। कोलकाता मामले में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुल चुकी है। खुद मुख्य न्यायाधीश डी वाय चंद्रचूड़ ने कहा कि वे एक परिजन की बीमारी के दौरान सरकारी अस्पताल की फर्श पर सोए हैं और उन्होंने देखा है कि डॉक्टरों को 36-36 घंटे काम करना पड़ता है। जूनियर डॉक्टरों का हर तरह से शोषण होता है, यह बात भी शीर्ष अदालत के संज्ञान में आई है। कोलकाता मामले में पीड़िता के परिजनों को ये इंतजार है कि इंसाफ कब मिलेगा। लेकिन इस बीच महाराष्ट्र में ठाणे के बदलापुर में एक स्कूल में दो बच्चियों से यौन शोषण की घटना पर फिर से सियासत तेज हो गई है। हालांकि इस मामले में भाजपा प.बंगाल की तरह आवाज ऊंची नहीं कर रही है, क्योंकि महाराष्ट्र में उसी की सत्ता है और जिस स्कूल में यह वारदात हुई, वह भाजपा से जुड़ा व्यक्ति है। इस मामले में प्राथमिकी भी तभी दर्ज हो पाई, जब जनता इस पर नाराज होकर सड़कों पर उतरी। राहुल गांधी ने इस पर कहा कि क्या अब एफआईआर तक दर्ज कराने के लिए आंदोलन करने पड़ेंगे? आखिर पीड़ितों के लिए पुलिस थाने तक जाना भी इतना मुश्किल क्यों हो गया है? सभी सरकारों, नागरिकों और राजनीतिक दलों को गंभीर मंथन करना होगा कि समाज में महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए क्या कदम उठाए जाएं। न्याय हर नागरिक का अधिकार है, उसे पुलिस और प्रशासन की श्मर्जी का मोहताजश् नहीं बनाया जा सकता।

आज के माहौल को राहुल गांधी की इस बात को गंभीरता से सुना जाना चाहिए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# आशाओं की सेवाएं प्रदान करने में महत्पूर्ण भूमिका : जयंती

- आशा सम्मेलन में अच्छा कार्य करने वाली आशाओं को किया सम्मानित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जनपद स्तरीय आशा सम्मेलन का आयोजन राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयन्ती राजपूत जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आशाओं की सेवायें प्रदान करने मे महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

किसी भी समस्या के समाधान के लिये हर सम्भव सहायता प्रदान की जायेगी। श्रीमती राजपूत ने कहा कि चाहे दिन हो या रात आशा किसी भी परिस्थितियों में मरीजों का सहयोग कर उनको चिकित्सीय सुविधा प्रदान कराने में अहम प्रयास करती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 गीतम सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि ग्रामीण समुदाय में आशायें अपने कार्यों से स्वास्थ्य सेवाये जन.जन तक पहुंचा रही है और आशाओ की मेहनत का ही परिणाम है कि जनपद स्वास्थ्य विभाग के तमाम सूचकांको में बेहतर स्थिति में है कार्यक्रम में विभिन्न ब्लाकों में सर्वश्रेष्ठ कार्य सम्पादन के आधार पर आशाओं को प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिनमें कुरारा से श्रीमती बबली सुमेरपुर से श्रीमती ममता मौदहा से श्रीमती अमिता कुशवाहा मुस्करा से श्रीमती संतोष कुमारी गोहाण्ड से श्रीमती पुष्पा देवी नौरंगा से श्रीमती सुनीता देवी तथा सरीला से श्रीमती रागिनी व अरबन से नाजमा को प्रथम पुरष्कार व स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। ।

आज के कार्यक्रम में डा0 रामअवतार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारीए डा0 अनूप निगम अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारीए डा0 संजय कुमार उप मुख्य चिकित्सा अधिकारीए डा0 पुष्पेन्द्र कुमार उप मुख्य चिकित्सा अधिकारीए सामु0 स्वा0केन्द्रों एवं प्रा0स्वा0 केन्द्रों के अधीक्षक ध् प्रभारी चिकित्साधिकारी व अन्य अधिकारी ध् कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल यादवए जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी एवं जलीस खान समाजसेवी द्वारा किया गया।

# कजली मेला महोत्सव में बेसिक स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोहा मन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

कजली मेला महोत्सव में बेसिक स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुती की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर आशाराम एवं शिक्षा विभाग से जैतपुर ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी प्रवेश वाजपेई द्वारा दीप प्रज्वलित कर हुई। बेसिक शिक्षा विभाग से आज भी बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरीपुरा के बच्चों द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत कर की गई। इसके पश्चात पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर के बच्चों द्वारा ÷सौगंध मुझे मिट्टी की÷इस पर



डांस प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात प्राथमिक विद्यालय सिंचौरा के बच्चों द्वारा÷भारत की बेटी हूं÷ इस पर शानदार डांस प्रस्तुति दी गई। इसके बाद चरखारी ब्लॉक से पूर्व माध्यमिक विद्यालय बम्होरी कला से सत्यम शिवम सुंदरम गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। अंत में सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव पर बरीपुरा के बच्चों ने शानदार नाटक प्रस्तुत किया। इस मौके पर ओमप्रकाश तिवारी, अनिल शुक्ला, सुशील त्रिपाठी, लवकुश द्विवेदी, अनिल तिवारी एवं श्रीमती प्रतिज्ञा त्रिवेदी उपस्थित रहीं।

## खबरें एक नजर में

### अभाविप ने गायत्री मंदिर में किया वृक्षारोपण

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बे के ऐतिहासिक चौपरेश्वर मंदिर और गायत्री मंदिर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राठ इकाई ने वृक्षारोपण किया। ट्रस्टी गायत्री तपो भूमि भोजराज राजपूत ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति की अपनी एक जिम्मेदारी है कि ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करे। क्योंकि हम सबका जीवन व्रक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है। आज के युग में इंसान अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए व्रक्षो को काटने का धंधा बना लिया है। लेकिन कम होते व्रक्षो को लेकर कतई चिंतित नही है। सिर्फ चिंता है तो रूपयों की इसलिए सभी से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करे ताकि आने वाली पीढ़ी को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। हम जानते हैं कि पेड़ पौधे हमे सिर्फ ऑक्सीजन ही नहीं देते बल्कि अनेकों औषधी भी मिलती है। जिनके अनेकों लाभ है। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारणी सदस्य जतिन मिश्राए अरविंद श्रीवास्तवए नगर प्रमुख अनुज त्रिपाठीए पर्यावरण प्रमुख हरिओम अग्रवालए शिवम प्रजापतिए संदीप राजपूतए नगर मंत्री पवन राजपूत आदि मौजूद रहे ।ले गया। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया तहरीर मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### पीड़िता की बुखार से मृत्यु, अजीब बुखार क्षेत्र में फैला

**मौदहा; (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र चल रही रहस्यमय में बुखार के कारण एक विवाहिता की मौत हो गई परिजनों ने इलाज हेतु कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते परिजनों में कोहराम मच गया। तहसील क्षेत्र के खंडेह गांव निवासी शाहिना पत्नी अजमेरी इस समय रागौल में रहकर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रही थी गुरुवार को रहस्यमय बुखार की चपेट में आ जाने पर मौत हो गई। मृतका की बहन हसीना ने बताया की दो दिन बुखार आने पर सरकारी अस्पताल में इलाज कराया गया और बुधवार की रात ज्यादा तेज बुखार आ जाने पर सुबह सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक रजत रंजन तिवारी ने बताया इस समय बुखार के मरीजों की संख्या अधिक आ रही है जिसकी जांच के निर्देश जारी किए हैं।

### पैदल जा रहे युवक की वाहन की टक्कर से मौत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** पैदल जा रहे युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने पर घटना स्थल पर ही मौत हो गई सुबह सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार गुरुवार की रात पैदल जा रहे युवक छिरका मवैया के बीच अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई सुबह निकल रहे ग्रामीणों ने पुलिस को सुचना दी वहीं सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है उसे शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जानकारी होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### सजा होने के भय से हत्या में निरुद्ध बंदी ने जेल में फांसी लगाकर दी जान

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** जिले के जिला कारागार में गुरुवार को देर रात हत्याएअपरहणएगैगेस्टर के मामले में निरुद्ध बंदी ने रसोईया में लगे पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिला कारागार अधीक्षक बीआर वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि कुरारा क्षेत्र के शिवनी गांव निवासी नफीस (50) नौ जून 2019 से जेल में हत्या रेप व गैगेस्टर के मामले में बंद था। गुरुवार को रसाईया में बंदी की डियूटी लगायी गयी थी देर रात काम समाप्त होने के बाद सभी लोग बाहर निकल आये मगर यह बंदी रसोइया में छिप गया और वही पर रखी पानी की टंकी में चढ़कर रस्सी से पंखे में लटक कर फांसी लगा ली। आनन फानन जेल कर्मी उसे जिला अस्पताल ले गये मगर वहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जेल अधीक्षक ने बताया कि बंदी का कोर्ट से ट्रायल पूरा हो गया था उसे आभास हो गया था कि सजा होनी है इसलिये उसने यह कदम उठाया है। शव को पोस्ममार्टन कराने के बाद परिवारीजनों को लाश दे दी जायेगी। बंदी के फांसी लगाने के बाद जेल प्रशासन की कार्य प्रणाली में प्रश्न चिंह लग गया है।

### बाढ़ प्रभावित गांवों की स्थित गंभीर

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है बल्कि और बढ़ती ही जा रही है। लगातार तीन बार बाढ़ आ जाने से फसलें नष्ट होने के कगार पर पहुंच गई है। अधिकतर गांवो मे धान की फ़सल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है ऊपर से बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बाढ़ प्रभावित गांवो की स्थित गंभीर है किंतु कोई पुरसाहाल नही है। चारो तरफ से पानी से घिरे हुए गांव जहां आवागमन में दुश्वारियां बढ़ी है वहीं पशुओं के लिए हरा चारा नही मिल पा रहा है। ग्राम पंचायत तिलखी बढ़या, बभनी बुजुर्ग,मटियारिया कर्मा, मोहनजोत, बघाजोत, पाली पाला, रूस्तम नगर के बाशिंदे सर्वाधिक समस्या से जूझ रहे हैं। क्योंकि राप्ती नदी पर बना तटबंध का गैप यहीं खुला हुआ है जिससे सारा पानी इकट्ठा इन्ही गांवों के लिए काल बना हुआ हैं। ग्रामीण धर्म प्रकाश बभनी बुजुर्ग ने बताया कि बीते वृहस्पतिवार को शोभाराम के धर्म पत्नी की मृत्यु हो गई लेकिन बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के नाते कहीं अंतिम संस्कार करने की जगह नही है। ग्रामीणों ने जन प्रतिनिधियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि हर चुनाव में आए हुए नेताओं से सिर्फ तटबंध की मांग हम लोगों ने किया, और हर बार आश्वासन मिलता रहा किंतु आज तक जनप्रतिनिधियों ने हम लोगों के दु:ख दर्द को नही समझे और न ही तटबंध बनवाने का पहल किया। आक्रोशित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र वासियों ने बताया कि बाढ़ का पानी निकल जाने के बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा और धरना प्रदर्शन किया जाएगा, और अब इंतजार नही कर सकते। गोपाल चौधरी, देवेन्द्र कुमार मिश्र, दुर्गा यादव, शिव सागर यादव, भागवत प्रसाद मिश्र, दिलीप कुमार मिश्रा, राजू गुप्ता, विनोद उपाध्याय, माधव शरन श्रीवास्तव, आदि ने तटबंध बनवाने की मांग की है।



### सच्चा रक्षा बंधन वही जिससे मनुष्य अपनी हर बुराई और नकारात्मक ऊर्जा को जड़ से खत्म कर दे : बीके सुधा बहनजी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** वास्तव में सच्चा रक्षा बंधन वही है जिससे मनुष्य अपनी हर बुराई और नकारात्मक ऊर्जा को जड़ से खत्म कर दे। तभी सही मायने में हरेक अपनी रक्षा कर पाएंगे। खुशी रूपी मिठाई को हर समय अपने मुख में डाल कर रखना चाहिए। जब मनुष्य के जीवन में खुशी, गुण और अच्छाइयां आ जाती है और वह परमात्म के स्नेह में बंधने के बावजूद भी वह जीवन में निर्बंधन अनुभव करता है।ज्ञान चर्चा करने के बाद विशिष्ट नवीन गल्ला मंडी अध्यक्ष भूपेंद्र साहू, गल्ला मंडी सचिव रविकांत, उत्तर प्रदेश व्यापार के उपाध्यक्ष विनोद पुरवार भाई आदि को रक्षासूत्र बांधते हुए महोबा क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी बीके सुधा बहनजी साथ में बीके सुदामा बहन और बीके पवन भाई जी उपस्थित रहे।

# सहायक आयुक्त औषधि चित्रकूट धाम मण्डल व औषधि निरीक्षक की संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद स्थित मेडिकल एजेन्सी गांधीनगर महोबा में वीरेन्द्र कुमार सहायक आयुक्त(औषधि) चित्रकूट धाम मण्डल, बांदा एवं मनोज कुमार सिंह औषधि निरीक्षक महोबा की संयुक्त टीम द्वारा उक्त प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण के दौरान दो संदिग्ध औषधियों के नमूनें लेकर राजकीय जन विश्लेषक प्रयोगशाला, लखनऊ को प्रेषित किये जा रहे हैं।



निरीक्षण के दौरान उपरोक्त फर्म पर नशीली एवं प्रतिबन्धित औषधियां नहीं पायीं गयी तथा फर्म प्रोपराइटर को मौके पर निरीक्षण नोटिस व नमूनें का एक-एक भाग प्राप्त कराया गया। औचक निरीक्षण के दौरान अन्य कई मेडिकल स्टोर संचालक प्रतिष्ठान बन्द कर भाग खडे हुए। इसके पश्चात सहायक आयुक्त(औषधि), चित्रकूट धाम मण्डल, बांदा द्वारा नशे के विरूद्ध एक युद्ध अभियान चलाकर नशीली एवं प्रतिबन्धित दवाएं न विक्रय करने हेतु निर्देश दिये गये तथा शिड्यूल एच-1 की औषधियों को डाक्टर पर्चे पर विक्रय हेतु निर्देशित किया गया। इस अभियान में निम्न मेडिकल स्टोर संचालक उपस्थित रहे। साईं मेडिकल स्टोर, महोबा अमित कुमार, गुप्ता मेडिकल स्टोर, महोबा दिलीप कुमार, रामजी मेडिकल स्टोर, महोबा अनिल कुमार गुप्ता। सोनी मेडिकल स्टोर, महोबा सौरभ सोनी। अतुल मेडिकल स्टोर, महोबा अतुल शर्मा। रूसिया मेडिकल स्टोर, महोबा मनोज रूसिया। केशव ड्रग हाउस, महोबा प्रान्शू गुप्ता। महोबा मेडिकल एजेन्सी, महोबा सुधीर कुमार।

### जिला अस्पताल से चौबीस घंटे में दो बाइकें चोरी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** इस समय जिला अस्पताल में बाइक चोरो का गिरोह हावी है,चौबीस घंटे में दो बाइको की चोरी होने से हडकंप मच गया है। पुलिस ने छानबीन शुरु कर दी है। जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल में पलक झपकते ही चोर बाइके पार कर देते है। वार्ड बाय राजू अपने बाइक खड़ी कर डियूटी करने चला गया लौट कर देखा तो उसकी बाइक चोरी हो गयी थी इसी प्रकार सुमेरपुर निवासी कल अस्पताल में भर्ती मरीज को देखने आया था बाइक खडी कर वार्ड में मरीज देखकर लौटा वैसे ही उसकी बाइक गायब हो गयी। दोनो पीडितो ने पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस ने अस्पताल में सीसीटीवी में देखकर जांच पडताल शुरु कर दी है मगर चोरो का अभी तक कोई सुराग नही लगा है। मरीजों के तीमारदारों में हड़कंप मचा है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ एवं मारपीट के वांछित को जेल

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक गतिविधियों को कारित करने वाले वांछित/वारण्टी अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज सत्यम्, अपर पुलिस अधीक्षक व दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना खन्ना प्रभारी निरीक्षक गोपाल चन्द्र कन्नौजिया द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक मौजीलाल वर्मा मय हमराह हे0का0 बृजेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना खन्ना में पंजीकृत मु.अ.स. 115/24 धारा 74/115(2)/351(3) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट व 3(2)5-क, 3(1)ब(1) एससी/एसटी एक्ट के वांछित अभियुक्त शहबाज खां पुत्र हकीमुद्दीन नि0 ग्राम खन्ना थाना खन्ना जनपद महोबा उम्र करीब 19 वर्ष को खन्ना बस स्टैण्ड बह्द ग्राम खन्ना से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया, बाद गिरफ्तारी अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया ।

### महोबा पुलिस ने नाबालिग भतीजी से दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक गतिविधियों को कारित करने वाले वांछित/वारण्टी अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज सत्यम्, अपर पुलिस अधीक्षक व दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर महोबा प्रभारी निरीक्षक, नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक मिथलेश मिश्रा मय हमराह पंकज सिसौदिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना कोतवाली नगर महोबा में पंजीकृत मु0अ0स0 414/2024 धारा 65(1)/351(3) BNS व ¾ पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गुड्डू सिंह उर्फ जारेन्द्र सिंह पुत्र रामनरेश सिंह उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम रतौली पुरवा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को ग्राम रतौली पुरवा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त अभियुक्त को जेल की सलाखों के पीछे भेजा है।

### अजनर पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त पकड़ा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक गतिविधियों को कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अवैध शस्त्र की निर्माण, बिक्री व परिवहन की रोकथाम अभियान के क्रम में आज सत्यम्, अपर पुलिस अधीक्षक व हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर प्रवीण कुमार द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक शिवदान सिंह, उप निरीक्षक राधामोहन त्रिवेदी व हवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम मवइया के पास से एक नफर अभियुक्त दीपक कुमार यादव पुत्र अमृतलाल यादव उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम खाई थाना करछना जनपद प्रयागराज को हिरासत में लिया जिसके कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 32 बोर नाजायज बरामद हुआ, इस बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना अजनर में मु.अ.सं. 171/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

# आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**कुलपहाड़ (महोबा), समृद्धि न्यूज।**

आगामी त्यौहार जन्माष्टमी पर एवं भाद्र की अमावस्या को चित्रकूट जाने वाले पैदल यात्रियों को सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर में जन्माष्टमी उत्सव किन किन स्थानों पर मनाया जाता है उसके बारे में उपस्थित लोगों से जानकारी हासिल की।

इसके अलावा भादो मास की अमावस्या को चित्रकूट पैदल जाने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो उस पर विचार करने के लिए पीस कमेटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह ने नगर के सभी गणमान्य नागरिक से आग्रह किया है की सभी लोग कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव भाईचारे की भावना रखते हुए मानाये प्रत्येक वर्ष की भांति मनाए जाने वाले कार्यक्रम के अलावा अगर किसी नए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार



की जाती है तो उसके लिए प्रशासन से अनुमति अवश्य ले लें किसी भी कार्यक्रम में जुलूस निकालने में चार पहिया वाहन का उपयोग न करें ।अगर किया जाता है तो उसकी सूचना प्रशासन को देना अनिवार्य होगा। चित्रकूट धाम पैदलजाने वाले यात्रियों का सहयोग करें।

इस मौके पर नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे जिनमें सगीर पहलवान, भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय प्रभारी अजीत, भारतीय उधोग व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष राहुल अग्रवाल के अलावा उप निरीक्षक दिनेश चन्द्र, महेन्द्र प्रताप, बालकृष्ण तिवारी, अश्वनी मिश्रा आकाश मौर्य मौजूद रहे।

# वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात कारणों के चलते अपने ही जानवर के बाड़े में एक 65 वर्षीय बृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुची पुलिस व फील्ड यूनिट ने साक्ष्य जुटाए वही बृद्ध के शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीरपुर भेज दिया गया है।

थाना क्षेत्र देबीगंज गांव निवासी कैलाश खंगार(65) ने अज्ञात कारणों के चलते अपने पशुओं के बाड़े में नीम के पेड़ में गमछे के सहारे शुक्रवार को फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। वही मृतक के पुत्र रामलखन ने थाने आकर सूचना दी। जिसपर मौके पर पहुचे बेरी चौकी इंचार्ज रिंकू तिवारी ने मौके पर पहुच शव का पंचनामा भरा वही सूचना पर पहुची फील्ड यूनिट ने साक्ष्य संकलन किया। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीरपुर भेजा गया है। स्वजनों में दुख का माहौल है।

# घटिया सामग्री प्रयोग कर करोड़ों डकारना चाहती है कार्यदायी संस्था

## डीएचओ ने शासन व उच्चाधिकारियों से की शिकायत, सदर विधायक के गांव में बनायी जा रही है हाईटेक नर्सरी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

शासन द्वारा पौथिया गांव में एक करोड़ रुपये की लागत से निर्मित की जा रही हाईटेक नर्सरी में घटिया निर्माण सामग्री प्रयोग करने की शिकायत जिला उद्यान अधिकारी (डीएचओ) ने शासन से की है। नर्सरी हमीरपुर सदर विधायक मनोज प्रजापति के गांव में बनायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक नये माडल में यह नर्सरी पौथिया गांव में बनते ही विवादो में आ गयी थी, लखनऊ की कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीके नर्सरी आरकेवीवाई योजना के तहत निर्माण कर रही है।

नर्सरी वहुत ही हाईटेक ढंग से बनाये जाने का शासन ने प्राविधान किया है, नर्सरी में किसानों पौधे बहुत ही अच्छे किस्म के उगा कर दिये जायेगे। यही नही किसान अपना बीज नर्सरी में बोकर पौध अपने साथ ले जा सकता है इसके लिये मामूली खर्च लिया जायेगा। इस नर्सरी से आस पास के किसानों को भी बहुत लाभ मिलेगा।

मगर कार्यदायी संस्था ने पहले ही स्थान चयन में ही मनमानी करना शुरु कर दिया था। जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने बताया कि जो निर्माण किया जा रहा है वह मानक के अनुरुप नही बनाया जा रह है। इसकी जांच कमेटी द्वारा की जा चुकी है। हालाकि निर्माण का कुछ अंश ढहाया जा चुका है मगर इसके बाद भी कार्यदायी संस्था मानक विहीन निर्माण करा रही है। इसके पहले सदर विधायक भी कार्यदासी संस्था की शिकायत कर चुके है।

मगर कोई असर नही हुआ है। ड़ीएचओ ने इस म्मामले की जानकारी विभागीय निदेशक के अलावा डीएम,सीडीओ व विभागीय जेडी को दे दी है।

# कोलकाता दुष्कर्म मामले को लेकर छात्राओं ने किया प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

बीते सप्ताह कोलकाता मेडिकल कालेज में ट्रेनी महिला डाक्टर के साथ हुई दरिंदगी और हत्या को लेकर आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है।ईसी सिलसिले में बीजेपी महिला विंग की नेता ज्योत्सना सिंह और हिना परवीन के नेतृत्व में छात्राओं ने एक जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया और पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांगा।

शुक्रवार दोपहर बाद कस्बे के कोतवाली के निकट मीनाक्षी पैलेस से स्कूली छात्राओं ने मां जानकी सेना के बैनर तले नारेबाजी करते हुए एक जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया जिसकी अगुवाई बीजेपी महिला विंग की नेता ज्योत्सना सिंह और हिना

- डाक्टर के साथ हुई दरिंदगी और हत्या को लेकर ममता बनर्जी सरकार को जमकर कोसा
- पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री का मांगा इस्तीफा

परवीन ने कीएइस दौरान छात्राओं ने बीते सप्ताह कोलकाता के एक चिकित्सा महाविद्यालय में ट्रेनी महिला डाक्टर के साथ हुई दरिंदगी और हत्या को लेकर ममता बनर्जी सरकार को जमकर कोसा और सरकार से इस्तीफा मांगा।

छात्राओं का जुलूस थाना चौराहा, मलीकुआ चौराहाए तहसील गेट बस स्टैंड होकर नेशनल हाईवे बड़े चौराहे पर समाप्त हुआ जहां पर श्रीराम उत्सव सेवा समिति के युवाओं ने उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर कस्बे के विभिन्न कालेजों और कोचिंग संस्थानों के आसपास मंडराने वाले शोहदों की समस्या से अवगत कराया हालांकि बीते माह भी संगठन की ओर से इस समस्या को ज्ञापन के माध्यम से उठाया गया था जिसे जिम्मेदार अधिकारियों ने नजरअंदाज कर दिया जिसके चलते कस्बे में छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं कम नहीं हुई हैं। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र, क्षेत्राधिकारी आशीष यादव के साथ भारी संख्या में पुलिस बल और छात्राएं मौजूद रहीं।

# विजिलेंस टीम ने बकायेदारों के काटे कनेक्शन

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर में अधिशासी अभियंता की मौजूदगी में विजिलेंस टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया जिससे विद्युत चोरों व बकायदाओं में हड़कंप मच गया इस दौरान जांच टीम द्वारा बाजार में विद्युत कनेक्शन चेक करते हुए बकायेदारों के लाखों रुपया मौके पर जमा कराए गए तो वहीं एक बड़े बकायेदार का कनेक्शन काटकर शीघ्र जमा करने की चेतावनी दी गई।

विद्युत विभाग द्वारा कस्बे के उपरौस मोहल्ला सहित बाजार में चेकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता डी एन प्रसाद सहित बीजिलेंस टीम ने मौके पर पहुंचकर विद्युत बकायदाओं के कनेक्शन चेक किये और मौके पर उनसे बिल जमा करवाएं गए जिसमें लगभग



45 लोगों के बकायेदारों के 3 लाख 50 हजार रुपया विभाग ने वसूली की तो वहीं व्यापारी अंबिका प्रसाद का कसौंधन का 2 लाख बीस हजार रुपए के बकाए पर कनेक्शन काट दिया गया तो वहीं उपरौस में पिज़्ज़ा हाउस में अधिक लोड पाए जाने पर मौके पर 3 किलो वाट से 8 किलो वाट का कनेक्शन दिया गया। नगर में विजिलेंस के छापा की खबर मिलते ही विद्युत बकायेदारों व विद्युत चोरों में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान उपखंड अधिकारी विमलेंद्र श्रीवास्तव अवर अभियंता राजू प्रसाद सहित विद्युत स्टाफ मौजूद रहा।


**श्री बैजनाथ शिवकला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंगलपुर, बाराबंकी**

(डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद से सम्बद्ध)

पत्रांक : बी0एस0एम0/विज्ञापन/यू जी 60/2024- दिनांक 20-08-2024

**आवश्यकता हैं**

कला संकाय यू0जी0सी0 द्वारा न्यूनतम् अर्हताधारी, 08 प्रवक्ता - हिन्दी-01, अंग्रेजी-01 भूगोल-01, शिक्षा शास्त्र-02, समाज शास्त्र-01 राजनीतिशास्त्र-01, गृहविज्ञान-01 तथा विज्ञान संकाय 04. प्रववत्ता भौतिक विज्ञान-01 प्राणि विज्ञान-01 वनस्पति विज्ञान-01 एवं गणित-01 - प्रत्येक विषयों में एक-एक प्रवक्तृता तथा शिक्षाशास्त्र में 02 प्रवक्ता-निश्चित वेतनमान रु0 15000/-से रु0 18000/-में आवश्यकता है।

एवं एम0एस0सी0 (परास्नातक) 01 प्रवक्ता यू0जी0सी0 द्वारा न्यूनतम् अर्हताधारी प्रवक्ता गणित विषय में वेतनमान रू0 18000/- से रू0 22000/- आवश्यकता है।

**नोट-** आवेदन पत्र सभी प्रमाण पत्रो, पैन कार्ड व आधार कार्ड के साथ प्रमाणित प्रतियों सहित दो फोटो के साथ महाविद्यालय कार्यालय में 15 दिवस में पहुँच जाना चाहिए।

**रमेश कुमार वर्मा**
प्रबंधक
मो0न0-9621554399

# छज्जा गिरने से 40 बच्चे घायल,पांच की हालत गम्भीर

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार सुबह जनपद के जहांगीराबाद क्षेत्र मे बड़ा हादसा हो गया।यहां सुबह करीब 8 बजे अवध एकेडमी स्कूल का छज्जा गिरने के चलते करीब 40 बच्चे छज्जे के मलबा के साथ 10 फीट नीचे जमीन पर गिर गए। हादसे में सभी घायल हो गए। जिसमे 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है।



घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। कई बच्चे मलबा के बीच दब गए। किसी के सिर-चेहरे और गर्दन में तो किसी के सीने और हाथ पैर में गंभीर चोट आई,कई बच्चों के सिर फट गए। हर तरफ केवल खून ही खून था। बच्चो की चींख-पुकार मची थी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के सैकड़ो लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची। बच्चों को मलबे से रेस्क्यू करके निकाला गया। सभी घायलों को लेकर जहांगीराबाद सीएचसी लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद बच्चो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही बच्चो के माता-पिता भी स्कूल पहुंच गए।स्कूल प्रबंधन भी मौके पर पहुंचा।सीएम योगी ने हादसे पर संज्ञान लिया है।वही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भी मौके पर पहुँचकर घटना स्थल का जायजा लिया। अवध एकेडमी स्कूल मे करीब 400 बच्चे पढ़ते हैं। कुछ क्लास ग्राउंड फ्लोर और कुछ फर्स्ट फ्लोर पर चलती हैं। पहली मंजिल से नीचे आने का रास्ता छज्जा से होकर गुजरता है। हादसे के वक्त बच्चे प्रेयर के लिए छज्जे की बगल की सीढ़ी से उतर रहे थे।एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया अवध एकेडमी स्कूल में बच्चों की परीक्षा होनी थी। इसी दौरान छज्जा पर एक साथ भारी संख्या में बच्चे आ गए।छज्जा पर लोड बढ़ा और अचानक से गिर गया। हादसे में 40 बच्चे घायल है।स्कूल की मान्यता 5 तक लेकिन चल रहा है 12 तक।फिलहाल स्कूल सीज कर दिया गया है।

### शिक्षा विभाग व स्कूल प्रशासन पर हो कार्यवाही: सदर विधायक

स्कूल का छज्जा गिरने की खबर जनपद में आग की तरह फैल गई। जनपद के विभिन्न पार्टियों नेता आनन फानन अस्पताल पहुँचे। सपा सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव अपने समर्थकों के साथ जिला अस्पताल पहुँचकर घायल बच्चो का हाल चाल लिया और घायल बच्चो को सरकार द्वारा आर्थिक मदद देने की मांग की है और साथ में शिक्षा विभाग पर भी कार्यवाही करने की माँग की है।सदर विधायक ने कहा कि शिक्षा विभाग ने स्कूल को चलने दिया,जबकि पूर्व में भी स्कूल की शिकायत हुई थी इसके बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गई है इसलिये शिक्षा विभाग भी जिम्मेदार माना जाये। सुरेश यादव ने आगे कहाकि स्कूल प्रशासन पर भी बड़ी कार्यवाही की जाये ताकि अन्य प्रावेट स्कूल के प्रबंधकों को सबक ले सके।नगर पालिका परिषद चेयरमैन शीला सिंह वर्मा व प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा ने भी घायल छात्र-छात्राओं का हाल जाना।

### चकमार्ग के कार्य को देखने गए युवक से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर, बाराबंकी।** चकमार्ग के चल रहे कार्य को देखने गये युवक को धक्का देकर गिराने व जाति सूचक गाली देने की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताते चले कि सहज राम पुत्र कनैया लाल गौतम निवासी चन्दवारा ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि चकमार्ग पर कार्य कर रहे मजदूरो की देखरेख करने गया था। वही जैदपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर धनेठी निवासी प्रेम नारायण पुत्र अवधराम वर्मा भी आ गया और कार्य कर रहे मजदूरो को गाली देने लगा जिसपर मैने पूछा मजदूरो को गालियां क्यो दे रहे हो तो कहा हम प्रधान का कोई काम करने नहीं देंगे। प्रार्थी ने जिसकी शिकायत पीड़ित सहजराम के सफदरगंज थाने मे करने पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# घर से जेवर गहने व नकदी लेकर महिला फरार, पुलिस के हाथ खाली

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

▶ कोतवाली के चक्कर लगाने के बाद भी नहीं हो रही कार्यवाही

घर में रखा सारा जेवर और नगदी लेकर दबंग पड़ोसी के साथ गायब हुई महिला का पुलिस पता लगाने में असफल हो गई है।

करीब तीन सप्ताह से पीड़ित युवक पत्नी की तलाश में दर-दर की ठोकरें खा रहा है। कोतवाली बदोससरांय क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी सुनील कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद ने बताया कि 4 अगस्त को वह मजदूरी करने गया था। घर पर उसकी पत्नी बनदेवी थी। जिसे गांव का ही दबंग युवक मंगल उर्फ सचिन बहला-फुसलाकर घर में रखा जेवर और नगदी सहित कहीं लेकर चला गया है। पीड़ित युवक द्वारा मामले की शिकायत बदोसरांय पुलिस से की गई किन्तु पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ठन्डे बस्ते में डाल दिया है।

पीड़ित लगातार कोतवाली बदोससरांय और सीओ रामनगर के यहां चक्कर लगा रहा है किन्तु उसकी कही सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं पीड़ित को आरोपी का भाई आशीष ऐलानिया धमकी दे रहा हैं कि मेरा भाई तुम्हारी पत्नी को भगा ले गया है तुमको जो करना हो कर लो।

# बाल अधिकारों के लिए स्वयं सेवी संगठनों की हुई कंसल्टेशन वर्कआउट

**लखनऊ ,समृद्धि न्यूज।**

शहर के होटल बेबियान में समाजसेवियों व बाल अधिकारों पर कार्य करने वाले स्वयं सेवी संस्थाओं की स्टेट कंसलटेशन वर्कशाप में बच्चों के उभरते मुद्दों पर एक गहन विचार विमर्श कर समझ के साथ राज्य सरकार को सिफारिश रिपोर्ट तैयार की गई।



यह कार्यशाला सेफ सोसाइटी, एनएसीजी, इवीएसी तथा यूपी - फोर्सेस के संयुक्त तत्वावधान आयोजित हुई। बाल अधिकार और हम विषय पर हुई इस केकार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 35 स्वंसेवी संस्थाओ के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग कर उत्तर प्रदेश में बाल अधिकार एवं उनके सुरक्षा से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पे चर्चा की। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य सुचिता चतुर्वेदी एवं विशिष्ट अतिथि शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के उप-निदेशक विवेक नौटियाल ने शामिल होकर बाल अधिकारों पर लोगों की समझ को बढ़ाया। मुख्य वक्ता विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भाई, एहसास संस्था की संस्थापक शची सिंह, हम संस्था की निदेशक संगीता शर्मा, प्लान इंडिया के प्रदेश प्रभारी शयम सिंह, ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट के प्रदेश प्रभारी उमेश गुप्ता, मिलान फाउंडेशन की अंजलि सिंह, बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान बाराबंकी के अध्यक्ष रत्नेश कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बाल सुरक्षा से जुड़े सभी संस्थाओ को 0 से 6 वर्ष तक की उम्र के बच्चो के जीवन और सुरक्षा का विशेष ध्यान देना चाहिए क्यों की बच्चो का मानसिक विकास इसी आयु वर्ग में सबसे ज़्यादा होता है. सेफ सोसाइटी, एनएसीजी, इवीएसीएवं यूपी -फोर्सेस को संयुक्त रूप से सरकार के साथ बाल सुरक्षा को प्रभावी बनाने हेतु पहल करने की ज़रूरत है इसी क्रम में संस्थाओ एवं सरकारी विभागों को कॉर्पोरेट सेक्टर की भी मदद लेने की आवश्यकता है जिससे वह अपने संसाधनों और क्षमताओं का विकास कर के समाज को बेहतर सुविधाओं को उपलब्ध करा सके। कॉर्पोरेट जगत भी समाज के प्रति अपनी ज़िम्मेदार का निर्वहन व्यवस्थित रूप से कर सकने में सफल हो. प्लान और ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने कहा की प्रदेश के अलग अलग ज़िलों में बच्चो के मुद्दे अलग अलग है कुछ मुद्दे प्रदेश स्तर पे भी प्रभावी है अतः संस्थाओ को जिलों के ज़रूरतों के अनुसार अपना इंटरवेंशन प्लान बनाने की ज़रूरत है. इस कार्यशाला में तकनिकी विशेषज्ञ के रूप में सेफ सोसाइटी के निदेशक वैभव शर्मा एवं नेशनल फोर्सेस से भूपेंद्र शाण्डिल्य, यूपी फोर्सेस से रामायण यादव तथा राजदेव चतुर्वेदी भी बाल सुरक्षा तंत्र में सरकार और संस्थाओ की भूमिका पे प्रकाश डाला।

# दो पक्षों में हुई मारपीट से अधेड़ की मौत

**मसौली बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार की देर रात्रि थाना क्षेत्र के ग्राम मल्लपुर अरसंडा मे दो पक्षों के बीच हुई मारपीट मे गंभीर रूप से घायल 50 वर्षीय अधेड की ट्रामा सेन्टर लखनऊ मे इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी।



सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिंहा , क्षेत्राधिकारी रामनगर आलोक कुमार पाठक, प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने घटनाथल का जायजा लिया तथा एहतियातन पुलिस तैनात की गयी है।

बताते कि विगत दिनों रक्षाबंधन के दिन मल्लपुर अरसंडा निवासी रामू यादव के 17 वर्षीय पुत्र हुकुम सिंह यादव एव गांव के ही त्रिभुवन के पुत्र ज्ञान सिंह के बींच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था इसी को लेकर गुरुवार की देर रात्रि ज्ञान सिंह अपने पिता त्रिभुवन, रवि पुत्र वीरेंद्र कुमार, अमरेश , मुलायम सिंह यादव पुत्रगण रामनरेश धारदार हथियार से लैस होकर रामू यादव के घर आकर जाबेजा गालिया देते हुए घर के बाहर मौजूद 50 वर्षीय हरी प्रसाद पुत्र विश्राम पर टूट पड़े लाठी डंडो एव बाँके से हुए हमले मे हरी प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया बड़े पिता को बचाने दौड़े हुकुम सिंह यादव को भी मरणासन् कर दिया। गंभीर रूप से घायल चाचा भतीजे को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहां से हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया। जिसमे 50 वर्षीय हतिप्रसाद की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी तथा हुकुम सिंह का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी पर अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिंहा, क्षेत्राधिकारी रामनगर आलोक कुमार पाठक, प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह सहित थाना रामनगर, बदोसराय का पुलिस बल तैनात किया है।

## खबरें एक नजर में

### बगैर प्रपत्र ओवरलोड मौरम भरे 4 वाहनों को पकड़ा



**उरई, जालौन।** उरई तहसील क्षेत्र में लगे मौरम डम्पों से लगातार डंके की चोट पर बगैर किसी प्रपत्र एनआर ओवरलोड मौरम भरे वाहनों पर नकेल कसने की मंशा से बीती रात्रि एसडीएम के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें चार ऐसे ओवरलोड मौरम भरे भारी वाहन पकड़े गये जिनके पास मौरम ले जाने का कोई प्रपत्र नहीं था। उक्त अभियान की जैसे ही दूरभाष पर मौरम डम्प वालों को जानकारी मिली तो उन्होंने मौरम भरे वाहनों को डम्प स्थलों पर ही रोक लिया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात्रि सदर उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल के नेतृत्व में सीओ सदर, एआरटीओ, खान निरीक्षक के साथ ही पुलिस बल के साथ राठ रोड पर मौरम भरे वाहनों की चेकिंग का अभियान शुरू किया गया तो एक के बाद एक चार ऐसे ओवरलोड मौरम भरे वाहन पकड़े गये जिनके पास मौरम ले जाने का कोई वैध प्रपत्र नहीं थे। संयुक्त चेकिंग के दौरान जब टीम ने ओवरलोड बालू से भरे ट्रक चालकों से मौरम ले जाने के संबंधित कागजात मांगे तो वह कोई जबाब नहीं दे पाये।

### लापता हुई युवती, पुलिस से खोजने की लगायी गुहार

**जैदपुर बाराबंकी।** जिले के ज़ैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरलीगंज निवासी विशाल महावत पुत्र विक्रम ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीते 19 अगस्त की रात्रि करीब 8:30 बजे उनकी बहन घर में बिना कुछ बताएं कहीं चली गई। जिसकी काफी खोजबीन की गई। लेकिन अभी तक कोई भी जानकारी नहीं हो पाई।उन्होने बताया कि उनकी बहन का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है।वही पुलिस को शिकायती पत्र देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

### पुलिस परीक्षा में 288 के सापेक्ष 187 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**जालौन, उरई।** उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा के लिए स्थानीय छत्रसाल इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 288 परीक्षार्थियों के लिये बनाए गए परीक्षा केंद्र पर दो पालियों में परीक्षा कराई गई। जिसमें 187 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया है। उत्तर प्रदेश भर्ती पुलिस परीक्षा के लिए स्थानीय छत्रसाल इंटर कालेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के पहले दिन शुक्रवार को परीक्षा केंद्र पर दो पालियों में परीक्षा कराई गई। दोनों पालियों में 144 व 144 परीक्षार्थियों की व्यवस्था की गई थी। जिसमें पहली पाली में 144 परीक्षार्थियों में 95 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 59 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली की परीक्षा में 144 परीक्षार्थियों में से 102 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 42 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। दोनों पालियों में 288 परीक्षार्थियों में से 197 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 101 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। पुलिस परीक्षा को सुचितापूर्ण व शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन सतर्क रहा।

# एसडीएम के संयोजन में लगायी ग्राम चौपाल

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव में ही ग्रामीणों तक पहुचाने के लिए उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं खंड विकास अधिकारी के संयोजन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील स्तरीय समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित आयी शिकायतों को सुनकर उनका मौके पर निस्तारण किया।

शुक्रवार को विकासखंड सिरौलीगौसपुर की ग्राम पंचायत आमरा देवी में खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव के संयोजन एवं एसडीएम की आनंद तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम चौपाल में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 50 शिकायतें आईं ।जिनमें से 24 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। गांव में तालाब और चकरोड पर अवैध अतिक्रमण को भी हटवाया गया। उपजिलाधिकारी की पहल पर पहली बार इस तरह की ग्राम चौपाल का आयोजन गांव में किया गया। जिसमें सभी विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण किया। एसडीएम ने स्टाल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य टीम द्वारा किये जा रहे कार्य की सरहाना भी किया। इसी प्रकार कृषि विभाग के स्टॉल पर ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि से संबंधित समस्याओं का निस्तारण कराया । वही बाल विकास विभाग के स्टॉल पर महिलाओं को पोषण से सम्बंधित जानकारी दी गई। विद्युत विभाग के द्वारा नए कनेक्शन के साथ ही ग्रामीणों की अन्य समस्याओं का समाधान किया गया। खाद एवं रसद विभाग द्वारा लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निदान कराया गया। गांव में पहली बार आयोजित इस तरीके की चौपाल में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी समस्याएं रक्खी। इस दौरान उपजिलाधिकारी आनंद तिवारी ने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि आज की चौपाल में आई सभी समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जाए।

यदि किसी समस्या के निस्तारण में तत्काल कार्रवाई संभव न हो तो उसे नोट कर उन्हें अवगत कराएं और उसका निस्तारण एक सप्ताह के अंदर हर हाल में किया जाए । चौपाल में पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार, सीडीपीओ अर्चना वर्मा, लोक निर्माण विभाग की अवर अभियंता सिल्की अग्रवाल, एसडीओ विद्युत एवं पुलिस विभाग सहित सभी विभागों से सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान ने सांसद के नाम से मासिक रंगदारी मांगने का लगाया आरोप

**उरई,जालौन।** ग्राम प्रधान ने कुछ लोगों पर जालौन-गरौठा-भोगनीपुर क्षेत्र के सांसद के नाम से रंगदारी वसूल करने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। विकासखंड रामपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत जगम्मनपुर के प्रधान प्रज्ञादीप गौतम ने रामसिया पुत्र गोधन, जागेश्वर पुत्र लालाराम निवासीगण जगम्मनपुर पर रंगदारी वसूल करने के प्रयास का आरोप लगाते हुए थाना रामपुरा में प्रार्थना पत्र दिया है। ग्राम प्रधान प्रज्ञादीप गौतम द्वारा रामपुरा पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में रामशिया व जागेश्वर पर आरोप लगाया गया है कि यह लोग स्वयं को जालौन-गरौठा-भोगनीपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद नारायण दास अहिरवार का प्रतिनिधि बताकर ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए।



### शांतिपूर्ण संपन्न हुई आरक्षी भर्ती परीक्षा

**बाराबंकी।** शुक्रवार को दो पालियों में आयोजित उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा शुचितापूर्ण और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रथम पाली में 2039 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 889 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 2091 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 837 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।आरक्षी भर्ती परीक्षा को शुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा भ्रमणशील होकर राजकीय इंटर कॉलेज बाराबंकी व अजीमुद्दीन अशरफ़ इस्लामिया इंटर कॉलेज बाराबंकी, जमील उर रहमान इस्लामिया कॉलेज बाराबंकी, जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज बाराबंकी परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गये।

# मुख्य चौराहे के पास पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

बदोसराय कस्बे के मुख्य चौराहे पर एक मार्केट के पीछे खाली पड़े प्लाट के कोने में लगे जंगली पेड़ की झाड़ में लटकता एक अज्ञात व्यक्ति शव पाया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बदोसराय पुलिस ने शव को झाड़ियां से निकलवाकर पहचान कराने का प्रयास किया किंतु पहचान नही हो सकी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली बदोसराय कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थित अवस्थी मार्केट के पीछे खाली पड़े प्लाट के कोने में लगे एक जंगली पेड़ के सहारे झाड़ में कपड़े की चिट से शव लटक रहा था। अवस्थी परिवार का एक बच्चा खेलते समय उधर गई गेंद उठाने गया तो वहां लटकते शव को देखकर डर गया । डर से भागते हुए घर पहुंचा और परिजनों को शव लटके होने की सूचना दी। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई । मौके पर पहुंची बदोसराय पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को बाहर निकलवाया। घटना की सूचना फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई। शव से परिसर में फैली दुर्गंध से लोग शव के कई दिन पुराना होने के साथ ही हत्या कर लटकाने का अनुमान लगा रहे हैं। शाम 6 बजे घटना का खुलासा होने के बाद पुलिस ने बाराबंकी से पोस्ट मार्टम कर्मचारियों को बुला कर शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना स्थल का सीओ रामनगर आलोक पाठक ने भी निरीक्षण किया है।

# डीएम-एसएसपी ने किया पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर के साथ जिले में आयोजित हो रहे उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बायोमेटिक सेन्टर व कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया।



इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया तथा सी.सी.टी.वी कैमरे से की जा रही मॉनिटरिंग प्रक्रिया का भी जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र व अभ्यर्थियों के पेपर को देखा। इसके बाद जिलाधिकारी ने राजकीय इंटर कालेज में चल रही परीक्षा का भी निरीक्षण किया। जिले में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा दिनांक 23 अगस्त को प्रथम पाली में आयोजित 12 परीक्षा केन्द्रों पर 4632 अभ्यर्थियों में से 3367 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में उपस्थित हुए तथा 1265 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।प्रथम पाली में 72.69 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गयी।इसी क्रम में द्वितीय पाली में आयोजित 12 परीक्षा केन्द्रों पर 4632 अभ्यर्थियों में से 3409 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में उपस्थित हुये तथा 1223 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 73.60 प्रतिशत अभ्यर्थी की उपस्थिति रही।

### शिव उपासना की प्रस्तुति के लिए सेविन हिल्स को मिला प्रशस्ति पत्र

**इटावा।** सेविन हिल्स स्कूल के बच्चों द्वारा श्री नीलकंठ मंदिर पर इस वर्ष भी श्रावण मास में शिव उपासना की भावपूर्ण प्रस्तुति कार्यक्रम किए जाने को लेकर मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार वाजपेई ने स्कूल के प्रधानाचार्य सौरभ दुबे को प्रशस्ति पत्र भेंट कर समस्त विद्यालय परिवार का आभार एवं अभिनंदन किया। सेविन हिल्स स्कूल के बच्चों द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह में चौथे सोमवार को मंदिर परिसर में शिव उपासना की भावपूर्ण प्रस्तुति का प्रेरक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया था। इस उपलक्ष में स्कूल के बच्चों के उत्साह वर्धन हेतु मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश वाजपेई ने उक्त प्रशस्ति पत्र भेंट किया, जिसके लिए स्कूल के प्रिंसिपल सौरभ दुबे ने उनका आभार जताया।

# सख्ती के साथ हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में पहले दिन 11 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस भर्ती की परीक्षा हुई। दूर दराज इलाकों से परीक्षार्थी परीक्षा देने आए अभ्यर्थी रात से परीक्षा केंद्रों के बाहर डटे हुए थे। पुलिस और जिला प्रशासन ने शांति पूर्ण और पूरी सुरक्षा के साथ परीक्षा कराने की तैयारी की। जनपद के सभी 11 परीक्षा केंद्रों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। बिना चेकिंग और बिना आईडी कार्ड के किसी को अभी परीक्षा केंद्र के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। जिलाधिकारी अवनीश राय और एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। सीओ सिटी अमित कुमार सिंह ने तड़के सुबह से ही भ्रमण कर परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को पूरी तरह सजग रहने के निर्देश दिए। जनपद में ग्यारह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। साथ ही शहर में कई हेल्प डेस्क बनाये गए हैं जिससे बाहर से आने वाले परीक्षार्थी को कोई भी सहायता चाहिए हो वह भी मिल सके। अभ्यर्थी रात से परीक्षा केंद्रों के बाहर डटे हुए है। पुलिस और जिला प्रशासन ने शांति पूर्ण और पूरी सुरक्षा के साथ परीक्षा कराने की तैयारी कर ली है। सभी 11 परीक्षा केंद्रों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बिना चेकिंग और बिना आईडी कार्ड के किसी को अभी परीक्षा केंद्र के अंदर जाने की अनुमति नहीं है।



# बिजली बकाया वसूलने के लिए शहर में घूम रहीं तीन टीमें

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

▶ बिजली चोरी पकड़े जाने पर होगी एफआईआर

बिजली बिल बकाया करने जमा न करने वालों पर बिजली विभाग की पैनी नजर है। इन पर कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्र ने कहा है कि शहर के सभी उपकेन्द्रों पर यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए तीन टीमें बनाई गई है और प्रत्येक टीम में 20 कर्मचारी शामिल हैं। बिजली विभाग मॉर्निंग रेड अभियान के तहत अलग अलग क्षेत्र में विभाग की टीमों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। बिजली चोरी पकड़े जाने पर एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। कुछ लोग केवल बाईपास करके और कुछ मीटर बायपास करके बिजली की चोरी कर रहे हैं। बिजलीं विभाग की टीमें बकाएदारों की लिस्ट लेकर सुबह से चेकिंग अभियान पर निकल रही हैं और बकायेदारो की कुंडी बजाकर वसूली की जा रही है। ऐसे में जिन बकाएदारों ने अपना बिल जमा कर दिया उनका तो उन्हें छोड़ दिया जाता है अधिशाषी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा ने कहा कि यह अभियान 31 अगस्त तक चलेगा।

# जन्माष्टमी को लेकर नगर निगम में हुई तैयारी बैठक

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

नगर निगम के तिलक हाल में शुक्रवार को महापौर गिरीशपति त्रिपाठी की अध्यक्षता तथा केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति अध्यक्ष मनोज जायसवाल की उपस्थिति में आगामी 26 अगस्त से प्रारंभ होने वाले श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं सात सितंबर से प्रारंभ होने वाले श्री गणेश महोत्सव पर्व की तैयारियों के संबंध में नगर निगम अधिकारियों केंद्रीय समिति पदाधिकारियों तथा श्री कृष्ण जन्माष्टमी व श्री गणेश पूजा समिति पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न आयोजन समितियों से आए पदाधिकारियों ने अपने पूजा स्थल से संबंधित समस्याओं से महापौर को अवगत कराया। प्रभु श्री राम की नगरी में आगामी पर्व बहुत ही धूमधाम से संपन्न कराए जाएंगे और जो भी सहयोग नगर निगम की तरफ से चाहिए, प्रदान किया जाएगा और समस्याओं का शत प्रतिशत निराकरण किया जाएगा। प्रत्येक पूजा पंडाल पर डस्टबिन लगवाने के निर्देश भी उन्होंने अधिकारियों को दिए।



केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने नगर निगम अधिकारियों को आगामी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव तथा गणेश पूजा पर्व के कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया। इसी प्रकार आगामी सात सितंबर को श्री गणेश पूजा का पर्व प्रारंभ होगा तथा 17 सितंबर को जमुनियाबाग में संयुक्त शोभायात्रा के साथ चौक,रिकाबगंज नियावा होते हुए कैंट के रास्ते गुप्तार घाट पर जाकर विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न होगा।

# हड़ताल खत्म होते ही मेडिकल कॉलेज में उमड़ी मरीजों की भीड़

- 1034 मरीजों ने ओपीडी में कराया पंजीकरण
- सभी को डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद लिखी दवाईयां

तिर्वा। समृद्धि न्यूज



ओपीडी कक्ष में पंजीकरण के लिए लाइनों में लगे मरीजों के तीमारदार



ओपीडी में अस्थि रोग विभाग में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों ने भी अपनी हड़ताल वापस ले ली। शुक्रवार को हड़ताल खत्म होने के बाद ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ लगी। लोगों ने लाइनों में पंजीकरण कराया। इसके बाद ओपीडी के केबिनों में जाकर संबंधित चिकित्सकों से अपना उपचार कराया। बाद में फार्मेसी कक्ष में लाइनें लगाकर दवाईयां ली। 11 दिनों के बाद क्षेत्र के मरीजों को मेडिकल कॉलेज से काफी राहत मिली। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा देशभर के मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की सुरक्षा का भरोसा दिलाने व हड़ताल के दौरान किसी डॉक्टर पर कोई कार्रवाई न किए जाने का भरोसा दिए जाने के बाद डॉक्टरों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली। शुक्रवार की सुबह मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों ने भी एक बैठक कर हड़ताल खत्म करने व काम पर वापस लौटने का निर्णय लिया। इसके बाद ओपीडी के गेट खुल गए। मरीजों व उनके तीमारदारों ने लाइनों में लगकर पर्चे बनवाए। मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को 1034 मरीजों ने ओपीडी में पहुंचकर अपना पंजीकरण कराया। सभी को परीक्षण के बाद दवाईयां भी दी गई। उन्होने बताया कि शनिवार से जनरल वार्ड की भी व्यवस्थाएं बेहतर होगी। सभी जूनियर व सीनियर डॉक्टरों के अलावा सभी विभागाध्यक्ष भी शनिवार से केबिनों में बैठकर मरीजों को देखेगें।

# किडजी ग्लोबल स्कूल में जन्माष्टमी पर्व की धूम

छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज





**पूर्वी बाईपास** पर संत निरंकारी आश्रम के नजदीक किडजी आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल में जन्माष्टमी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं और उनके जन्म को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया तथा भक्ति गीतों पर मनमोहन डांस करके वाहवाही लूटी। सीनियर केजी के नन्हे मुन्ने बच्चों ने माय फ्रेंड गणेशा.. मैया यशोदा.. क्लास तीन के बच्चों ने बरसाने की गोरी.. और क्लास 9 के बच्चों ने लीलाधर की लीला.. गानों पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इसके बाद मटकी फोड़ का कार्यक्रम हुआ। श्री कृष्ण बने अप्रतिम अग्निहोत्री के मटकी फोड़ते ही तालियां गूंज उठी। मटकी फोड़ने के लिए पिरामिड बनाने में हर्षित, गौरव, सिद्धार्थ, उत्कर्ष, राजदीप, लवकुश, अगम, कार्तिक व अनिरुद्ध ने साथ दिया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 7 के बच्चों सूर्यांश दीक्षित एवं जसमीत कौर ने किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार द्विवेदी एवं प्रधानाचार्य बरखा अवस्थी और वाइस प्रिंसिपल प्रीतिमा शुक्ला सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# नेशनल स्पेस डे के अवसर पर क्विज/प्रतियोगिता संपन्न

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



नेशनल स्पेस डे के अवसर पर सीबीएसई से संबद्ध शिक्षण संस्था जुगल शीतल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चंद्रयान-3 पर आधारित क्विज प्रतियोगिता संपन्न करवाई गई।

प्रिंसिपल डॉक्टर शैलेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा अवगत कराया गया कि इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन द्वारा श्रीहरिकोटा के सतीश धवन लॉन्चिंग स्टेशन से दिनांक 20 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 लांच किया गया था। यह चंद्रयान करीब 33 दिन बाद दिनांक 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा की सतह पर पहुंच गया था। इसका उद्देश्य चंद्रमा की सतह तथा वातावरण का अध्ययन कर उसका डेटा भारतीय स्पेस रिसर्च आर्गेनाईजेशन तक पहुंचना है ,ताकि भविष्य में चंद्रमा पर जीवन होने की संभावना का पता चल सके। क्विज प्रतियोगिता के अवसर पर भाभा हाउस से अनुष्का ,निखिल तथा आदर्श ने प्रतिभा किया , कलम हाउस से नितेश ,तान्या तथा सोनाली , आर्यभट्ट हाउस से अनन्या ,प्राची, आशीर्वा तथा रामानुजन हाउस से कनिष्का, वैष्णवी तथा आराध्या ने प्रतिभा किया ।सभी हाउस के छात्रों से चंद्रयान-3 के संदर्भ में अनेक तकनीकी सवाल पूछे गए, जिसमें रोवर तथा लॉन्चिंग व्हीकल से संबंधित सवालों पर कड़ा मुकाबला हुआ।अंत में रैपिड फायर राउंड के आधार पर भाभा हाउस को विजेता घोषित किया गया।कार्यक्रम के अंत में डायरेक्टर डॉ आत्माराम शर्मा , कोऑर्डिनेटर संदीप प्रताप वर्मा तथा मैनेजर हिमांशु सक्सेना द्वारा सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं को बधाई प्रेषित की गई तथा उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# कच्चा मकान ढहने से गृहस्वामी की मौत

- चार बकरियां भी दबकर मौत का हुई शिकार
- इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के मरहाला तिराहे पर हुई घटना

तिर्वा। समृद्धि न्यूज



फाइल फोटो मृतक रामअवतार

तिर्वा। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के मरहाला तिराहे पर गुरूवार की मध्य रात्रि तेज बारिश के दौरान एक कच्चा मकान ढह गया। मलबे में दबकर गृह स्वामी की मौत हो गई। घर में बंधी चार बकरियों की भी जान चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्रीय लेखपाल ने भी मौके पर जाकर बारिश से हुए नुकसान की रिपोर्ट तैयार की। त्रिलोकपुर गांव निवासी रामअवतार मरहाला तिराहे पर एक कच्चा मकान बनाकर उसके निवास करते थे। गुरूवार की रात हुई तेज बारिश से उनका कच्चा मकान ढह गया। जिसमें दबकर रामअवतार की मौके पर मौत हो गई। मकान में बंधी चार बकरियां भी दबकर मौत का शिकार हो गई। मकान ढह जाने की जानकारी पाकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। मलबे को हटाया, तो रामअवतार का शव बाहर निकाला। मामले की सूचना इंदरगढ़ पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसडीएम के आदेश पर क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर जाकर हुए नुकसान का जायजा लिया।

# खबरें चलते-चलते

## पीस कमेटी की बैठक मे कोतवाल नें नागरिकों से मांगे सुझाव

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम ताजिया त्योहारों पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखनें के उददेश्य से प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे की अध्यक्षता में कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होनें नागरिकों से त्योहारों पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखनें के लिये सहयोग की अपील की। शुक्रवार को कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक मे नागरिकों ने प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम ताजिया के दौरान उत्पन्न होनें बाली समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान शहरकाजी हाफिज जुम्मन एवं प्रसपा नेता मुनीर कुरैशी नें दोनों धर्मों के त्योहार एक ही दिन पडनें पर गंगा जुमनी तहजीब की परिचय देते हुये चेहल्लुम व ताजिया त्योहार को एक दिन पीछे करनें के निर्णय की सराहना की गई। कोतवाल नें कहा कि किसी जाति धर्म का त्योहार हो आपसी भाईचारा व प्रेम सौहार्द बढानें का कार्य करता है। लेकिन समाज के कुछ अराजक तत्व ऐसे होते हैं जो माहौल को खराब करनें का प्रयास करते हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध कडी कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, कस्वा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह सहित मंहत राकेश चन्द्र दुवे, धर्मेन्द्र कौशल, नीरज मिश्रा, व्यापारी नेता शिवमराज वर्मा, विजय दुवे, परवेज अहमद चन्दन, सभासद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र गुप्ता उर्फ बडे, सुमित सक्सेना, नीलेश गुप्ता, लाल मियां, सुगम दुवे, हरिओम गुप्ता, राजेश गुप्ता, अजय गुप्ता, सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## टीएसआई ने बीस का चालान काटा, कराया नियमों से अवगत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन व यातायात सीओ डा. प्रियंका बाजपेई एवं यातायात प्रभारी आफाक खॉन के पर्यवेक्षण में कर्तव्यनिष्ट टीएसआई अरशद अली यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालो पर जहां एक ओर जुर्माना अधिरोपित कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वाहन चालकों एवं राहगीरों को यातायात नियमों से अवगत कराकर पालन करने के लिए प्रेरित भी कर रहे है। शुक्रवार को टीएसआई द्वारा बीस वाहनों के चालान किए गए। उन्होनें नगर के पीडब्ल्यूडी तिराहे के आस पास सवारी भरने वाले समस्त टेंपो चालकों को टैक्सी स्टैंड पर ही ले जाकर अपने वाहन खड़े करने के निर्देश दिए गए और उनसे आग्रह किया गया कि आप सभी लोग जाम से निजात दिलाए और अपने वाहन को निश्चित स्थान पर ही पार्क करें और वहीं पर से सवारी बैठा कर अपने गंतव्य स्थान तक जाएं। वहीं उनके द्वारा समस्त वाहन चालकों को एकत्र कर उन्हें यातायात के नियमों के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस अभियान में पीआरडी सर्वेश कुमार, राजेश कुमार, सतीश आदि भी मौजूद रहे।

## विद्युत चेकिंग अभियान में चार लाख का राजस्व वसूला

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** लाईन लॉस को रोकनें के लिये उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एसडीओ ने जेई व टीम के साथ ग्राम जयसिंह पुर्वा में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें विद्युत विभाग द्वारा बकायेदार करीब दो दर्जन से अधिक कनेक्सन काटे और पॉच लोगों पर कार्रवाई करते हुये लाखों रुपयो का राजस्व बसूला है। शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम जयसिंह पुर्वा में एसडीओ बृजेश कुमार सिरोही नें जेई विकास कुमार एवं टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाते हुये छब्बीस लोगों के केबल विच्छेदन किये और विद्युत चोरी करते रंगे हाथ पकडे गये पॉच लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। साथ ही चार लाख रुपयों की राजस्व वसूली की। इस दौरान एसडीओ ने कहा कि उपभोक्ता समय से बिलों का भुगतान विभाग का सहयोग करें। इस दौरान टीजीटू विजय कुमार यादव, लाइनमैन संजय यादव, सरमू, जावेद आदि मौजूद रहे।

# सड़क के किनारे खड़े बिजली पोल दे रहे हादसे को दावत

- क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष ने जताई नाराजगी

समधन, समृद्धि न्यूज़



मलिकपुर से सिंहपुर मार्ग के किनारे बिजली पोल दिखाते ठाकुर कौशलेंद्र सिंह व अन्य

**सड़क किनारे** बिल्कुल सटे खड़े बिजली के पोल खुलेआम हादसों को दावत दे रहे हैं जिसको लेकर क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष ने नाराजगी जताई है। मलिकपुर से सिंहपुर मार्ग के किनारे बिजली के पोल से आय दिन घटनाऐं होने पर अपनी चिन्ता जताते क्षत्रिय समाज एकता ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष ठाकुर कौशलेंद्र सिंह ने गुरुवार को सड़क किनारे जगह- जगह बिजली पोलो को दिखाते हुए अपनी नाराज़गी जताते हुऐ कहा कि बीते बुधवार को इसी का परिणाम है कि सड़क किनारे लगा बिजली पोल से टकराकर ग्राम सिंहपुर निवासी विपिन कुमार वाथम की मौत हो गई थी उन्होंने चेतावनी भरे लियाजे में कहा कि लोक निर्माण विभाग के उच्च अफसरों से जल्द इन विद्युत पोलो को तत्काल हटाये जाने की मांग उठाई है। इस दौरान जितेंद्र ठाकुर डा दरोगा ठाकुर पप्पू ठाकुर चन्दन ठाकुर बाबा ठाकुर आदि क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे।

# संगठनात्मक चुनाव व सम्मेलन की तैयारी में जुटें व्यापारी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



व्यापारियों की बैठक लेते प्रदेश अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल — समृद्धि न्यूज

**व्यापार** मण्डल के प्रान्तीय अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल के नगर आगमन पर व्यापारियों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होनें नगर व जिला कमेटी को पुनर्गठन के लिए भंग करते हुये धर्मेंद्र कौशल को आठ दिन में नई कमेटी का गठन करने की जिम्मेदारी दी गई। गुरूवार को प्रदेश अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल ने आयोजित बैठक में कहा कि व्यापार मण्डल का प्रान्तीय अधिवेशन व त्रैवार्षिक चुनाव सितम्बर-2024 में प्रस्तावित है। जिसके लिए एक लाख प्रान्तीय सदस्य व व्यापारी सम्मान की रक्षा के लिए दस हजार व्यापारी सैनिकों की व्यापारी सेना के गठन की तैयारी चल रही है। कहा कि व्यापारियों में इस सेना में शामिल होने के लिए भरपूर उत्साह है। व्यापारी सेना का ड्रेस कोड, उनका परिचय पत्र, उनकी कार्यशैली व प्रशिक्षण शिविर आदि पर काम चल रहा है। प्रान्तीय सदस्यता का आई.कार्ड व सार्टीफिक्रेट भी उपलब्ध कराया जाएगा। व्यापार मण्डल के पदाधिकारी व व्यापारी सैनिकों को व्यापारियों हितों में लड़ने के लिए सक्षम बनाया जाएगा। त्यौहारों पर सैम्पलिंग के नाम पर फूड विभाग व्यापारी उत्पीड़न कर अवैध वसूली की नियत से छापेमारी की कार्यवाही कर रहा है। कहा कि साप्ताहिक बंदी लेबर को अवकाश देने के लिए बनाई गई थी। सात दिन दुकान खोलने का लाइसेंस लेने के बाद भी नगर पालिका के अधिकारी, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी जबरदस्ती दुकान बंद कराने की कार्यवाही कर रहे हैं। जीएसटी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी बड़े नगरों को छोड़ अब गांव तथा छोटे कस्बों में दुकान चलाने वाले ऐसे व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं, जिनका टर्नओवर कभी भी 40 लाख के दायरे को नहीं छू सकता, जबकि सरकार द्वारा 40 लाख तक टर्नओवर वाले व्यापारियों जीएसटी पंजीकरण से बाहर रखा है। प्रतिबन्धित पोलोथीन के उत्पादन पर रोक नहीं लगाई जा रही है। बाजारों में चालान व जुर्माना करने के स्थान पर प्रतिबन्धित पोलोथीन के निर्माण पर रोक लगाई जानी चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से हिमांशु गुप्ता, नीलेश गुप्ता, ऋषि कौशल, बृजेश कौशल, हरिओम गुप्ता, पूर्व सभासद फैंसी भाई, अजय गुप्ता, सूरजभान वर्मा, शिवम गुप्ता, पूर्व सभासद नवल किशोर गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# लकी थापा पहलवान ने मुन्ना पहलवान को हराकर जीत की दर्ज

समधन, समृद्धि न्यूज़



दंगल में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिये संघर्ष करते पहलवान

**नगर में** चल रहे सात दिवसीय दंगल के आज सातवें दिन पहली कुस्ती लकी पहलवान व मुन्ना पहलवान के बीच कराई गई जिसमें लकी पहलवान ने मुन्ना पहलवान को पटकनी देकर जीत अपने नाम दर्ज कर ली गई । समधन नगर के पूर्वी स्वागत द्वार के नजदीक चल रहे सात दिवसीय दंगल के शुक्रवार को सातवें दिन देर शाम करीब पांच बजे शुरू हुआ जिसमें कमेटी की ओर से पहली कुस्ती हिमाचल प्रदेश से आये लकी पहलवान व गंगा नगर से आये मुन्ना पहलवान के बीच कराई जिसमें करीब 30 मिनट तक दोनों पहलवानों के बीच दांव पेंच का खेल चलता रहा आखिर में लकी पहलवान ने मुन्ना पहलवान को पटकनी देकर जीत अपने नाम दर्ज कर ली। दूसरी कुस्ती पंजाब से आये बिक्की पहलवान व राजस्थान से आये बन्टी पहलवान के बीच कराई गई जो दोनों के बीच काफी देर तक उठापटक व दांव पेंच का खेल चलता रहा इसके वाद बिक्की पहलवान ने बन्टी पहलवान को भारी मशक्त के वाद पलट कर जीत अपने नाम दर्ज कर ली। तीसरी कुस्ती हिमाचल प्रदेश से आये बाबा लड़ी पहलवान व हरियाणा प्रदेश से आये पवन पहलवान के बीच कराई गई जिसमें करीब 20 मिनट तक दोनों पहलवानों के बीच संघर्ष चलने के वाद बाबा लड़ी पहलवान ने पवन पहलवान को कड़ी शिकस्त देते हुऐ जीत दर्ज कर ली। इसके बाद करीब एक दर्जन पहलवानों की कुस्ती कमेटी की ओर से कराई गई। वाद मे कमेटी के सदस्यों ने विजेता व उपविजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

जागरूकता रैली

छात्राओं ने निकाली महिला सुरक्षा जागरूकता रैली

# महिलाओं की सुरक्षा समाज की जिम्मेदारी: अमित कुमार

- बुलंद नारों के साथ की त्वरित न्याय की माँग

समधन , समृद्धि न्यूज़




**कोलकाता में** प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी की घटना से स्तब्ध बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज की छात्राओं ने शुक्रवार को विद्यालय प्रांगण से तेराजाकेट ग्राम तक शांतिपूर्ण महिला सुरक्षा जागरूकता रैली निकालकर महिलाओं को समाज में सुरक्षित रहने के लिए जागरूक किया गया। छात्राओं ने पोस्टर, बैनर, तख्तियों व नारों के माध्यम से शासन से महिलाओं से दरिंदगी करने वालों पर त्वरित कार्रवाई करने की आवाज बुलंद की। रैली में छात्राओं के साथ शिक्षक व शिक्षिकाओं ने भी प्रतिभाग किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहा। शुक्रवार को जीटी रोड तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज प्रांगण में माध्यमिक वर्ग की सभी छात्राओं ने एकत्र होकर बुलंद आवाज में महिलाओं की सुरक्षा की मांग करते हुए जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को रवाना करने से पहले विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा समाज की जिम्मेदारी है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए हम सभी को एक साथ खड़ा होना होगा। हमें महिलाओं के अधिकारों का सम्मान करना होगा और उनके साथ होने वाले अपराधों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य समाज में सकारात्मक योगदान देने वाले नागरिक तैयार करना होना चाहिए। कोलकाता जैसी घटनाएँ समूचे समाज को कलंकित करती हैं और महिलाओं के मन में असुरक्षा की भावना पैदा करती हैं। इसके बाद प्रधानाचार्य ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर तेराजाकेट चैराहा होते हुए ग्राम तेराजाकेट का भ्रमण कर महिलाओं को अपराधों से सतर्क रहने के लिए जागरूक किया। इस दौरान छात्राओं ने नारी का करो सम्मान, तभी बनेगा देश महान, ज्ञान की गंगा को बहाना है, महिलाओं को शिक्षित बनाना है, जब तक सूरज चाँद रहेगा, नारी का सम्मान रहेगा, देश को आगे बढ़ाना है, नारी को सशक्त बनाना है, अबला नहीं है बिल्कुल नारी, संघर्ष हमारे रहेंगे जारी, जैसे नारों से अपनी आवाज बुलंद की और शासन प्रशासन से महिलाओं से आपराधिक घटनाओं में त्वरित न्याय की माँग उठाई। इस मौके पर अंकिता शर्मा, खुशी यादव, स्वाति अवस्थी, आरती राजपूत, अल्का दुबे, लक्ष्मी शर्मा, सीमा राजपूत, दीपिका तिवारी, रागिनी, संध्या यादव, मुस्कान इदरीसी, संजू यादव, नाजरीन बानो, वैष्णवी पाल, प्रेमा राजपूत, खुशी सैनी, शिवा पाण्डेय के अलावा शिक्षक चन्द्रप्रकाश गुप्ता, सुनील कुमार, मो0 राशिद खान, ओमेन्द्र सिंह, अनिल कुमार, फूल मोहम्मद, जैनुल मंसूरी, अमन यादव, सचिन कुमार सहित अन्य कई कर्मी मौजूद रहे।









# पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन सख्ती के चलते 4077 परीक्षार्थियों ने छोड़ा मैदान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

- 12432 में से 8335 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, डीएम-एसपी लेते रहे जायजा

**पुलिस की** कड़ी सुरक्षा के बीच 18 केंद्रों पर शांति पूर्ण ढंग से पुलिस भर्ती परीक्षा सम्पन्न हुई। सभी परीक्षा कक्षों में तीसरी आंख से निगरानी की गई। डीएम, एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर जायजा लिया।

शुक्रवार को जिले में 18 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस व प्रशासन की कड़ी निगरानी के बीच सिपाही भर्ती परीक्षा शुरू सम्पन्न हुई। पहले दिन की प्रथम व द्वितीय पाली में 4077 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। वहीं 8355 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। प्रत्येक केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट व एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गये। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। परीक्षा केन्द्रों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर भारी पुलिस बल लगाया गया है। जनपद में 18 केंद्रों पर 12432 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई। पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले दिन **प्रथम पाली में** परीक्षा केंद्र बद्री विशाल डिग्री कालेल 480 परीक्षार्थियों में से 315 ने परीक्षा दी। वहीं 165 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 346 ने परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 134 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र क्रिश्चियन इंटर कालेज में **प्रथम पाली** में 240 परीक्षार्थियों में से 140 उपस्थित रहे। वहीं 100 परीक्षार्थी उनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 168 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी। वहीं 72 अनुपस्थित रहे।



परीक्षार्थियों की तलाशी लेती पुलिस — समृद्धि न्यूज



बस में बैठने को लेकर धक्कामुक्की करते परीक्षार्थी

परीक्षा केंद्र दुर्गा नारायन डिग्री कालेज **प्रथम पाली** में 480 परीक्षार्थियों में से 308 ने परीक्षा दी, वहीं 172 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 327 ने परीक्षा दी। वहीं 153 अनुपस्थित रहे। सिटी गर्ल्स इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 240 परीक्षार्थियों में से 176 ने परीक्षा दी। 64 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 155 ने परीक्षा दी। 85 अनुपस्थित रहे। राजकीय इंटर कालेज फर्रुखाबाद **प्रथम पाली** में 240 परीक्षार्थियों में से 167 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 73 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 150 ने परीक्षा दी। 90 अनुपस्थित रहे। राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 384 में से 249 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 135 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 248 ने परीक्षा दी। 136 अनुपस्थित रहे। राजकीय पॉलीटेक्निक बेवर रोड **प्रथम पाली** में 240 परीक्षार्थियों में से 152 ने परीक्षा दी। वहीं 88 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 167 ने परीक्षा दी। 73 अनुपस्थित रहे। जनता राष्ट्रीय इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 240 में से 154 ने परीक्षा दी। 86 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 179 ने परीक्षा दी। 61 अनुपस्थित रहे। रस्तोगी इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 480 में से 320 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 160 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 317 ने परीक्षा दी। 163 अनुपस्थित रहे। कनोडिया गर्ल्स इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 480 में से 308 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 172 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 337 ने परीक्षा दी। 143 अनुपस्थित रहे। महावीर इंटर कालेज खैरबंद **प्रथम पाली** में 384 में से 266 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 118 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 252 ने परीक्षा दी। 132 अनुपस्थित रहे। महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 240 में से 161 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 79 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 157 ने परीक्षा दी। 83 अनुपस्थित रहे। एमआईसी इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 408 में से 272 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 136 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 272 ने परीक्षा दी। 136 अनुपस्थित रहे। एनएकेपी इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 384 में से 249 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 135 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 257 ने परीक्षा दी। 127 अनुपस्थित रहे। नारायन आर्य कन्या पाठशाला पीजी कालेज साहबगंज **प्रथम पाली** में 480 में से 349 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 131 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 335 ने परीक्षा दी। 145 अनुपस्थित रहे। रखा गर्ल्स इंटर कालेज फतेहगढ़ **प्रथम पाली** में 240 में से 156 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 84 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 174 ने परीक्षा दी। 66 अनुपस्थित रहे। स्वामी रामानंद बालिका इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 384 में से 258 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 126 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 261 ने परीक्षा दी। 123 अनुपस्थित रहे। स्वामी रामानंद बालक इंटर कालेज **प्रथम पाली** में 192 में से 126 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 66 अनुपस्थित रहे। **द्वितीय पाली में** 127 ने परीक्षा दी। 65 अनुपस्थित रहे।

## खबरें चलते-चलते

### ससुरालीजनों ने महिला को पीटकर काटे बाल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** बीमार भाई को देखने मायके जाने की जिद करने पर महिला के साथ पति व उसके स्वजनों ने मारपीट कर दी। आरोप है कि ससुरालीजनों ने महिला के बाल काटकर टकला कर दिया। पीड़िता ने माता पिता के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर घर भेज दिया। जनपद गाजीपुर के थाना मांझा के गांव नारीपथ निवासी अंजली का विवाह नौ माह पूर्व अकबरपुर निवासी अमित के साथ हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ही ससुरालीजन दहेज के लिए प्रताड़ित कर मारपीट करने लगे। कुछ दिन पूर्व महिला के भाई की तबियत बिगड़ गयी। महिला ने पति से भाई को देखने मायके जाने के लिए कहा। आरोप है कि दो दिन पूर्व ससुरालीजनों ने महिला के साथ मारपीट कर सिर के बाल काटकर टकला कर दिया। दो दिन बाद शुक्रवार दोपहर बेटी के घर पहुंचे माता-पिता ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर घर भेज दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया दोनों पक्ष समझौता कर अपने-अपने घर चले गए।

### फाइलेरिया की दवा खाते की बच्चे की हालत बिगड़ी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** फाइलेरिया की दवा व कीड़ों की दवा पीने से बच्चे की हालत बिगड़ गयी। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की तरफ से पहुंची टीम ने रानीपुर के खजुरिया नगला प्राइमरी स्कूल में फाइलेरिया तथा कीड़ों की बच्चों को दवाई पिलायी गयी। दवा पीने वाले बच्चों की संख्या 62 रही, लेकिन दवाई पीने के बाद एक बच्चे मानव पुत्र दीपक की हालत बिगड़ गयी। बच्चे के घरवालों ने बताया कि जैसे ही मेरे बच्चे मानव ने दवाई खायी, वैसे ही उसे उल्टी आई तथा उसके पेट में दर्द होने लगा। उसके हाथ पैर सब ठंडे हो गए और वह बेहोश हो गया। बेहोशी की हालत में उसे कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। बच्चे की मां सलोनी देवी ने बताया कि आशा मीनू देवी ने सभी बच्चों को दवा पिलाई थी।

### समझौता के नाम पर पैसा न देने पर पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव इजौर निवासी मोहित कुमार उम्र 26 वर्षीय पुत्र रामसरन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि बीते दिन गाली-गलौज को लेकर गांव के ही मकरन्द, करन, मलती पत्नी मकरन्द, मनीषा, निशा ने उसे लाठी-डन्डों से मार पीटकर घायल कर दिया था। उसने पुलिस से शिकायत की थी। ग्राम प्रधान प्रभाकर ने दोनों में समझौता कराने के उद्देश्य से अपने घर बुलाया। जहां उपरोक्त लोग मुझसे समझौते के नाम पर पैसा मांगने लगे। पैसा न देने पर उपरोक्त लोगों ने एक राय होकर मुझे मारपीट कर घायल कर दिया। घायलावस्था में मोहित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

### अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में चार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग जगहों पर मार्ग दुर्घटना में चार लोग घायल हो गये। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला जटवारा निवासी रुकसार (50) वर्ष तथा कोतवाली क्षेत्र मे गांव गंडुआ निवासी ब्रजलाल (62) वर्षीय कोतवाली क्षेत्र के गाँव सिकंदरपुर कोला निवासी दीपचंद (38) वर्ष व थाना शमसाबाद क्षेत्र के गांव दनियापुर निवासी दीपचंद मार्ग दुर्घटना मे घायल हो गये। सभी घायलो को आसपास के लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों लोगों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

- कक्ष निरीक्षकों व केंद्र व्यवस्थापकों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी व** पुलिस अधीक्षक ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर कक्ष निरीक्षकों व केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों क्रिश्चियन इंटर कालेज, बद्री विशाल डिग्री कालेज, महावीर इंटर कॉलेज नगला खैरबंद, डी.एन. डिग्री कालेज, जी0आई0सी0 फतेहगढ़ का निरीक्षण कर परीक्षा का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कक्ष निरीक्षकों व केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने केंद्र के बाहर तैनात पुलिसकर्मियों से कहा कि वह पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी डियूटी का निर्वाहन करें। लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं की जायेगी। परीक्षा केंद्रों के बाहर भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। सभी परीक्षार्थियों को सघन तलाशी के बाद ही परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश करने दिया गया।



बद्री विशाल परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम व एसपी

## मथुरा से आयी टीम ने एक लंगूरी बंदर को पकड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चार लंगूरी बंदर नगरवासियों के लिए मुसीबत बन गये हैं। आज एक बंदर को नगर पालिका की टीम ने पकड़ लिया, जबकि तीन को टीम तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला सलावत खां में 18 अगस्त को चार लगूंरी बंदर लोगों को नजर आये। जो लोगों के लिए कौतूहल का विषय बन गये। इनमें से एक बंदर ने करीब आधा दर्जन लोगों को काटकर लहूलुहान कर दिया। जिससे लोग परेशान हो गये और मामले की शिकायत पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल से की। जिस पर पालिकाध्यक्ष के निर्देश पर मथुरा से ठेकेदार चाँद मोहम्मद की टीम बंदरों को पकड़ने के लिए बुलायी गयी। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने एक लंगूरी बंदर को पिंजरे में कैद कर लिया। वहीं चाँद मोहम्मद ने बताया कि शीघ्र ही अन्य तीन बंदरों को भी पकड़ लिया जायेगा। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि बंदरों को पकड़ने का अभियान जारी रहेगा।



दीवार पर बैठे लंगूरी बंदर

## शोहदे से परेशान पीड़ित युवती ने पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित युवती ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह गंगा देवी इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा है। मुझे देखते ही इमलियाहार निवासी बबलू पुत्र राकेश अश्लील बातें करता है। शुक्रवार सुबह 9.00 बजे मैं अपने स्कूल जा रही थी, तभी सुभाष नगर विद्युत सब स्टेशन के पास बबलू ने मुझे देखा और अश्लील बातें करने लगा। पीड़िता ने परेशान होकर पुलिस को शिकायती पत्र दिया। पुलिस ने कहा मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। बताते चले कि पीड़िता के परिजनों ने सवा साल पहले उपरोक्त बबलू के खिलाफ धारा-363, 366, 506 आई.पी.सी. के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत करवाया था। जिसके लगभग एक सवा महीने बाद पुलिस ने गुड़गांव से लड़की को बरामद किया था। उसके पश्चात भी उपरोक्त लड़का आए दिन पुत्री को फोन कर परेशान करता है।

## बदमाशों ने कांवड़ियों से लूटी मोटर साइकिल, नकदी व मोबाइल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाइक सवार कांवड़ियों को मारपीट कर बदमाश बाइक, मोबाइल तथा एक हजार रुपये की नकदी लूट ले गये। पीड़ितों ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम बलालपुर थाना बिछवां जिला मैनपुरी निवासी सतेन्द्र पुत्र अहिवरन 18 अगस्त को अपने साथी अनिल पुत्र जागेश्वर मोटर साइकिल हीरो स्प्लेंडर संख्या यू0पी084जेड9044 से कायमगंज-फर्रुखाबाद रोड से गंगा तट फर्रुखाबाद गंगाजल लेने जा रहा था। इसी दौरान वारिश होने लगी। भींगने से बचने के लिए पीड़ित जगह तलाश रहा था। जब वह मोटर साइकिल से धमगमा से लगभग 100 मीटर दूरी पर पहुंचा, तभी दो अज्ञात लोगों ने मोटर साइकिल के आगे लाठी लगाकर रोका। रुकने पर पीड़ित व उसके साथी के साथ मारपीट करने लगे। मारते पीटते समय उनके दो साथी और आ गये। उपरोक्त लोग मारपीट कर मोटर साइकिल व पीड़ित का मोबाइल भी ले गये। जिसमें पड़ी सिम नंबर 8512813912 दोनों के पास लगभग एक हजार रुपये थे वह भी ले लिये। पीड़ित का ड्राइविंग लाइसेंस, पेटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड भी ले गये। पीड़ित ने थाना शमशाबाद में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की।



घटना की जानकारी देता पीड़ित

### एक वर्ष पूर्व हुई मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** खेत जोत लेने को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने एक वर्ष बाद मुकदमा पंजीकृत किया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम मदनपुर कस्बा निवासी अमित दुबे ने अपने गाँव के ही राजेश दुबे, ब्रजेश दुबे, अंकित दुबे और आनंद दुबे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि दिनांक 25.7.2023 की दोपहर 3 बजे आरोपियों ने मेरा खेत जुतवा लिया था। जब मैंने उन लोगो से शिकायत की, तो सभी ने मिलकर हमे लात-घूसों से मारापीटा। एक वर्ष बाद रिपोर्ट दर्ज करने के पीछे लोग कयास लगा रहे है कि आजकल थाने मे यह सब होना आमबात है।

## ग्रामीण बच्चों को शिक्षित बनाना मेरा कर्तव्य: संतोष कुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का सपना था, कि देश का हर व्यक्ति शिक्षित हो। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया और अपने जन्मदिन को शिक्षकों के लिए समर्पित करते हुए शिक्षक दिवस रखा, तब से अब तक हर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। समृद्धि न्यूज के विशेष विशलेषण समाचार के अंक में शिक्षा की प्रहरी बने किसान

**शिक्षा के प्रहरी**

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंदन गनेशपुर जहागंज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने बताया कि प्रारम्भिक शिक्षा के दौरान थोड़ा संघर्ष किया। पिता जी का पूरा सहयोग मिला और मैं आगे बढ़ता गया और मंजिल हासिल की। मेरे पिता ओमप्रकाश जूनियर हाईस्कूल में प्रधानाध्यापक थे। उनकी प्रेरणा से मैं आगे बढ़ा। हाईस्कूल की शिक्षा 1985 में जनता इंटर कालेज नवाबगंज से प्राप्त की। 1987 में इसी विद्यालय से इंटर किया। बीए डीएन कालेज फतेहगढ़ से 1991 में किया। एमए की पढ़ाई बद्री विशाल महाविद्यालय से 1993 में पूर्ण की। उसके बाद बीएड करने के बाद अध्यापक बना। किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वर्तमान में बच्चों को शिक्षा दे रहा हूं। कक्षा 1 से लेकर कक्षा 10 तक की शिक्षा विद्यालय में उपलब्ध है। प्रबंधक डा0 भूदेव राजपूत के मार्गदर्शन से विद्यालय फल फूल रहा है। उनका राजनैतिक कार्य भी मुझे पसंद है क्योंकि वह सरल स्वभाव के व्यक्ति होने के साथ-साथ हर किसी की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते है। विद्यालय में कमजोर बच्चों को आगे बढ़ाना और आर्थिक रुप से उनका सहयोग करना। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे किसी से कम नहीं है क्योंकि उनके पास पढ़ने की क्षमता होती है पर उन्हे प्रेरित करने की आवश्यकता है। जिसे मैं पूर्ण रुप से अपना दायित्व समझकर निभाता हूं। बच्चों को समाज के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति प्रेरित करता हूं। जो आगे चलकर देश के लिए कार्य कर सकें। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद आदि में भी बच्चों का योगदान रहता है। खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। गांव के बच्चों में प्रतिभा छिपी होती है। विद्यालय स्तर पर पर्यावरण, स्वच्छता, संचारी रोग, स्कूल चलो अभियान, जल संचयन, एवं विभिन्न गोष्ठियों के माध्यम से बच्चों को समय-समय पर जागरुक करता हूं। मेरी पत्नी शोभा कुमारी शिक्षिका है जो कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय पंतौजा जहानगंज में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका है। 2 बच्चे है, बड़ा बेटा इंजीनियर है। दूसरा बेटा यूपीएससी की तैयारी कर रहा है। समाजिक कार्यों में समय-समय पर अपना योगदान देता हूं। संत गाडगे महाराज, स्वामी विवेकानंद व बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के कार्यों में रुचि रखता हूं और उनकी किताबे पढ़कर गौरवांवित महसूस करता हूं।

नाम- संतोष कुमार
पद- प्रधानाचार्य, किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंदन गनेशपुर जहानगंज
पिता- ओमप्रकाश, पूर्व प्रधानाध्यापक
योग्यता- एमए, बीएड
प्रेरण श्रोत- मेरे पिता ओमप्रकाश
हावी- बच्चों को पढ़ाना
तैनाती- किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंदन गनेशपुर, जहानगंज
सम्मान- जिला स्तर पर सम्मान व समाज द्वारा सम्मानित
उद्देश्य- छात्रों पर अनुशासन रखना व उनकी प्रतिभा निखारना
कार्य- गरीब बच्चों की मदद करना आदि



**संतोष कुमार**
**प्रधानाचार्य**
**किसान उ0मा0 विद्यालय, कुंदन गनेशपुर, जहानगंज**



एक कार्यक्रम में सम्मानित होते प्रधानाध्यापक संतोष कुमार

**हॉवी- बच्चों को पढ़ाना व क्रिकेट देखना**

शिक्षक दिवस के पूर्व समृद्धि न्यूज समाचार पत्र में शिक्षकों का निःशुल्क शिक्षा के प्रहरी साक्षात्कार विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है।

## बायो स्टेट इंडिया ने जेएस इंटर कालेज के मेधावियों को किया सम्मानित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**जेएस इंटर** कॉलेज में कृषि संस्था द्वारा कक्षा 10 के मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप देकर सम्मानित किया गया। वहीं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित बाबू सिंह यादव दद्दूजी के संस्थान जेएस इंटर कॉलेज के प्रांगण में कृषि जगत की अग्रणी कंपनी बायो स्टेट इंडिया के द्वारा जेएस इंटर कॉलेज के कक्षा 10 के मेधावी छात्रों को 2500-2500 की स्कॉलरशिप देकर सम्मानित किया गया। जिसमें सभी शिक्षकों तथा बायो स्टेट कंपनी के द्वारा आए अधिकारियों ने छात्रों के स्कॉलरशिप देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं। वहीं बायो स्टेट कंपनी के कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा बच्चों के अभिभावकों को भी कृषि से संबंधित बैग तथा अन्य उपकरण देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रदीप यादव टीटू ने बताया की कृषि जगत की अग्रणी कंपनी बायो स्टेट के लोगों ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया है। इसके लिए वह कंपनी के कर्मचारियों व अधिकारियों के भूरि-भूरि प्रशंसा करते हैं। कंपनी के लोगों ने बताया कि अगले वित्तीय वर्ष में फिर ऐसे ही स्कॉलरशिप देकर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। **संस्थान** के मैनेजर गुरमीत सिंह ने बताया कि भारत की कृषि जगत की अग्रसर कंपनी बायो स्टेट प्रगति की ओर निहित है। ग्रामीण अंचल क्षेत्र में हर बच्चे का सपना होता है कि वह पढ़ लिखकर आगे बढ़े और अपने भविष्य को संभाले, लेकिन कभी-कभी ग्रामीण अंचल क्षेत्र में मेधावी छात्र भी आर्थिक समस्याओं के कारण आगे नहीं बढ़ पाते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए कई वर्षों से कृषि प्रगति बायो स्टेट कंपनी मेधावी छात्र-छात्राओं को लगातार स्कॉलर सिर्फ देकर सम्मानित कर रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष जेएस इंटर कॉलेज का चयन किया गया था तथा आज चयन प्रक्रिया कराकर छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप देकर सम्मानित कर कंपनी ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप यादव टीटू ने भी किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रदीप यादव टीटू, कंपनी के अधिकारी राहुल यादव तथा समस्त अध्यापकगणतथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान सम्मानित बच्चे व कंपनी के लोग व कॉलेज के प्रधानाचार्य आदि — समृद्धि न्यूज

# अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अमर शहीद** ठाकुर गुलाब सिंह लोधी बलिदान दिवस का आयोजन कमालगंज स्थित अध्यापक अनिल राजपूत के आवास पर हुआ। अध्यक्षता रामसरन राजपूत व संचालन नित्यप्रकाश वर्मा ने किया। अखिल भारतीय लोधी लोधा महासभा के प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा ने अमर शहीद ठाकुर गुलाब सिंह लोधी के बलिदान पर प्रकाश डालने के साथ-साथ अन्य समाज के अन्य बलिदानियों के साहस व पराक्रम की जानकारियां दी गई। उन्होंने सभी लोगों से मनमुटाव को छोड़कर एकजुटता बनाए रखने के लिए आग्रह किया। जिला सह प्रभारी अजय राजपूत फौजी ने कहा कि हम लोग आपसी लड़ाई झगडे बैरभाव छोड़कर आपस में प्रेम-भाव से रहना सीखें और बंथलशाहपुर की घटना के बाद हम लोग तत्परता से न्याय दिलाने के लिए लगा हूं। भाजपा नेता धर्मेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि शोषण अन्याय के विरुद्ध हम सभी लोग समूह में एकत्र होकर अधिकारियों से बात करें, तभी सफलता मिलेगी। विक्रांत सिंह राना सरकार ने शराब बंदी के लिए सभी से आग्रह किया। मीडिया प्रभारी व महामंत्री अरविन्द राजपूत ने वीरांगना रानी अबंतीवाई लोधी की जयंती 16 अगस्त को बड़े ही धूमधाम से दीवाली की भांति मनाने की परंपरा शुरू करने का अनुरोध किया। जिलाध्यक्ष महेशचंद्र राजपूत ने कहा कि बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें और हम सभी लोग एकजुट होकर रहें व जहां पर अन्याय हो रहा हो डटकर मुकाबला करों। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष संध्या राजपूत ने कहा कि लोधी महासभा के कार्यक्रमों में महिलाओं को शामिल होना चाहिए। अगले होने वाले कार्यक्रमों में अपने घरों से महिलाओं को अवश्य भेजें। इस अवसर पर केशव राजपूत, तुलाराम राजपूत, रामनिवास, अमर सिंह राजपूत, वीरू राजपूत, राजेंद्र सिंह राजपूत, सतीश राजपूत, सौदान सिंह राजपूत, मुन्ना लाल राजपूत, राम शंकर राजपूत, गीता राजपूत, वीरपाल सिंह राजपूत, शिवराम सिंह राजपूत, राकेश सिंह राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।



गुलाब सिंह लोधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते जिलाध्यक्ष

# नेशनल स्पेस-डे पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**प्राथमिक** विद्यालय मदारपुर में नेशनल स्पेस-डे के अवसर पर कला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। पिछले वर्ष 23 अगस्त को भारत ने चंद्रमा पर चंद्रयान भेजकर विश्व में तहलका मचा दिया था। मिशन की सफलता को लेकर बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने के लिए राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने के आदेश शासन ने दिए थे। जिसके तहत प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्कूली बच्चों ने उत्साह के साथ कला प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त चांदनी, रीतिका, रितिक, राधिका, तान्या, जानवी, अंश, अनामिका, चांदनी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य राजकिशोर शुक्ल ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने चन्द्रयान-3 की सफलता के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया और कहा कि इसी तरह बच्चे मेहनत से पढ़ाई करें। कोई वैज्ञानिक, कोई डाक्टर, कोई आईपीएस व आईएस बनकर जिले का नाम रोशन करें।



प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे — समृद्धि न्यूज

# समाजवादी लोहिया वाहिनी द्वारा चलाया गया सदस्यता अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष/पीडीए के शिल्पकार अखिलेश यादव के निर्देशानुसार व प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की स्वीकृति से समाजवादी राष्ट्रीय छात्र सभा के नेतृत्व में विधानसभा अमृतपुर के मोहम्मदाबाद के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हार्डवेयर एंड सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी कंप्यूटर एवं शास्त्रीनगर राजेन्द्र ई रिक्शा एजेंसी आदि कार्यक्रमों में जाकर छात्र, नौजवान, पीडीए जागरूकता अभियान के तहत सपा छात्रसभा के राष्ट्रीय सचिव व जनपद प्रभारी सुमित कन्हैया के द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र नौजवानों के साथ हुए संवाद में पुलिस भर्ती एवं नीट पेपर लीक, फीस वृद्धि सहित अग्निवीर योजना जैसे मुद्दों को प्रमुख रूप से नौजवानों के समक्ष रखा गया। जिससे प्रभावित होकर दर्जनों छात्र-नौजवानों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसके साथ ही कार्यक्रम के आयोजक समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव और उनकी पूरी महानगर, जिला व विधानसभा कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण मौजूद रहे। इस अवसर पर मनोज यादव, अभिषेक यादव, संदीप यादव, रोहित यादव, अमित कठेरिया, रोहित शाक्य, धर्मेन्द्र यादव, अमन चतुर्वेदी, अभय यादव, मोनू यादव, विनय सिंह, अंकित यादव, अजीत सिंह, देवेश सिंह, अमित पाठक, मुकेश कुमार, संजीव कुमार, आयुष यादव, अखिलेश कुमार, मोहित यादव, रामकृपाल, रामकुमार यादव, हरिओम, शिवम, अखिलेश यादव, अनुपम, सुरजीत कुमार आदि उपस्थित रहे।


सदस्यता अभियान चलाते लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

# आरपी इंटर कालेज में मनाया गया अंतरिक्ष दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आरपी इंटर कॉलेज कमालगंज में प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी थीम चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना, भारत की अंतरिक्ष गाथा है। पिछले वर्ष आज ही के दिन चन्द्रयान-3 ने मिशन पूर्ण किया था। जिसके एक वर्ष पूर्ण होने पर अंतरिक्ष दिवस का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य कैप्टन बलविंदर सिंह की देखरेख में विद्यालय में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओ को चंद्रयान मिशन के अवतरण के बारे मे बताया तथा इसरो के विभिन्न कार्यो के बारे मे जानकारी दी। इस दौरान कुलदीप कुमार, पुरुषोत्तम देव उपाध्याय, देवेश सिंह राजपूत आदि शिक्षक उपस्थित रहे।


प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे

## खबरें एक नजर में

### पास्को एक्ट का आरोपी दोषमुक्त, झूठा मुकदमा लिखवाने वाले वादी पर कार्यवाही के आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पाक्सो एक्ट के मामले में विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट/अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार ने अभियुक्त संजीव कुमार उर्फ संदीप को दोष मुक्त कर दिया। साथ ही फर्जी मुकदमा लिखवाने वाले वादी के विरूद्ध धारा 22 पास्को अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही के आदेश दिए है। थाना राजेपुर के ग्राम राई निवासी जागेश्वर पुत्र नन्हू ने 22 जून 2022 को मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दर्शाया था कि 18 जून 2022 को दोपहर के समय कमालुद्दीनपुर में सब्जी बेंचने गया था। पत्नी मंदबुद्धि होने के चलते मैं घर की देखभाल करता हूं। मेरी 14वर्षीय पुत्री है। मेरे पड़ोसी की मंजू पत्नी रामलखन मेरे घर के बाहर बैठ गयी और मेरी पुत्री को अपने घर से सुई लेने भेज दिया। वहां पर उसके घर में पहले से मौजूद संदीप पुत्र कैलाश ने दबोच कर उसके साथ बलात्कार किया। पुत्री जब छूटकर घर पहुंची और ताई को सारी घटना बतायी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 376,120बी व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। न्यायालय में वादी द्वारा दिये गये साक्ष्य घटना के परिप्रेक्ष्य में विश्वसनीय साबित नहीं हुए। जिस पर विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट/अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार ने अभियुक्त संजीव कुमार उर्फ संदीप को दोष मुक्त किया। साथ ही फर्जी मुकदमा लिखवाने वाले वादी के विरूद्ध धारा 22 पास्को अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही के आदेश दिए है।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति पर चयन समिति का संगठन ने जताया आभार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ शाखा के अध्यक्ष ऋषि यादव ने बताया कि जिला जज विनय कुमार द्वारा जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद में कार्यरत विजय कुमार, भूप सिंह, नर सिंह यादव, राजीव कुमार बाथम, अशोक कुमार राजपूत, अमित सक्सेना, मुहम्मद रईस, शराफत उल्ला, गीता सुधाकर, रोहित सक्सेना, मनोज यादव, गजरान सिंह, योगेन्द्र कुमार, नरेश पाल, मुकेश कुमार, शगुन शर्मा को चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में कनिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई। इस पर समस्त न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा सभी को बधाई दी गई। इस अवसर पर दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ की तरफ से जिला जज एवं चयन समिति व पदोन्नति समिति से संबंधित समस्त न्यायिक अधिकारीगण का आभार प्रकट किया।

### आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 28 अगस्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद लखनऊ के निर्देशानुसार निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2024-25 एक वर्षीय, सत्र द्वितीय वर्ष 2024-26 के प्रवेश चयन के प्रथम चरण का आवंटन घोषित कर दिया गया है। प्रवेश लेने हेतु अभ्यर्थी बेवसाइड पर देखे। अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ 28 अगस्त तक प्रवेश ले सकते है।

# वाल्मीकि समाज के कब्रिस्तान पर अल्पसंख्यकों ने किया कब्जा

**▸ शव को दफनाने के लिए पीड़ितों ने लगाई पुलिस से गुहार**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

थाना क्षेत्र के ग्राम भड़ौसा निवासी रमेश चंद्र के पुत्र श्याम सुंदर का मथुरा में दो दिन पूर्व एक्सीडेंट हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान दिल्ली में मौत हो गई थी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को कमालगंज के ग्राम भड़ौसा लाया गया। शव दफनाने के लिए गांव में स्थित कब्रिस्तान में ले जाया गया। जहां पर मुस्लिम पक्ष जिसमें जुल्फिकार, बबलू, सलीम, मुस्लिम, अनीश समेत करीब 200 अज्ञात लोगों द्वारा उपरोक्त जगह को अपना बताकर शव को दफनाने का विरोध किया गया। बताते चले इस गांव में हिंदू अल्पसंख्यक हो गया है। कई हिन्दू परिवार पलायन कर गये हैं। कुछ दलित वर्ग के हिंदू यहां पर रहते हैं। इस बात की सूचना क्षेत्रीय विधायक नागेंद्र सिंह राठौड़ एवं थाना अध्यक्ष जहानगंज को दी गयी। सूचना पर सीओ सिटी, एसडीएम सदर एवं थाना अध्यक्ष जहानगंज मौके पर पहुंचे और शव को कड़ी सुरक्षा में कब्रिस्तान में दफन करवाया गया और जगह के विवाद के बारे में कागज लेकर थाने आने को कहा गया।

# जनता भारतीय इ.का. के बच्चों ने चन्द्रयान-3 पर बनाये आकर्षक मॉडल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जनता भारतीय** इंटर कालेज भरखा में प्रधानाचार्य प्रेमपाल सिंह के निर्देशन में अंतरिक्ष दिवस समारोह मनाया गया। अध्यापक महेश पाल सिंह उपकारी, बृजकरन सिंह तथा पूर्णेंद्र कुमार, पंकज ने बच्चों को तैयार किया। छात्र शिवम कक्षा 9 तथा अंजेश कक्षा 11 ने बहुत आकर्षक माडल चंद्रयान-3 के बनाये। इसके अलावा लक्ष्मी, आस्था, प्राची, कुसुम, स्नेहिल, सचिन आदि बच्चों ने सुन्दर पोस्टर तैयार किये। बच्चों ने इसके बारे में विस्तार से भी समझाया। प्रधानाचार्य तथा अध्यापकों ने भी अंतरिक्ष यात्रा तथा 23 अगस्त 2023 के दिन पर चंद्रयान-3 के पहुंचने पर विस्तृत चर्चा की। महेश पाल सिंह उपकारी ने कविता के माध्यम से बताया। उन्होंने अपनी कविता में बोली जय जय हिन्दुस्तान के द्वारा फर्रुखाबाद के इसरो वैज्ञानिक शिवि पटेल का भी जिक्र किया। शिक्षिकाओं शशि कुमारी, नीरज, वीरेंद्र शुक्ल, ज्ञानेश अग्निहोत्री, अनिल कुमार सिंह आदि ने सहयोग किया।


बनाये गये मॉडल को दिखाते बच्चे व मौजूद शिक्षकगण — समृद्धि न्यूज

# पैगंबर पर अभद्र टिप्पणी को लेकर मुस्लिम समुदाय ने जताया विरोध

**▸ राष्ट्रपति एवं गृहमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा**

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**

संत रामगिरी महाराज द्वारा पैगंबर हजरत मोह मद साहब के चरित्र पर अभद्र टिप्पणी का आरोप लगाते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने राष्ट्रपति एवं गृहमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। जिसके माध्यम से उन्होंने कार्रवाई की मांग की है।

जमीअत उलमा के तत्वावधान में मुस्लिम समुदाय के अशफाक राईन, उवैश अहमद, मोह मद जुबैर, अनवर शफीक, नूरूल इस्लाम, हामिद खां, मोह मद जैद, जफर, शारूख, अनस, असद, मुबारिक, ओसामा, मोह मद रईस, शकील, अरबाज, बशीर, अयाज, सलाहउद्दीन आदि ने जुमा की नमाज के बाद मरकज जामा मस्जिद पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एवं गृहमंत्री अमित शाह को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अतुल कुमार को सौंपकर बताया कि भारत सदियों से अपनी धर्म निरपेक्षता के लिए सारे विश्व में जाना जाता रहा है। सभी धर्मावलंबी यहां मिलजुल कर रहते है। फिर भी कुछ लोग समाज में द्वेष भावना फैलाते रहते हैं। ऐसे लोग किसी भी धर्म अथवा जाति से हों उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। ताकि माहौल शांतिपूर्ण बना रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि संत रामगिरी महाराज ने पैगंबर हजरत मोह मद साहब के चरित्र पर अभद्र टिप्पणी कर हुजूर पाक की शान में गुस्ताखी की है। जिससे मुस्लिम समाज की भावनाओं को आघात पहुंचा है। ऐसे में अभद्र टिप्पणी करने वाले संत के खिलाफ अचित कानूनी कार्रवाई की जाए। जिससे देश में माहौल खराब ना हो और भाईचारा बना रहे। उधर, कोलकाता में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले में भी दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई। साथ ही ऐसी घटनाओं के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से त्वरित न्याय की व्यवस्था कर दोषियों को फांसी दिए जाने की मांग की गई। इस मौके पर रफीक, सईद, तनवीर, मुफीस, शौकत, दानिश, आमिर, सिराज, इसरार, आरिफ उमर, सोएब, मुकीम, वहीद, रिजवान, असद आदि मौजूद रहे।



### गाली-गलौज का विरोध करने पर बच्चे को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने नाबालिग बच्चे को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव बहवलपुर निवासी अकरम ने पुलिस को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसका 13 वर्षीय पुत्र अरबाज शुक्रवार को गुल्ली डन्डा खेल रहा था, तभी गाँव के रमजानी, फैजुल, जैमीर ने आते ही उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त दबंगों ने नाबालिग बच्चे को लाठी-डन्डों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# कांग्रेस नेताओं ने लखनऊ पहुंचकर ईडी का किया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कांग्रेस कमेटी** के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार प्रदेश महासचिव प्रकाश प्रधान व प्रदेश सचिव अनूप वर्मा एवं सिविक सोशल आउटरिच विभाग के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम पाण्डेय के साथ जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने लखनऊ पहुंचकर मुलाकात की। जनपद से जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी, कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा हनी ने प्रतिभाग किया। प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक लेते हुए सभी जिलाध्यक्षों को निर्देशित किया कि संगठन को मजबूत करें और आगामी विधानसभा के उपचुनाव में गठबंधन प्रत्याशी को जिताने का काम करें। बैठक में प्रकाश प्रधान सहित जनपद के अन्य नेताओं ने भी उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष से एकांत में वार्ता की। साथ ही कार्यकर्ताओं ने लखनऊ पहुंचकर ईडी का विरोध किया।


प्रदेश अध्यक्ष के साथ जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी

# गोरखपुर में जोनल नाट्य अस्तित्व सवाल का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गोरखपुर के** रेलवे प्रेक्षागृह में राजभाषा विभाग द्वारा संचालित जोनल नाट्य प्रतियोगिता में इज्जतनगर मण्डल की नाट्य टीम रेल रंगमंच अस्तित्व सवाल का प्रदर्शन किया। फतेहगढ़ कार्यालय से किरन कुमारी कश्यप ने प्रतिभाग किया। साथ ही मुख्य भूमिका निभाने वाले विजय चौहान एवं अजय ठाकुर सूत्रधार रहे। पर्यावरण की समस्याओं पर आधारित नाटक किरन कुमारी कश्यप ने प्रस्तुत किया। उनके साथ विकास चौहान, अजय ठाकुर ने रुपांतर किया। स्नेहा, ज्योति शुक्ला, राकेश कुमार, विवेक कुमार, विकास कुमार, शिव सिंह ने अपनी भूमिका निभाई। नाट्य प्रतियोगिता कार्यक्रम का उद्घाटन महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल हिंदी को प्रोत्साहित करते है वरन् भारतीय सांस्कृति की छटा भी बिखेरतेहैं। वहीं उप महाप्रबंधक डीके सिंह ने इज़्ज़तनगर मण्डल के कलाकारों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि सभी ने बेहतर संकल्पना पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया और सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व एक दशक के अंतराल के बाद हुआ है जो एक गौरव की बात है। इस अवसर पर रेलवे विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद किरन कुमारी कश्यप व अन्य — समृद्धि न्यूज

### आईटीआई में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**राजकीय** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क द्वारा रोजगार अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में हीरो मोटर कॉप लि0 द्वारा अभ्यार्थियों का चयन किया गया। अप्रेंटिसशिप मेले में 126 अभ्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें आईटीआई के 52 अभ्यार्थियों को अप्रेंटिसशिप हेतु चयन किया गया एवं 34 अभ्यार्थी एफटीई हेतु चयनित किये गये। इस मौके पर कार्यदेशक बृजेश कुमार, प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, अप्रेंटिसशिप प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, अनुदेशक विजेन्द्र सिंह व राजकिशोर महतो आदि लोग मौजूद रहे।

### विश्व फोटोग्राफी दिवस पर कार्यक्रम आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

विश्व फोटोग्राफी दिवस सप्ताह के अंतर्गत मीडिया सेंटर एवं एशियन कंप्यूटर संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गोष्ठी एवं फोटो प्रदर्शनी का आयोजन 24 अगस्त को 11 बजे से एशियन सभागार में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य होंगे। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक अनुराग पाण्डेय रिंकू ने बताया कि एशियन कंप्यूटर सेंटर जोगराज स्ट्रीट में आयोजन होगा।

**कार्यालय ग्रा0पं0 पैथान खुर्द बुजुर्ग वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0**

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 — दिनांक 22/08/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त/ मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पैथान खुर्द बुजुर्ग द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 23/08/2024 से 30/08/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 30/08/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | विजयपाल की गोदाम से प्राथमिक पाठशाला हजरतपुर तक नाला निर्माण कार्य | 343549 | 6870 | 500 |

**नियम व शर्ते–** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (प्रदीप कुमार) — ग्रा0पं0 पैथान खुर्द बुजुर्ग, नवाबगंज — सचिव (बृजनन्दन लाल)

# फूड प्रोसेसिंग में बिहार का टैलेंट अद्भुत : शिवराज

▸ कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के साथ की परिचर्चा

एजेंसी




**पटना (बिहार)।** राजधानी पटना स्थित कृषि भवन में किसानों के साथ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने परिचर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रति मैं आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने किसानों की सेवा का मौका मुझे दिया है। किसानों की सेवा ही मेरे लिए भगवान की पूजा है। हम पूरी कोशिश करेंगे कि हम देश के किसानों का कल्याण कर सकें।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लालकिले से कहा है कि वो तीन गुना तेजी से काम करेंगे। बिहार की सरकार, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और कृषि विभाग को बधाई देना चाहता हूं। लगातार खेती के कल्याण के काम में वो लगे हुए हैं। आज मैंने स्टॉल देखे हैं। मखाना, चावल, शहद, मक्का, चाय सब कुछ अद्भुत है। बिहार के किसानों को प्रणाम करता हूं।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि बड़े जमीन के टुकड़े हमारे पास नहीं हैं, 91 प्रतिशत सीमांत किसान हैं लेकिन फिर भी किसान चमत्कार कर रहे हैं। खेती में आय दोगुना करने का अभियान प्रधानमंत्री ने शुरू किया है। छह सूत्र हमारे हैं, किसानों के लिए जिन पर हम काम कर रहे हैं। उत्पादन बढ़ाना, इसके लिए जरूरी है अच्छे बीज। उत्पादन अच्छा है लेकिन और संभावना है। फल, सब्जी, अनाज, दलहन, तिलहन के अच्छे बीज जरूरी हैं। मुझे खुशी है कि 65 फसलों की 109 प्रजातियों के बीज प्रधानमंत्री ने समर्पित किये हैं। ऐसी धान की किस्म है, जिसमें 30 प्रतिशत कम पानी लगता है। बाजरे की एक किस्म है, जिसकी फसल 70 दिन में आ जाती है। ऐसे बीज हैं जो जलवायु के अनुकूल हैं। शिवराज सिंह ने कहा कि बढ़ते तापमान में भी अच्छा उत्पादन देते हैं। मैं आईसीएआर में बात करूंगा, जिससे यहां किसानों को बीज की उपलब्धता हो जाए। उत्पादन की लागत घटाना हमारा दूसरा संकल्प है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को बहुत मदद मिलती है। केसीसी से खाद के लिए सस्ता लोन मिल जाता है। तीसरी चीज है उत्पादन के ठीक दाम मिल जाएं। यहां का मखाना धूम मचा रहा है। मखाना एक्सपोर्ट क्वालिटी का पैदा हो रहा है।

चीजें एक्सपोर्ट होती है तो किसान को लागत का फायदा होता है। इससे जुड़ा कार्यालय बिहार में आये, इसके लिए मैं प्रयास करूंगा। कृषि का विविधीकरण सरकार के रोडमैप में है। परंपरागत फसलों के साथ ही ज्यादा पैसे देने वाली फसलों को बढ़ावा देने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं फूड प्रोसेसिंग की बात भी करना चाहूंगा। बिहार का टैलेंट दुनिया में अद्भुत है। इस टैलेंट का ठीक उपयोग बिहार को भारत का सिरमौर नहीं बनाएगा, भारत को दुनिया का सिरमौर बना देगा। इसे खेती में और कैसे लगा सकते हैं, नए आइडियाज के साथ। केमिकल फर्टिलाइजर का उपयोग आखिर हम कब तक करेंगे। इससे उर्वरक क्षमता भी कम होती है और जो उत्पादन होता है, उनका शरीर पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। आजकल केंचुए गायब हो गए हैं। खाद डालकर उनका समापन ही कर दिया। केंचुआ 50-60 फीट जमीन के नीचे जाता है, ऊपर आता है, इससे जमीन उर्वरक रहती है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्राकृतिक खेती का मिशन शुरू हो रहा है। इससे उत्पादन घटेगा नहीं, बढ़ेगा। मैं अगली बार पूरा समय लेकर आऊंगा। इसके बाद हम खेतों में ही कार्यक्रम करेंगे, प्रैक्टिकल प्रॉबलम भी देखेंगे। किसान के बिना दुनिया नहीं चल सकती है। बाकी चीजें तो फैक्टरी में बन जाएंगी लेकिन गेहूं-चावल कहां से लाओगे? हम सब मिलकर काम करेंगे।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंचीं भारत मंडपम अंतरिक्ष प्रदर्शनी का किया अवलोकन

एजेंसी




**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ भी मौजूद रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई दी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर सभी को बधाई। हम अंतरिक्ष क्षेत्र में अपने देश की उपलब्धियों को बड़े गर्व के साथ याद करते हैं। यह हमारे अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के योगदान की सराहना करने का भी दिन है। हमारी सरकार ने इस क्षेत्र से संबंधित कई भविष्योन्मुखी निर्णय लिए हैं और आने वाले समय में हम और भी निर्णय लेंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस वर्ष 2023 में चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग के एक साल पूरे होने का प्रतीक है। अब भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान परियोजना गगनयान की पहली रोबोट-मानव परीक्षण उड़ान इस साल दिसंबर में होने वाली है। गगनयान परियोजना में तीन सदस्यों के दल को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किलोमीटर की कक्षा में भेजकर मानव अंतरिक्ष यान क्षमता का प्रदर्शन करने और उन्हें भारतीय समुद्र में उतारकर सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने की परिकल्पना की गई है। प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस चंद्रयान-3 मिशन की सफलता की वर्षगांठ है। साल की थीम चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना भारत की अंतरिक्ष गाथा है। प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। इसरो के यू-ट्यूब चैनल के साथ-साथ डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को देखा जा सकता है। बच्चों को शिक्षित करने और अंतरिक्ष के बारे में प्रोत्साहित करने के लिए देशभर के स्कूलों में शैक्षिक कार्यक्रम होंगे।

# रिकॉर्ड तोड़ कमाई के साथ स्त्री-2 साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** इस समय बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा चर्चा स्त्री-2 की हो रही है। बॉलीवुड में इस समय इस फिल्म की धूम देखने को मिल रही है। लगातार आठवें दिन रिकॉर्ड तोड़ कमाई के साथ स्त्री-2 साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। स्त्री-2 ने इस साल रिलीज हुई सभी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। फिल्म ने पहले ही दिन 70 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। स्त्री-2 भारत ही नहीं दुनिया भर में भी धूम मचा रही है। फिल्म ने दूसरे हफ्ते भी दमदार एंट्री की है और आठवें दिन भी रिकॉर्डतोड़ कमाई की है।

स्त्री-2 को पहले दिन से ही दर्शकों का प्यार मिल रहा है। आठवें दिन इस फिल्म ने 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर नया रिकॉर्ड बना लिया है। स्त्री का पहला पार्ट सुपरहिट रहा था। उस वक्त फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 129 करोड़ की कमाई की थी। इसके बाद फिल्म के दूसरे पार्ट स्त्री2 को दर्शकों की सहज प्रतिक्रिया के चलते स्त्री-2 ने आठवें दिन 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है।

ऐसे में देखा जा रहा है कि बॉक्स ऑफिस पर स्त्री 2 की लोकप्रियता के चलते दर्शकों ने अक्षय कुमार की खेल-खेल और जॉन अब्राहम की वेदा से मुंह मोड़ लिया है। अक्षय की खेल-खेल ने 19.5 करोड़ का कलेक्शन किया है, जबकि जॉन की वेदा ने 17 करोड़ का कलेक्शन किया है।कल्कि, डंकी, पठान, जवान और गदर 2 जैसी फिल्मों ने रिलीज के पहले कुछ दिनों में दर्शकों का मनोरंजन किया। हालांकि, स्त्री-2 में हॉरर कॉमेडी ने सभी का ध्यान खींचा है। स्त्री2 ने गदर 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 184 करोड़ की कमाई की। गदर-2 के एक्टर सनी देओल ने स्त्री-2 की पूरी टीम की तारीफ करके सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### भारत ने कतर के समक्ष उठाया गुरुग्रंथ साहिब के स्वरूपों को कब्जे में लेने का मामला

**नई दिल्ली।** भारत ने कतर के समक्ष स्थानीय प्रशासन की ओर से गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूपों को जब्त किए जाने का मुद्दा उठाया है। पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब का एक स्वरूप क़तर के अधिकारियों ने लौटा दिया है और यह आश्वासन दिया गया कि दूसरे स्वरूप को भी सम्मान के साथ रखा जाएगा। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने विदेश मंत्री और कतर में भारतीय राजदूत से इस मुद्देपर हस्तक्षेप की मांग की थी। उनका कहना था कि गुरु ग्रंथ साहिब के दो पवित्र स्वरूपों को दोहा में पुलिस ने जब्त कर लिया है और उन्हें इनकी वापसी सुनिश्चित करनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने मीडिया के सवाल के जवाब में कहा कि सरकार ने पहले ही कतर के साथ इस मामले को उठाया है और हमारे दूतावास ने दोहा में सिख समुदाय को घटनाक्रम से अवगत कराया है।

# सुखोई-30 से गिरी थी इजराइली बैलिस्टिक मिसाइल रैम्पेज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज के पास 21 अगस्त को अनजाने में एयर स्टोर के रिसाव की घटना में इजराइली एयर लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल रैम्पेज भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई-30 से गिरी थी। हालांकि, घटना की जांच के लिए वायु सेना ने आदेश दिए हैं, जिसमें संभवतः उस तकनीकी खराबी की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसके कारण मिसाइल दुर्घटनाग्रस्त हुई। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रोटोकॉल का आकलन भी किया जाएगा।

वायु सेना ने पोखरण फायरिंग रेंज के पास इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा था कि तकनीकी खराबी के कारण एक लड़ाकू विमान से एयर स्टोर का अनजाने में रिसाव हो गया। इस घटना की जांच के लिए आदेश देते हुए वायु सेना ने यह भी कहा था कि इस घटना में जान-माल के किसी नुकसान की खबर नहीं है। वायु सेना की ओर से जांच शुरू करने का त्वरित निर्णय इस घटना की गंभीरता को दर्शाता है। इस घटना की जांच भी शुरू हो गई है, क्योंकि इस तरह के शक्तिशाली हथियार के अनजाने में छोड़े जाने से इन उन्नत हथियारों की विश्वसनीयता और सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में चिंताएं पैदा हो गई हैं। हालांकि, वायु सेना की जांच के बारे में आधिकारिक तौर पर जानकारी नहीं दी गई है लेकिन रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त हुई रैम्पेज एयर लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल थी, जो फ्रंटलाइन मल्टी-रोल फाइटर जेट सुखोई-30 एमकेआई में एयर स्टोर का हिस्सा थी। यह इजराइल में विकसित अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है। रैम्पेज मिसाइल को उच्च लक्ष्यों पर सटीकता से हमला करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# वित्त मंत्री सीतारमण ने उदयपुर में नए जीएसटी भवन का किया उद्घाटन

एजेंसी



**नई दिल्ली/उदयपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अधिकारियों से आग्रह किया कि वे करों के संबंध में जनता और व्यापारिक समुदाय द्वारा उठाई गई शंकाओं और चिंताओं का सक्रियता से समाधान करें, इससे पहले कि वे शिकायतों में बदल जाएं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजस्थान के उदयपुर में नए जीएसटी भवन के उद्घाटन के अवसर पर अपने संबोधन में कर-संबंधी मुद्दों से निपटने में निवारक दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकारी अधिकारियों को समस्याओं को उस स्तर पर हल करने को प्राथमिकता देनी चाहिए, जब वे केवल संदेह के स्तर पर हों, बजाय इसके कि उन्हें पूरी तरह से शिकायतों में तब्दील होने दिया जाए। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के समय से सरकार के मोरेटोरियम और आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) की मदद से छोटे उद्योग संकट से बाहर आ सके हैं। आप अब और आगे बढ़ें और जीएसटी को लेकर आपके मन में कोई संकोच रहना नहीं चाहिए।

हमारी ओर से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि सभी जीएसटी सेंट्रल जोन और आयुक्तालयों के पास उचित भवन, कार्य स्थल तथा सुविधाएं हों, क्योंकि ये वे स्थान हैं, जहां अधिकारी करदाताओं से बातचीत करते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से करदाता की शंकाओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आयुक्तालयों को सूचना साझा करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, क्योंकि इससे शिकायत निवारण में स्वतः कमी आएगी।उन्होंने राजस्थान के उदयपुर में नए जीएसटी भवन का उद्घाटन किया।


### सेबी ने अनिल अंबानी को शेयर बाजार से किया बैन 25 करोड़ का जुर्माना

**मुंबई/नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने फंड की हेराफेरी के मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी को शेयर बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। बाजार नियामक एजेंसी ने अनिल अंबानी पर 25 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसके साथ ही उनके किसी लिस्टेड कंपनी में डायरेक्टर रहने पर भी पाबंदी लगाई गई है। सेबी ने शुक्रवार को उद्योगपति अनिल अंबानी सहित 24 अन्य संस्थाओं पर पूंजी बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। सेबी ने अंबानी पर 25 करोड़ रुपये का जुर्माना के साथ किसी भी लिस्टेड कंपनी में डायरेक्टर पद के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। बाजार नियामक ने जिन लोगों को प्रतिबंधित किया है वे सभी व्यवसायी किसी भी सूचीबद्ध कंपनी से नहीं जुड़ सकेंगे। इसके अलावा बाजार नियामक ने रिलायंस होम फाइनेंस (आरएचएफएल) के पूर्व प्रमुख अधिकारियों समेत 24 अन्य एंटीटीज को बैन किया है। इन सभी पर अलग-अलग जुर्माना लगाया गया है।

# पृथ्वी-2 मिसाइल एक बार फिर बेजोड़ साबित रात्रि परीक्षण में भी साधा सटीक निशाना

▸ सतह से सतह पर 350 किमी. रेंज की मिसाइल में ईंधन वाले दो इंजन लगाए गए

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत ने ओडिशा तट के पास एक रक्षा सुविधा से गुरुवार परमाणु क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइल पृथ्वी-2 का रात्रि परीक्षण किया। डीआरडीओ में विकसित यह मिसाइल 350 किलोमीटर की दूरी तक सटीक मार करने में सक्षम है। पृथ्वी-2 मिसाइल ने सफल परीक्षण में उच्च स्तर की सटीकता के साथ लक्ष्य को भेदकर फिर एक बार अपनी उपयोगिता साबित की।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार पृथ्वी-2 मिसाइल का रात्रि परीक्षण प्रक्षेपण एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर, ओडिशा से शाम को लगभग 07.46 बजे किया गया। परमाणु संपन्न कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल ने सफल परीक्षण में उच्च स्तर की सटीकता के साथ लक्ष्य को भेदकर फिर एक बार अपनी उपयोगिता साबित की। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने सभी तय परिचालन और तकनीकी मानकों को पूरा किया। मिसाइल का परीक्षण एक नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत किया गया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पृथ्वी-2 बैलिस्टिक मिसाइल को स्वदेशी तरीके से विकसित किया है। पृथ्वी-2 मिसाइल प्रणाली बेहद कामयाब मानी जाती है और बहुत उच्च स्तर की सटीकता के साथ निर्धारित लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। रात्रि प्रक्षेपण में मिसाइल सभी परिचालन और तकनीकी मानकों पर खरी साबित हुई । अधिकारियों ने कहा कि यह अत्याधुनिक मिसाइल अपने लक्ष्य को भेदने के लिए उन्नत जड़त्वीय मार्गदर्शन प्रणाली का उपयोग करती है। डीआरडीओ के मुताबिक 350 किमी. रेंज तक हमला करने वाली इस मिसाइल को एक मोबाइल लांचर से दागा गया। पृथ्वी-2 मिसाइल की मारक क्षमता 350 किलोमीटर है। यह 500 से 1,000 किलोग्राम भार तक हथियार लेकर जाने में सक्षम है। सतह से सतह पर साढ़े तीन सौ किलोमीटर मार करने वाली इस मिसाइल में तरल और ठोस ईंधन वाले दो इंजन लगाए गए हैं। इसे तरल और ठोस दोनों तरह के ईंधन से संचालित किया जाता है। मिसाइल के प्रक्षेपण पथ पर ट्रैकिंग प्रणाली और टेली मैट्रिक केंद्रों से नजर रखी गई। परीक्षण के मौके पर रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन तथा आईटीआर से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों और वैज्ञानिकों का दल मौके पर मौजूद था। पिछले साल 10 जनवरी को किए गए परीक्षण में भी मिसाइल ने सभी तय परिचालन और तकनीकी मानकों को पूरा किया था। इससे पहले 15 जून, 2022 को किये गए परीक्षण में भी पृथ्वी-2 मिसाइल प्रणाली ने सटीकता के साथ लक्ष्य को भेदकर अपनी उपयोगिता साबित की।

# उत्तराखंड विधानसभा में सात विधेयक पारित

समृद्धि न्यूज



**भराड़ीसैंण।** उत्तराखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन शुक्रवार को सदन में अनुपूरक बजट पारित कर दिया गया है। साथ ही सात विधेयक पारित हुए और दो प्रवर समिति को सौंपे गए। इसके साथ ही विधानसभा सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। तीन दिन में सत्र कुल 18 घंटे 09 मिनट तक चला। कुल 03 अध्यादेश, 09 विधेयक सदन के पटल पर रखे गए।

मानसून सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को 5013.05 करोड़ रुपये से अधिक का अनुपूरक बजट सदन में पेश किया गया था। शुक्रवार को तीसरे दिन बजट पारित कर दिया गया। साथ ही 07 विधेयक भी पास कर दिए गए। उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959) (संशोधन) अध्यादेश, 2024 और राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2023 इन दो विधेयक को प्रवर समिति को भेजा गया है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सत्र समाप्ति के बाद पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि पंचम विधानसभा के द्वितीय सत्र में सदन कुल 18 घंटे 09 मिनट तक संचालित हुआ। 21 अगस्त को 03 घंटे 50 मिनट और 22 अगस्त को 10 घंटे 16 मिनट व आज (23 अगस्त) 04 घंटे 03 मिनट तक सदन की कार्यवाही संचालित हुई। कुल प्राप्त 500 प्रश्नों में 109 प्रश्न उत्तरित हुए, जबकि 29 प्रश्न निरस्त हुए हैं।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आपदा पर चर्चा करते हुए कहा कि राज्य के संवेदनशील स्थान धारचूला, मुनस्यारी कपकोट, चमोली, उत्तरकाशी के भूभाग फाइव जोन में है। इसके अलावा राज्य के अन्य स्थान गुप्तकाशी, गौरीकुंड, नैनीताल के अलावा अन्य स्थानों पर आए दिन आपदा की घटनाएं घटती हैं। विस्थापन नहीं होने से लोगों को खुले आसमान में रहना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अनियोजित विकास और पहाड़ों के कटान से राज्य में आपदाएं बढ़ रही हैं। पहाड़ दरक रहे हैं। जोशीमठ के लिए सरकार का पैकेज कहां गया कुछ पता नहीं चला।

### सरकार आपदा को लेकर गंभीर : प्रेम चंद अग्रवाल

संसदीय कार्यमंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने कहा कि आपदा से निपटने को लेकर सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। विपक्ष अपनी बात रखकर सुनने के मौके पर सदन से बाहर चले गए। केदारघाटी में 13 हजार से अधिक लोगों को रेस्क्यू किया गया। आपदा आते ही सरकार और विभाग ने तुरंत सक्रिय होकर कार्य किया। रात में आपदा आई और सुबह मुख्यमंत्री ने हवाई निरीक्षण किया। केन्द्र से आग्रह पर चिनूक और एमआई–17 सहित 05 हेलीकॉप्टर रेस्क्यू कार्य में लगे। आपदा के लिए 427 करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत की गई। 21 करोड़ 87 लाख मुआवजा राशि वितरित की गई। डबल इंजन सरकार राज्य को पूरा सहयोग कर रही है। उन्होंने विपक्ष के केन्द्र से आपदा के लिए सहयोग राशि बढ़ाने की मांग पर कहा कि इसी माह एसडीआरएफ के रिकवरी और पुनर्निर्माण की दरों को संशोधित किया गया है। इसमें 70 प्रतिशत तक अलग–अलग बढ़ोतरी की गई है।

### कांग्रेस विधायकों ने किया बहिष्कार

कांग्रेस के विधायकों ने सत्र का बहिष्कार कर दिया। कांग्रेस विधायक विधानसभा के बाहर पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस विधायक नियम 58 के तहत सदन में चर्चा की मांग कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने पांच विधायकों को आधा घंटे में अपनी बात रखने को कहा। नियम 58 में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य लगभग 20 मिनट बोले। पर्याप्त समय नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस विधायकों ने सदन का बहिष्कार कर दिया।

# 2026 में होने वाले आईसीसी महिला वनडे चैम्पियनशिप में शामिल होगा जिम्बाब्वे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईसीसी महिला चैंपियनशिप के अगले संस्करण में टीमों की संख्या 10 से बढ़ाकर 11 कर दी गई है, जिसमें जिम्बाब्वे की महिला टीम 2026-29 संस्करण में अन्य पूर्ण सदस्य टीमों के साथ शामिल होगी। आईसीसी ने इस महीने की शुरुआत में संबंधित सदस्य बोर्डों को पुष्टि की थी कि आईसीसी बहु-वर्षीय महिला वनडे प्रतियोगिता, जो आईसीसी महिला विश्व कप के लिए सीधे योग्यता मार्ग के रूप में कार्य करती है, 2022-25 चक्र के लिए आयरलैंड और बांग्लादेश को जोड़ने के बाद फिर से विस्तारित होगी।

महिला चैंपियनशिप को पहली बार 2014 में 8 टीमों की प्रतियोगिता के रूप में पेश किया गया था, जिसमें पहले दो चक्रों के लिए ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्टइंडीज शामिल थे, इस टूर्नामेंट ने 2017 और 2022 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग मार्ग के रूप में काम किया था। प्रतियोगिता के पहले दो संस्करणों में, जिनमें से दोनों ऑस्ट्रेलिया ने जीते थे, आठ टीमों ने 2.5 वर्षों के दौरान अपने प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी के साथ घर पर या बाहर 3-मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेली (हालांकि पाकिस्तान और भारत के बीच मैच नहीं हुए) जिसमें शीर्ष तीन फिनिशर और विश्व कप मेजबान ने सीधे विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। 2022-25 चक्र में प्रतियोगिता का विस्तार दस टीमों तक हुआ, जिसमें आयरलैंड और बांग्लादेश को 9वें और 10वें स्थान पर रखा गया। मौजूदा संस्करण में टीमें घर या बाहर आठ सीरीज़ खेलेंगी, जिसमें शीर्ष पांच फिनिशर और मेजबान भारत 2025 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगे, जबकि शेष चार टीमें 2025 महिला विश्व कप क्वालीफायर में महिला वनडे रैंकिंग तालिका में अगली सर्वश्रेष्ठ रैंक वाली टीमों (वर्तमान में थाईलैंड और स्कॉटलैंड) के खिलाफ़ मुकाबला करेंगी, ताकि शेष दो क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा की जा सके।

## खबरें एक नजर में

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय दौरे पर

**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर रात दस बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल होंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार गृह मंत्री अमित शाह आज रात 10 बजे रायपुर एयरपोर्ट से सीधे वे मेफेयर रिजॉर्ट जाएंगे। 24 अगस्त की सुबह 10:30 बजे महाप्रभु वल्लभाचार्य आश्रम चंपारण का दौरा करेंगे। सुबह 11:30 रायपुर के निजी होटल से इंटर स्टेट को–ऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक लेंगे। इसमें छत्तीसगढ़ और उससे जुड़े सात राज्यों के मुख्य सचिव और डीजीपी से चर्चा करेंगे। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के सुरक्षा एवं विकास संबंधी बैठक में दोपहर 2:30 शामिल होंगे। 25 अगस्त की सुबह 10.30 बजे एनसीबी ऑफिस का उद्घाटन करेंगे। 25 अगस्त की दोपहर 1:30 बजे निजी होटल में सहकारिता के विस्तार संबंधी बैठक में शामिल होंगे। इस दौरान सहकारी संगठनों के कामकाज और विकास पर विचार–विमर्श किया जाएगा। वे रविवार शाम दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### केदार घाटी में मलबे में दबने से चार की मौत

**गुप्तकाशी।** गुरुवार–शुक्रवार की आधी रात को केदार घाटी से एक बार फिर तीर्थयात्रियों और उनके सहायकों पर भारी साबित हुई। केदार घाटी में गुरुवार सुबह से ही रुक रुक कर भारी बरसात हो रही थी। ऐसे में आधी रात करीब 1 बजकर 20 मिनट पर फाटा हैलीपैड के निकट 4 लोगों के अचानक मलबे में दब जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही जिला आपदा प्रबंधन बल की टीम को घटनास्थल पर भेज दिया गया। सुबह होते होते तक चारों लोगों की दु:खद मौत की सूचना मिली। इनके अन्य साथियों के बताये गये विवरण के अनुसार ये सभी लोग नेपाल मूल के निवासी हैं। इनकी पहचान तुल बहादुर, पूरना, किशना परिहार एवं दीपक के रूप में हुई है। चारों मृतकों के शवों को रुद्रप्रयाग लाया गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवार ने बताया कि रात्रि लगभग 1 बजकर 20 मिनट पर अत्यधिक बारिश के कारण फांटा हेलीपैड के समीप खाट गदेरे के पास 4 लोगों की मलबे में दब जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना प्राप्त होते ही घटनास्थल के लिए राहत एवं बचाव कार्य हेतु टीम को भेज दिया गया था। शाम से ही हो रही भारी बरसात के चलते अलकनंदा और मंदाकिनी नदी सहित जनपद में कई जगहों पर गाद गदेरे उफान पर हैं।

### मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रीय इतिहास संग्रहालय का भ्रमण किया

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यहां यूक्रेन के राष्ट्रीय इतिहास संग्रहालय में बच्चों पर मल्टीमीडिया मार्टिरोलॉजिस्ट प्रदर्शनी का भ्रमण कराया। विदेश मंत्रालय के अनुसार श्री मोदी संघर्ष में अपनी जान गंवाने वाले बच्चों की याद में लगाई गई मार्मिक प्रदर्शनी से बहुत प्रभावित हुए। प्रधानमंत्री ने मौजूदा संघर्ष में युवा जिंदगियों की दुखद हानि पर दुख व्यक्त किया और सम्मान के रूप में उनकी स्मृति में एक खिलौना रखा।

### कुलदीप ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए शेन वार्न को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** एक स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव ने हमेशा दिवंगत ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज शेन वॉर्न को अपना आदर्श माना है और पहले भी अपनी गेंदबाजी शैली पर दिवंगत दिग्गज के महत्वपूर्ण प्रभाव के बारे में बात की है। शुक्रवार को भारतीय लेग स्पिनर ने इंस्टाग्राम पर एक दिल को छू लेने वाले संदेश के साथ अपने आदर्श को श्रद्धांजलि दी। कुलदीप ने इंस्टाग्राम पर लिखा, शेन की गेंदबाजी...हमेशा और हमेशा के लिए। अपने करियर के शुरुआती दौर में, कुलदीप एक तेज गेंदबाज के रूप में बड़े हुए और पाकिस्तान के प्रतिष्ठित तेज गेंदबाज वसीम अकरम एक युवा के रूप में उनके आदर्श थे। जब उनके कोच ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न की नकल करने की सलाह दी, तो उन्होंने स्पिन गेंदबाजी करना शुरू कर दिया। आईसीसी रिव्यू के एक पुराने एपिसोड में, कुलदीप ने बताया था कि कैसे वॉर्न पिछले साल अपनी मृत्यु से पहले अक्सर उन्हें स्पिन गेंदबाजी के बारे में सलाह देते थे। अब भी, कुलदीप कुछ अतिरिक्त प्रेरणा पाने के लिए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर के पुराने वीडियो देखते हैं। आईसीसी रिव्यू में कुलदीप के हवाले से कहा गया, ५अगर मुझे कोई संदेह है, तो मैं उनके पुराने एक्शन को देखता हूं। मुझे लगता है कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मैंने उनके साथ कुछ समय बिताया और उनका अच्छा दोस्त रहा।

### एसएमई लिस्टिंग को लेकर एनएसई सख्त

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने अपने एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग के नियमों को और कड़ा कर दिया है। नए नियम के मुताबिक अब एसएमई सेगमेंट में उन्हीं कंपनियों को लिस्टिंग की इजाजत दी जाएगी, जिनके पास एप्लीकेशन करने के पहले के तीन वित्त वर्षों में कम से कम दो वित्त वर्ष के दौरान पॉजिटिव फ्री कैश फ्लो टू इक्विटी (एफसीएफई) होगी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का ये नियम 1 सितंबर से लागू हो जाएगा। एफसीएफई किसी कंपनी द्वारा उत्पन्न की गई वो नकदी होती है, जो कंपनी के सभी कर्जों और पुनर्निवेश (रिइन्वेस्टमेंट) से जुड़े दायित्वों को पूरा करने के बाद कंपनी के शेयर धारकों के बीच भुगतान किए जाने के लिए उपलब्ध होता है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की ओर से जारी किए गए सर्कुलर में कहा गया है कि एफसीएफई का ये अतिरिक्त क्राइटेरिया 1 सितंबर और उसके बाद दाखिल किए जाने वाले सभी ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रोस्पेक्टस (डीआरएचपी) यानी आईपीओ लाने के लिए सेबी की अनुमति प्राप्त करने वाले प्रारंभिक दस्तावेजों पर लागू होगा।

### एक लाख बुजुर्गों को मिली पांच महीने की रुकी पेंशन

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने कहा है कि केंद्र सरकार से लड़कर दिल्ली के एक लाख बुजुर्गों को पांच महीने से रुकी उनकी पेंशन दिलवाई। सुश्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा कल 90 हज़ार बुजुर्गों के खाते में उनके पांच महीने की पेंशन भेजी गई और बची 10 हज़ार पेंशन आज जारी होंगी। उन्होंने कहा कि चाहे दिल्ली के बुजुर्गों के बेटे अरविंद केजरीवाल जेल में हो लेकिन वह बुजुर्गों के हक़ में लड़ना बंद नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्लीवालों के काम नहीं रुकने देगी, जिस तरह भाजपा शासित केंद्र सरकार से लड़कर बुजुर्गों को ये पेंशन दिलवाई है, उसी तरह लड़कर दिल्लीवालों के रुके हुए काम करवायेंगे।

### लीगल-टेक सॉल्यूशंस ने लॉन्च किया लीगल एआई प्लेटफॉर्म



**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** देश में लीगल–टेक सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने के मामले में सबसे आगे है, जिसने आज भारत के पहले लार्ज लैंग्वेज मॉडल के लॉन्च की घोषणा की, जिसे विशेष रूप से लीगल–टेक क्षेत्र के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह्र एआई टूल अपने आप में बेमिसाल है, जो अव्वल दर्जे की सटीकता और विश्वसनीयता के साथ कानूनी मामलों पर रिसर्च में जबरदस्त बदलाव लाने के लिए तैयार है। यह प्लेटफ़ॉर्म हर प्रकार के मुद्दे से संबंधित विशिष्ट निर्णय और सटीक संदर्भ प्रदान करके कानूनी पेशे से जुड़े लोगों की मदद करता है, जिससे बड़े पैमाने पर मौजूद केस दस्तावेज़ों को मैन्युअल तरीके से एक जगह इकट्ठा करने में भारतीय अदालतों को लगने वाले समय में काफी कमी आएगी। फिलहाल भारत की न्यायिक व्यवस्था में 44.9 मिलियन से अधिक मामले लंबित हैं, और Le&legis.ai इसी समस्या के समाधान की पेशकश करता है जो बड़े पैमाने पर बदलाव लाने वाला है। यह प्लेटफ़ॉर्म एडवांस्ड एल्गोरिदम की मदद से कानूनी मामलों पर रिसर्च की प्रक्रिया को गति देता है, जिससे हफ़्तों के काम को कुछ ही सेकंड में पूरा किया जा सकता है।